# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**मंगलवार दोपहर 1.45 बजे उत्तराखंड के धराली में बादल फटा, करीब 25 की मौत, 100 से ज्यादा लापता**

**34 सेकंड में 'गंगा का मायका' कहा जाने वाला धराली गांव गायब, यह गांव गंगोत्री धाम से सिर्फ 7 किलोमीटर दूर**

# जल-प्रलय....ने तोड़ी जिंदगी की 'लय'

**खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए**

**पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री धामी से बात की और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया**

## 16 टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार को दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें अब तक 25 लोगों की मौत हो गई। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी की टीमें बचाव और रेस्क्यू के काम में जुटी हैं। खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए। सिर्फ 34 सेकंड सब कुछ बर्बाद हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही उत्तराखंड पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें मौके पर पहुंच गईं।



### वीडियो में लोग भागो-भागो चिल्लाते हुए जान बचाते दिखे 30 फीट तक मलबा जमा

इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वो लोगों से दूरी होने के बाद भी चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फीट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए।

**हेल्पलाइन नंबर**
01374222126, 01374222722 और 9456556431



### मलबे से घिसटते हुए निकला एक अकेला शख्स

धराली में बादल फटने के बाद आए सैलाब में जिंदा बचे शख्स का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि धराली का एक बाजार क्षेत्र तेज बारिश और मलबे से पूरी तरह भर चुका है। लोग चीखते-चिल्लाते भाग रहे हैं। इसी बीच एक व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बहता चला जा रहा था, लेकिन उसने हार नहीं मानी। वो लगातार खुद को खींचते हुए बाहर लाने की कोशिश करता है। एक समय ऐसा आता है जब लगता है कि वह पूरी तरह बह जाएगा, लेकिन फिर वह किसी तरह से बच निकलता है। लोग इस व्यक्ति को देखकर एयर इंडिया फ्लाइट एआई 171 के इकलौते बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश से तुलना कर रहे हैं। वह भी इसी तरह मौत को चकमा देकर जीवन में दोबारा लौटा था।

### ◆ सेब के बागानों और राजमा की खेती के लिए मशहूर

सेब के बागानों और राजमा की खेती के लिए मशहूर धराली में हर साल हजारों टूरिस्ट जाते हैं। यहां की हरियाली, खीर गंगा नाला, और भागीरथी नदी का संगम पर्यटकों को आकर्षित करता है। सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारे यहां से देखने लायक होते हैं।







### ईडी के समक्ष पेश हुए उद्योगपति अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अंबानी मंगलवार को दिल्ली में ईडी के सामने पेश हुए। रिलायंस ग्रुप की कंपनियों से जुड़े 17,000 करोड़ रुपए के कथित बैंक लोन घोटाले के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने



अंबानी को पूछताछ के लिए बुलाया था। अनिल अंबानी को पिछले हफ्ते समन भेजा गया था। ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। जांच के दायरे में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कम्युनिकेशंस जैसी कंपनियां हैं।

**एनडीए की बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर प्रस्ताव पारित, पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना**

# पीएम मोदी बोले-विपक्ष अपने पैर पर 'पत्थर' मारने में माहिर

**विपक्ष ने संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके बड़ी गलती कर दी इसमें उनकी ही फजीहत हुई**

पीएम मोदी जब इस बैठक में शामिल होने पहुंचे तो एनडीए सांसदों ने हर हर महादेव और भारत माता की जय के नारों के साथ उनका स्वागत किया

**नए सांसदों का प्रधानमंत्री से परिचय कराया गया**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा की राजग संसदीय दल की बैठक संसद भवन के ऑडिटोरियम में हुई। पीएम मोदी जब इस बैठक में शामिल होने पहुंचे तो एनडीए सांसदों ने हर हर महादेव और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पीएम मोदी को एनडीए सांसदों द्वारा सम्मानित किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माला पहनाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर प्रस्ताव पारित हुआ। एनडीए की महिला सांसद अग्रिम पंक्ति में बैठीं। पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। नए सांसदों का प्रधानमंत्री से परिचय कराया गया।

- **पीएम मोदी को एनडीए सांसदों द्वारा सम्मानित किया गया**
- **एनडीए की महिला सांसद अग्रिम पंक्ति में बैठीं**



### सांसद घर-घर तिरंगा अभियान चलाएं

पीएम मोदी ने तिरंगा अभियान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों को घर-घर तिरंगा अभियान मनाने के लिए कहा। इसके साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) और राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (23 अगस्त) भी अपने क्षेत्रों में जाकर मनाने के लिए सांसदों को निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अमित शाह की तारीफ**

**सबसे लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले गृह मंत्री**


प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 5 अगस्त ऐतिहासिक दिन है। इसी दिन अनुच्छेद-370 निरस्त किया गया था। एनडीए सरकार ने संविधान का सही अर्थों में पालन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि अमित शाह अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्री बन गए हैं। वो लालकृष्ण आडवाणी के बाद सबसे लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले गृह मंत्री बन गए हैं। अमित शाह का सफर अभी लंबा है, यह तो बस शुरुआत है।

### भारतीय सेना के साहस को सलाम

एनडीए की संसदीय दल की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। एनडीए संसदीय दल ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के दौरान दिखाए गए भारतीय सेना के साहस को सलाम किया। साथ ही, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति गहरी संवेदना और श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। प्रस्ताव में कहा गया कि एनडीए संसदीय दल हमारे सशस्त्र बलों के साहस और अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया। उनका साहस हमारे राष्ट्र की रक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण को दर्शाता है। हम पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए नागरिकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई धमकी**

# कहा-भारत अच्छा साझेदार नहीं, 24 घंटे में बढ़ाएंगे टैरिफ



**7 अगस्त से लागू होना है बढ़ा हुआ टैरिफ**

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ को लेकर भारत को धमकी दी है। भारत-रूस संबंधों को लेकर भड़के ट्रंप ने कहा कि भारत अब अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा।

भारत पर अगले 24 घंटे में टैरिफ बढ़ाए जाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सबसे अधिक टैरिफ वाला देश है। अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया, जो सात अगस्त से लागू होना है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमारे साथ व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। हमने 25 फीसदी टैरिफ पर समझौता किया था, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटे में इसे काफी हद तक बढ़ा दूंगा, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। वे रूसी युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत के टैरिफ किसी भी देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं।

**विदेश मंत्रालय ने दिया करारा जवाब**

### *रूस के खिलाफ युद्ध कर रहे देश तक उससे व्यापार कर रहे, फिर भारत ही टारगेट क्यों?*

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। रूस से तेल आयात करना भारत की एक मजबूरी है, जो वैश्विक बाजार की स्थिति के कारण है। जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं।*

**वाराणसी में है भगवान राम के नाम का 'राम रमापति बैंक'...रुपए के रूप में यहां पुण्य जमा होता है और कर्ज के नाम पर यहां मिलता है राम का नाम**

# लोन के लिए देना पड़ता है 1,25,000 बार राम-नाम, अभी तक 19 अरब 39 करोड़ 59 लाख 25 हजार से भी ज्यादा राम नामावली जमा

- ***राम रमापति बैंक के 10 फीसदी सदस्य विदेशी***
- ***98 सालों से चल रहे इस बैंक के लाखों खाताधारक***

**अलग खबर**

एजेंसी ⏭ वाराणसी

आपने अभी तक प्राइवेट और सरकारी बैंकों से लोन लिया होगा, वहां से पैसे निकाले होंगे, सारी जमा पूंजी वहीं जमा की होगी, लेकिन कभी भगवान राम से जुड़ा बैंक सुना था? वाराणसी का एक ऐसा बैंक जहां मन के भाव राम नाम को कागज पर उतारा जाता है और फिर उसे जमा कर दिया जाता है। जी हां, 98 सालों से चल रहे इस बैंक के लाखों खाताधारक हैं, लेकिन आज तक इस बैंक में एक भी रुपया जमा नहीं हुआ है। रुपए के रूप में यहां पुण्य जमा होता है और कर्ज के नाम पर यहां मिलता है राम का नाम। इसे राम रमापति का बैंक कहते हैं। ये वाराणसी के त्रिपुरा भैरवी में बना है, जिसे पूरे 98 साल हो चुके हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में पोटलियां हैं, लेकिन उनमें रुपए नहीं हैं।

**इस बैंक में आपको 1,25,000 बार रामनाम 8 महीने 10 दिन में देने होते हैं**




### ऑस्ट्रेलिया व कनाडा से भी हैं सदस्य



राम रमापति बैंक के 10 फीसदी सदस्य विदेशी भी हैं। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दुबई आदि देशों के भी सदस्य यहां आते हैं। इसके अलावा नेपाल, सिंगापुर, इंग्लैंड, अमेरिका आदि देशों से भी लोग यहां के सदस्य हैं।

### राम नाम लिखने के नियम

भरे गए शपथ पत्र के मुताबिक कर्ज लेने वाले श्रद्धालु को 8 महीने 10 दिन तक लगातार 500 रामनाम लिखना पड़ता है, इस तरह 250 दिनों में सवा लाख बार राम नाम लिख पाएंगे। इस दौरान भक्तों को केवल सात्विक भोजन ही करना होता है। मांस-मदिरा का सेवन निषेध होता है, किसी की मृत्यु और बच्चे के जन्म के समय का खाना नहीं खाना होता। झूठा खाना नहीं खाना है। कागज, पेन सबकुछ बैंक की ओर से फ्री ऑफ कॉस्ट दिया जाता है। स्नान करने के बाद ही आपको राम नाम लिखना है।



**उद्योग लगाने के लिए सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेज ) इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में मध्य प्रदेश लगातार अग्रणी रहा है। अपने प्रगतिशील सुधारों और कुशल शासन के लिए पहचाने जाने वाले राज्य को बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 रैंकिंग में 'शीर्ष उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं' में स्थान दिया गया है। यह पहल मध्यप्रदेश की व्यापार के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।**

# निवेशकों की पहली पसंद बनता मध्य प्रदेश, हर सुविधा आसान, बेहतर अधोसंरचना और पारदर्शी प्रक्रिया





### मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है

*मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया है। यह विधेयक 5 विभागों द्वारा प्रशासित 8 राज्य अधिनियमों में 64 प्रावधानों को अपराधमुक्त करता है। इसका उद्देश्य राज्य में जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता को और बढ़ाना है। इसके अलावा अनुपालन बोझ कम करने के लिए विनियमों को सुव्यवस्थित करना:37 विभागों में 2,483 अनुपालनों को कम किया गया। कानूनी सुधार:920 पुराने अधिनियमों को निरस्त किया गया और 67 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जिससे एक सरलीकृत नियामक ढांचा सुनिश्चित किया गया।*

### व्यावसायिक संचालन में होती है सुगमता

उद्योग स्वीकृतियां: मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम 2023 के तहत तीन वर्षों के लिए 22 स्वीकृतियों/ निरीक्षणों से 340 से अधिक उद्योगों को छूट प्रदान की गई। स्वीकृतियों के तहत 30 दिनों के भीतर 11 लाख से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई की गई, '30 दिनों में अपना व्यवसाय शुरू करें' पहल के तहत 20,000 से अधिकआवेदन स्वीकृत माने गए।




### साइबर तहसील

*यह सभी 55 जिलों में कागज रहित, ऑनलाइन भूमि उत्परिवर्तन और रिकॉर्ड सुधार को सक्षम बनाता है।राजस्व केस प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के माध्यम से 18.95 लाख से अधिक मामलों का समाधान करते हुए राजस्व सेवाओं को सुव्यवस्थित करता है।*

### लेबर केस प्रबंधन प्रणाली

*मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने श्रम संबंधी विवादों के समाधान के लिए देश में 'लेबर केस प्रबंधन प्रणाली' लागू की है।*



### समर्पित एकल खिड़की प्रणाली

एक मजबूत एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) संचालित करता है जो 13 विभागों में 54 सेवाएं प्रदान करता है, जिससे निर्बाध अनुमोदन और स्वीकृतियां सुगम होती हैं। यह राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) और इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक (आईआईएलबी) के साथ एकीकृत है, जो राष्ट्रीय ढांचे के साथ संरेखित है और निवेशकों के लिए पहुंच को बढ़ाता है।

### बुनियादी ढांचा योजना के लिए जियो पोर्टल

राज्य का भू-स्थानिक गेटवे पर्यावरण, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के लिए 250 से अधिकजीआईएस परतें, सैटेलाइट इमेजरी और उपकरण प्रदान करता है, जिससे कुशल बुनियादी ढांचा योजना और अंतर विश्लेषण सक्षम होता है।

### क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन (आरआईसी) राज्य की क्षेत्रीय औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, निवेशकों को आकर्षित करते हैं और समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं।



### भूमि आवंटन एवं सुधार

समय अनुकूलन भूमि आवंटन प्रक्रिया की समय सीमा को 59 दिनों से घटाकर 29 दिन कर दिया गया है, आशय पत्र (एलओआई) और आवंटन पत्र (एलओए) जारी करने के लिए एक समझी गई अनुमोदन तंत्र की शुरुआत की गई है।

# जीआईएस-2025 के कारण राजधानी भोपाल बन गई 'ग्लोबल लैंडमार्क'





मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हो रहे निवेशकों का वैश्विक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) शहर को एक खास सौगात देने जा रहा है। भोपाल को दुनिया के नक्शे पर एक नई पहचान देते हुए ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट की मेजबानी के लिए तैयार राष्ट्रीय मानव संग्रहालय अब ग्लोबल लैंडमार्क बनने जा रहा है। दुनिया भर के बड़े-बड़े उद्योगपतियों, बिजनेस लीडर्स, इनवेस्टर्स और एक्सपर्ट्स की अगुवाई से राष्ट्रीय मानव संग्रहालय अपनी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाएगा। विश्व जीआईएस के आयोजन से भारत की मानवीय व सांस्कृतिक विरासत के इस अद्भुत केंद्र से परिचित होगा। भारत की जीवंत परंपराओं को विश्व पटल पर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के माध्यम से पूरे संसार में हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन होगा। यह वैश्विक प्रदर्शन मानव संग्रहालय को एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगा।

शिखर सम्मेलन की मेजबानी से संग्रहालय विश्व को न केवल भारत की विविध विरासत से परिचित कराने जा रहा है बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और परस्पर सहयोग को बढ़ाते हुए पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में निवेश की क्षमता को प्रदर्शित कर रहा है। जीआईएस में भाग लेने वाले निवेशकों को मानव संग्रहालय एक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा और उन्हें विरासत संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के नए अवसरों को तलाशने के लिए प्रेरित करेगा। मानव संग्रहालय मात्र म्युजियम नहीं है, यह कलाओं के आपसी संवाद और मानव सभ्यता के जीवंत इतिहास को प्रदर्शित करता है। यह स्थानीय कारीगरों और कहानीकारों को अपनी विरासत को संरक्षित करने के लिए सशक्त बनाता है।

मानव संग्रहालय 45000 साल पुराने चट्टानी आश्रयों से लेकर आज के आधुनिकतम प्रदर्शनों तक मानव विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की निरंतरता का प्रतीक है। अतीत और वर्तमान का यह सहज मिश्रण अपनेआप में इसे एक अनूठा स्थल बनाता है, जो जीआईएस में आने वाले मेहमानों के मन को लुभाएगा। इस तरह निवेशकों का वैश्विक शिखर सम्मेलन मानव संग्रहालय की वैश्विक उपस्थिति को दर्ज करते हुए इसकी नई अंतर्राष्ट्रीय पहचान को सुनिश्चित करेगा।




### सांस्कृतिक पर्यटन और विरासत का अनोखा केंद्र

मानव संग्रहालय यहां आने वाले मेहमानों के लिए सांस्कृतिक पर्यटन और विरासत का अनोखा केंद्र है। इसकी वैश्विक अपील इसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े वैश्विक आयोजन के लिए आदर्श स्थल बनाती है। यह अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को भारत की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रत्यक्ष अनुभव कराने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।





### विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव प्राप्त

| | |
|---|---|
| ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा | 8,94,301 करोड़ |
| बुनियादी ढांचा | 3,37,329 करोड़ |
| खनन एवं खनिज | 3,25,321 करोड़ |
| रक्षा, विमानन और एयरोस्पेस | 3,01,681 करोड़ |
| पेट्रोकेमिकल्स, रसायन, संबद्ध क्षेत्र | 1,04,158 करोड़ |
| आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स | 78,314 करोड़ |
| पर्यटन एवं आतिथ्य | 68,824 करोड़ |
| कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण | 63,383 करोड़ |
| शिक्षा | 52,294 करोड़ |
| स्वास्थ्य सेवा, फार्मा | 41,986 करोड़ |
| ऑटोमोबाइल क्षेत्र | 41,590 करोड़ |
| इंजीनियरिंग | 26,277 करोड़ |
| कपड़ा एवं परिधान | 21,833 करोड़ |
| लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग | 9,112 करोड़ |
| पैकेजिंग क्षेत्र | 1,697 करोड़ |
| अन्य क्षेत्र | 83,720 करोड़ |

### रणनीति और जिम्मेदारियाँ

#### बुनियादी ढांचा विकास

- एमपीआईडीसी औद्योगिक पार्कों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) और एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप सहित औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है।
- औद्योगिक इकाई के संचालन के लिए बिजली, पानी, सड़कें और कनेक्टिविटी जैसी आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान सुनिश्चित करता है।

#### निवेश संवर्धन

- विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों, सम्मेलनों और रोड शो के माध्यम से मध्यप्रदेश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है।
- संभावित निवेशकों को निवेश प्रक्रिया सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक जानकारी, मार्गदर्शन और सुविधाएं प्रदान करता है।

#### भूमि आवंटन और प्रबंधन

- व्यवसायों के लिए औद्योगिक भूमि के आवंटन का प्रबंधन करता है।पारदर्शी और कुशल भूमि आवंटन प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करता है।
- औद्योगिक परियोजनाओं को आकर्षित करने के लिए सरलीकृत प्रक्रियाओं के साथ प्रतिस्पर्धी दरों पर भूमि प्रदान करता है।

#### पॉलिसी एडवोकेसी और कार्यान्वयन

- विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने वाली औद्योगिक नीतियों को बनाने और लागू करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करता है।
- नीति सुधारों की वकालत करता है जो अनुकूल व्यापारिक वातावरण बनाते हैं और उद्योग-विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करते हैं।

#### व्यावसायिक सुविधा

- व्यवसायों के लिए एकल संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करता है, परियोजना की अवधारणा से लेकर कार्यान्वयन तक एंड-टू-एंड सहायता प्रदान करता है।
- राज्य के सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अनुमोदन, स्वीकृतियां और नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुगम बनाता है।

#### वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन

- बड़े पैमाने की औद्योगिक इकाइयों के लिए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन, सब्सिडी और सहायता योजनाएं प्रदान करता है।
- बुनियादी ढांचा विकास और आधुनिकीकरण परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता तक पहुंच प्रदान करता है।
- नीति से परे प्रोत्साहन देकर मेगा इकाइयों के लिए निवेश संवर्धन को प्रोत्साहित करता है।

D-19129/25




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में फिर हादसा

» पं. प्रदीप मिश्रा की कांवड़ यात्रा के लिए दिल्ली, मुंबई, सूरत, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे शहरों से लाखों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे

» भीड़ का आलम ऐसा रहा कि ठहरने, भंडारे और दर्शन की सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं

# रुद्राक्ष वितरण अचानक बंद हुआ तो भीड़ बेकाबू हो गई इसी भगदड़ में... 2 महिलाओं की मौत, 10 श्रद्धालु घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को रुद्राक्ष वितरण के दौरान भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि ठहरने और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। जिले के



प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को उस समय हृदयविदारक हादसा हो गया जब रुद्राक्ष वितरण अचानक बंद कर दिया गया। इस दौरान भीड़ बेकाबू हो गई और अफरा-तफरी में दो महिलाएं दब गईं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब 10 अन्य श्रद्धालु घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बड़ा सवाल?
### किसके खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 जीतने के बाद 4 जून को बेंगलुरु में एक विजय परेड और उत्सव का आयोजन किया था। इस दौरान, चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। कर्नाटक सरकार ने इस भगदड़ के लिए आरसीबी फ्रेंचाइजी को जिम्मेदार माना और फ्रेंचाइजी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया था। इस मामले आखिर किसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी?

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 महीने बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण



प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने की अनुमति मांगी गई। मणिपुर में पहले से राष्ट्रपति शासन लागू है अब इसे अगले छह महीने तक के लिए और आगे बढ़ाने की अनुमति मांगी गई। भारी हंगामे के बीच सदन ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

### आरबीआई: ब्याज दरों पर आज होगा फैसला

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक



मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। लगातार तीन बार 100 आधार अंकों की कटौती के बाद ब्याज दरों में ठहराव की उम्मीद है। मल्होत्रा सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के प्रस्ताव की घोषणा करेंगे। मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले छह सदस्यीय पैनल ने सोमवार को मौद्रिक नीति पर तीन दिवसीय विचार-विमर्श शुरू किया।

### टैरिफ टेंशन से रुपए में गिरावट, 29 पैसे लुढ़का

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर



कड़े टैरिफ लगाने की नई धमकी के बाद 5 अगस्त को रुपया 29 पैसे की गिरावट के साथ खुला। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर 87.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया दबाव में है और इस सप्ताह भी यही स्थिति रह सकती है।

### विधानसभा में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सरकार विज्ञान और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने का लगातार प्रयास कर रही

# उज्जैन को बनाएंगे साइंस सिटी इसरो जैसा बनेगा रिसर्च सेंटर

**सरकार** रोजगार देने वाले उद्योग लगाने की ही दिशा में अग्रसर

*सीएम ने कहा कि सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को मेट्रोपॉलिटन रीजन का दर्जा देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में रोजगार देने वाले औद्योगिक विकास पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार विज्ञान और टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने का लगातार प्रयास भी कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025' प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में विकसित कर वहां इसरो की तर्ज पर रिसर्च सेंटर बनाने का काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सिटी में इंडस्ट्रियल बेल्ट तय करने की हमारी प्रायोरिटी है। सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को मेट्रोपॉलिटन रीजन का दर्जा देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सरकार रोजगारपूरक उद्योग लगाने की ही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों के कैंपस में आईटी पार्क बनाने पर काम करेंगे। इससे आईआईटी से हो रहे ज्ञान के प्रसार को इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी भी सीख सकेंगे।

**मेट्रोपॉलिटन सिटी में इंडस्ट्रियल बेल्ट तय करने की हमारी प्रायोरिटी**



**डॉ. यादव ने बताया कि रायसेन में रेल कोच फैक्ट्री बनेगी जिसका भूमिपूजन करने रक्षा मंत्री और रेल मंत्री आएंगे। वहीं, पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे**

**महिलाएं रात में भी काम कर सकेंगी**

जहां इंडस्ट्री लगती हैं, वहीं हॉस्टल बन जाएंगे तो महिलाएं रात में भी काम कर सकेंगी। इसके लिए सरकार श्रम विभाग के माध्यम से कानून में बदलाव कर रही

#### इंजीनियरिंग कॉलेजों के कैंपस में आईटी पार्क बनाने पर काम होगा

### पुरुषों को पांच हजार तो महिला कर्मचारियों को देंगे छह हजार इंसेंटिव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सिटी में हमारी प्रायोरिटी इंडस्ट्रियल बेल्ट तय करने की है। सरकार ने तय किया है कि रोजगारपरक उद्योग लगाएंगे। महिला कर्मचारियों को छह हजार और पुरुष कर्मचारी को पांच हजार रुपए इंसेंटिव दिया जाएगा। जहां इंडस्ट्री लगती हैं, वहीं हॉस्टल बन जाएंगे तो महिलाएं रात में भी काम कर सकेंगी। इसके लिए सरकार श्रम विभाग के माध्यम से कानून में बदलाव कर रही है।

#### अब तक 77 इकाइयों का लोकार्पण

डॉ. यादव ने बताया कि रायसेन में रेल कोच फैक्ट्री बनेगी जिसका भूमिपूजन करने रक्षा मंत्री और रेल मंत्री आएंगे। वहीं पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे।

#### सिंघार बोले- मेट्रोपॉलिटन सिटी के नाम पर दिखा रहे सपना

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि जनता को मेट्रोपॉलिटन सिटी के नाम पर सपना दिखाया जा रहा है। जो एरिया इन शहरों के लिए तय किए जा रहे हैं, क्या उनके क्षेत्र में रहने वाले गरीबों के लिए सरकार ने कोई व्यवस्था अब तक की है। सरकार के पास आधारभूत सुविधाएं नहीं है। पीथमपुर के कई इलाकों में पीने के लिए पानी नहीं मिल पाता है।

### ग्वालियर में ईडी अफसर बनकर बुजुर्ग दंपती से सात लाख ठगे

# 22 दिन डिजिटल अरेस्ट, दिन रात वीडियो कॉल से निगरानी

» जमा पूंजी नहीं लौटी तो दंपती को शक हुआ और वे थाने पहुंचे

» 700 करोड़ से ज्यादा की रकम का लेन-देन की कही गई थी बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

पुलिस और ईडी के अफसर बनकर साइबर ठगों ने मध्य प्रदेश सहकारी दुग्ध संघ के रिटायर्ड तकनीशियन को पत्नी सहित पूरे 22 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर उनके बैंक खाते में जमा 7 लाख 10 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने दिन रात बुजुर्ग दंपती को वीडियो कॉल से निगरानी में रखा। उन्हें आपस में बातें करने पर टोका-टाकी की। यहां तक की घर से बाहर जाने उनके फोन को ऑडियो कॉल पर रखा। ठगों के शिकंजे से निकल कर दंपती ने पहले गोला का मंदिर थाने जाकर शिकायत की, लेकिन वहां शिकायत दर्ज नहीं हुई। उन्हें क्राइम ब्रांच भेजा गया यहां भी उनसे शिकायती आवेदन लेकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है। जी-7 डेयरी कॉलोनी गोला का मंदिर निवासी अवनीश चंद्र मदनावत को साइबर ठगों ने 9 जुलाई को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर राणा आनंद बनकर कॉल किया।

#### ठगों ने 2 फीसदी पैसा छोड़ दिया

अवनीश चंद्र ने बताया उनके खाते में 7 लाख 31 हजार 244 रुपए जमा था। ठगों ने दो प्रतिशत रुपए छोड़कर 7 लाख 10 हजार रुपए फिरोजाबाद के खाते में ट्रांसफर कराया। उनसे कहा गया कि उनके नाम से सिम निकाल कर ठगी करने वालों से कोई तालमेल तो नहीं है इसलिए उनके खाते में जमा आरबीआईको भेजा जाएगा। जांच पूरी होने पर रकम उनके खाते में लौटाई जाएगी।

#### खाना ऑर्डर किया तो खाते से उड़े 97 हजार

इधर, जबलपुर की एक महिला को ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना महंगा पड़ गया। ऑर्डर के दौरान तीन अलग-अलग फ़ोन कॉल आने के बाद, उसका मोबाइल हैक हो गया और जालसाज़ों ने उसके यूनियन बैंक खाते से 97,525 उड़ा लिए। इस घटना के बाद महिला ने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

### आग से करोड़ों के नुकसान का अनुमान

## भारती टावर में भीषण आग, 50 से अधिक दुकानें जलकर खाक

**बिल्डिंग में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं थे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

शहर के मध्य स्थित न्यू गांधी चौक से कुछ ही दूरी पर बने भारती टावर में मंगलवार तड़के भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर हरियाणा हैंडलूम, एक बड़ा जिम सेंटर और कई अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे सबसे पहले हैंडलूम की दुकान में आग लगी, जो देखते ही देखते पूरे टावर में फैल गई। आग लगने के वक्त जिम सेंटर में पचास से अधिक युवक-युवतियां मौजूद थे।

### राहुल को फटकार पर भड़कीं प्रियंका

## सुप्रीम कोर्ट के जज तय नहीं कर सकते कि सच्चा भारतीय कौन?

**विपक्ष के नेता का काम है सरकार से सवाल पूछना**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर अपने भाई राहुल गांधी का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज यह तय नहीं कर सकते कि कौन सच्चा भारतीय है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर राहुल सच्चे भारतीय हैं, तो उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। चीनी कब्जे पर राहुल ने यह गलत बयान दिया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि विपक्ष के नेता का काम होता है सरकार से सवाल पूछना और उसे चुनौती देना। उन्होंने कहा कि राहुल सेना का हमेशा सम्मान करते हैं। उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।


### जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

## पीएम मोदी ने बनाया था 'राज्यपाल' और उन्हीं के खिलाफ हो गए थे खड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक (79) का मंगलवार 5 अगस्त को निधन हो गया। सत्यपाल मलिक लंबे समय से बीमार चल रहे थे और राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्यपाल मलिक के निधन पर दुख जताया है- सत्यपाल मलिक के निधन से दुखी हूं। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति। गौर हो कि सत्यपाल मलिक को पीएम मोदी ने ही राज्यपाल बनाया था। पर, वे बाद में पीएम के खिलाफ ही खड़े हो गए थे।

**वे एक दल में अधिक समय तक नहीं टिक पाए**



#### 1989 के बाद कभी चुनाव जीत नहीं पाए

1989 में जनता दल के टिकट पर सत्यपाल मलिक अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद पहुंचे थे। हालांकि, इसके बाद सत्यपाल मलिक कभी चुनाव नहीं जीत पाए। मलिक ने 1996 का चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा, लेकिन हार गए। वहीं 2004 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के टिकट पर बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ा।

### आंगनवाड़ी की नौकरी के लिए मांगे डेढ़ लाख

## लोकायुक्त ने महिला सुपरवाइजर को 20 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

**शिकायतकर्ता ने सौदा तय करने के दौरान बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के नरवर में लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर अनीता श्रीवास्तव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पर्यवेक्षक अनीता श्रीवास्तव ने एक युवती से आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नौकरी देने के नाम पर 1 लाख 80 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी रिकॉर्डिंग लोकायुक्त में पेश की थी। जिले के अटा बीरपुर में एक



आंगनवाड़ी में पद खाली था। अटा निवासी शिशुपाल जाटव ने बताया कि उनकी बहन ने इस पद के लिए आवेदन किया था। कुछ दिन बाद पर्यवेक्षक अनीता ने फोन आया। उन्होंने बताया कि उसका नाम चयन सूची में दूसरे नंबर पर है।

#### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

लोकायुक्त टीम ने अनीता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। टीम अब पूछताछ कर रही है कि वह यह रकम किसके लिए ले रही थी। साथ ही इसमें और कौन-कौन शामिल हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि चयन सूची में दस्तावेजों में गड़बड़ी दिखाकर लोगों को हटाने की कोशिश की जाती है।

### *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 12 खिलाड़ियों को विक्रम एवं तीन खिलाड़ियों को विश्वामित्र सम्मान दिया, नेशनल गेम्स के 121 खिलाड़ी भी पुरस्कृत*

**खिलाड़ियों को कुल 546 लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया**

# खिलाड़ी वो जो हर चुनौती स्वीकार करे और जीवन जीने के उच्चतम मापदंड हासिल करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को भोपाल के रविंद्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण



बांटे गए एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 12 खिलाड़ियों को विक्रम एवं तीन खिलाड़ियों को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया। विक्रम पुरस्कार पाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में खरगोन के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को शूटिंग के लिए, भोपाल की जान्हवी श्रीवास्तव को कयाकिंग कैनोइंग के लिए, छिंदवाड़ा की शिवानी पवार को कुश्ती के लिए, जबलपुर की रुबीना फ्रांसिस को शूटिंग के लिए विक्रम पुरस्कार प्रदान किया गया।




#### भगवान कृष्ण ने कंस को न मिले, इसलिए माखन खाया

सीएम ने कहा कि भगवान राम ने पिनाक धनुष को तोड़ने का पराक्रम दिखाया। वह खिलाड़ी भावना ही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ी का जीवन इसी प्रकार का होता है। उनका जीवन लोकतंत्र को गौरवान्वित करता है। वहीं उन्होंने भगवान कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा उन्हें माखन ...कहा जाता है, जबकि उनके घर में तो हजारों गाएं थीं।

## डेटा सुरक्षा नीति के उल्लंघन पर चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती

# बंगाल के दो ईआरओ-एईआरओ निलंबित, डेटा ऑपरेटर पर केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकता

डेटा सुरक्षा नीति का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने ईआर डाटाबेस के लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने पर पश्चिम बंगाल के दो ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) और दो एईआरओ (सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) को निलंबित कर दिया है। आयोग ने दोनों अफसरों को गंभीर चूक करने, अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने और अनाधिकृत व्यक्तियों के साथ ईआर डाटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने का दोषी माना है।




### मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां की गईं

सचिव ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिनांक 29 जुलाई को एक वीडियो भेजी है। इसमें विधानसभा संख्या 137 – बारुईपुर पुरबा के ईआरओ और एईआरओ के मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियां करने की जानकारी दी गई है। साथ ही अधिकारी आवेदन निपटाने के अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे। इसके अलावा उन्होंने ईआर डेटाबेस के अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए।

### आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव को लिखा पत्र

चुनाव आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मतदाता सूची की तैयारी और पुनरीक्षण का काम करता है। साथ ही मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण, संशोधन और चुनाव संचालन के वक्त इन अधिकारियों को चुनाव आयोग के अधीन माना जाता है।

### एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

आयोग ने कहा कि बारुईपुर पुरबा के ईआरओ देबोताम दत्ता चौधुरी, एईआरओ तथागत मोंडल, ईआरओ मोयला बिप्लब सरकार और एईआरओ मोयना सुदीप्त दास को निलंबित किया जाता है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि ईआरओ-एईआरओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। साथ ही डाटा एंट्री ऑपरेटर सुरोजित हाल्दर के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### डेटा एंट्री ऑपरेटर पर भी कार्रवाई की

*चुनाव आयोग ने डेटा एंट्री ऑपरेटर सुरोजित हलदर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में लापरवाही व डेटा सुरक्षा उल्लंघन के गंभीर आरोपों के लिए की गई है। ईसीआई ने इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया है। इसे लेकर कहा गया कि यह कदम पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।*

## उधर, कूचबिहार में भाजपा नेता सुवेंदु के काफिले पर हमला, टीएमसी पर आरोप

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार जिले में हमले की खबर है। बताया गया कि एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुवेंदु के काफिले पर हमला किया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को सुनियोजित नाटक करार दिया। कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व करने उत्तर बंगाल जिले गए अधिकारी को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। उन्हें खगराबाड़ी इलाके के पास काले झंडे दिखाए गए।

### प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए कार के शीशे टूटे

भाजपा नेताओं के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे और काले झंडे लिए एक भीड़ दोपहर करीब 12.35 बजे खगराबाड़ी चौराहे पर जमा हो गई, जब अधिकारी का काफिला इलाके से गुजर रहा था। कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए और उनकी गाड़ी पर जूते फेंके। उनके काफिले की कम से कम एक कार की खिड़कियों के शीशे टूट गए, जिसमें एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन भी शामिल था।

## खबर संक्षेप

### फिल्म 'खालिद का शिवाजी' को बैन करें

**मुंबई।** स्थानीय हिंदू संगठन ने मराठी फिल्म 'खालिद का



शिवाजी' पर आपत्ति जताते हुए सेंसर बोर्ड के पास बैन करने की मांग की है। ये फिल्म 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को गलत तरीके से पेश करने का आरोप है।

### साउथ एक्टर बलराज का 34 साल में निधन

**चेन्नई।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कलाभवन नवास, सुपरस्टार प्रेम



नजीर के बेटे और अभिनेता शानवास के बाद अब कन्नड़ अभिनेता संतोष बलराज के निधन की खबर है। कन्नड़ अभिनेता संतोष बलराज का 34 साल की उम्र में एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

### लड़की ने 50 घंटे घोड़े पर सवारी कर तोड़ा रिकॉर्ड

**जयपुर।** जयपुर की मान्या शक्तावत ने 50 घंटे तक बिना रुके



घोड़े पर सवारी कर युवा पीढ़ी को प्रेरित किया है। 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया है, 22 जुलाई की सुबह 4:20 बजे मान्या ने चुनौती की शुरुआत की और 50 घंटे तक घुड़सवारी की।

## संसद में एसटी को आरक्षण देने वाला बिल पास, राज्यसभा में गरमी

# बड़ी आबादी को मिलेगा रिजर्वेशन का लाभ पहले केवल एससी को मिल रहा था फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया। आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है। 2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 और एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है।





### बिल को पास करने का उद्देश्य

*बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है। बिल पास होने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।*

### उड़ानों में हंगामा, 48 यात्री 'नो-फ्लाई लिस्ट' में

*मंगलवार को केंद्र सरकार ने बताया कि इस साल 30 जुलाई तक 48 यात्रियों को 'नो-फ्लाई लिस्ट' में डाला गया है। यानी अब ये यात्री किसी विमान में सफर नहीं कर सकते। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। पिछले कुछ वर्षों में भी बड़ी संख्या में ऐसे यात्रियों को इस लिस्ट में डाला गया था, जहां 2024 में 82 और 2023 में 110 यात्रियों पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कार्रवाई विमान में अनुशासनहीन या हिंसक व्यवहार के कारण की जाती है।डीजीसीए के नियमों के मुताबिक, तीन स्तर पर यात्रियों की बदसलूकी को वर्गीकृत किया जाता है।इसमें लेवल कुछ प्रकार है कि लेवल एक में हल्का व्यवहार, जैसे जोर-जोर से बोलना। इसके लिए तीन महीने के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। वहीं दूसरे लेवल में शारीरिक या अपमानजनक व्यवहार। इसके तहत छह महीनों के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। वहीं अब बात अगर तीसरे लेवल की करें तो गंभीर हिंसा या खतरा होने के आधार पर कम से कम 2 साल या उससे अधिक समय के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है।*

सीआईएसएफ की मौजूदगी पर तकरार

### 'नेता' और 'नेता प्रतिपक्ष' में टेंशन, नड्डा बोले- खरगे लें मुझसे ट्यूशन

सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी के मुद्दे पर राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। सभापति ने आपत्ति जताई कि जब खरगे ने उन्हें सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को लेकर पत्र लिखा था तो उसे मीडिया में क्यों जारी किया गया? खरगे ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर मीडिया में बयान जारी किया। चर्चा के दौरान जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैए पर सवाल उठाए और नसीहत देते हुए कहा कि विपक्ष को उनसे ट्यूशन लेने की जरूरत है।



### खरगे ने पूछा- क्या हम आतंकवादी हैं?

खरगे ने कहा कि जब सदन के नेता अहम मुद्दे उठा रहे होते हैं तो उस समय सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती गलत है।



उन्होंने अरुण जेटली और सुषमा स्वराज का उदाहरण दिया। खरगे ने कहा कि ऐसे में अगर मैंने आपको पत्र लिखा और उस बारे में मीडिया में जानकारी दी गई तो उस पर आपको इतनी आपत्ति क्यों है? मैं सभी सदस्यों को सूचित नहीं कर सकता, इसलिए एक प्रेस नोट जारी किया। मुझे बताइए सीआईएसएफ को वेल में तैनात क्यों किया गया? क्या हम आतंकवादी हैं?

### नड्डा बोले- कार्यवाही को बाधित करना अलोकतांत्रिक

खरगे के बयान पर नड्डा ने कहा कि 'कार्यवाही को बाधित करना अलोकतांत्रिक है और यह नियमों के खिलाफ है। जिन घटनाओं का उपसभापति ने उल्लेख किया कि किस तरह से स्पीकर को बोलते समय बाधित किया गया, तो यह लोकतंत्र नहीं है,।। मैं 40 साल से ज्यादा विपक्ष में रहा हूं, मुझसे ट्यूशन ले लीजिए। अभी आपको 10 ही साल हुए हैं, अभी 30-40 साल और विपक्ष में ही रहना है। जेटली के बयान को उद्धृत किया गया कि बाधित करना लोकतंत्र का हिस्सा है।

### स्पीकर के बगल में खड़े होकर नारेबाजी करना अराजकता

नड्डा ने कहा कि 'अगर आप लाठी भांजेंगे और आपकी लाठी मेरी नाक पर लगती है तो ये गलत है। आपका लोकतंत्र वहां खत्म हो जाता है, जहां मेरी नाक शुरू होती है। जब विपक्षी सांसद स्पीकर के बगल में खड़े होकर नारेबाजी करते हैं तो यह विरोध नहीं बल्कि अराजकता है और ये अराजकता करने की कोशिश करते हैं।

## कल्याण और शिंदे ने किया हमला

# मोइत्रा का बचाव किया था, उसके लिए मैं देश से माफी मांगता हूं





एजेंसी ▶▶ कोलकाता

ममता बेनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में आंतरिक कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। अब सांसद कल्याण बेनर्जी ने फिर से महुआ मोइत्रा पर हमला बोला है। उन्होंने संसद में उनका बचाव करने के लिए देश से माफी मांगी है। महुआ मोइत्रा पर जब पिछले कार्यकाल में पैसे लेकर गौतम अडाणी से जुड़ा सवाल पूछने का आरोप लगा था और उनकी संसद सदस्यता खत्म की गई थी तो जोर-शोर से कल्याण बनर्जी ने उनका बचाव किया था। अब उसी को लेकर कल्याण का कहना है कि मैं देश से माफी मांगता हूं कि मैंने महुआ मोइत्रा का बचाव किया था। कल्याण ने लोकसभा की कार्यवाही का वह वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह महुआ का बचाव करते दिख रहे हैं। 8 मिनट के अपने भाषण में कल्याण ने महुआ का जमकर बचाव किया था और लोकसभा स्पीकर एवं सरकार पर गलत कार्रवाई का आरोप लगाया था। अब खुद की गलती मानी है।

### कार्यकर्ताओं को नौकर समझ रहे कुछ लोग, मैं कामन मैन

मुंबई/हिंगोली। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के विधायक संतोष बांगर के नेतृत्व में मंगलवार को कलमनूरी से हिंगोली शहर तक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें एकनाथ शिंदे ने भी बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस दौरान शिंदे ने उद्धव ठाकरे और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शिंदे ने हिंदुत्व और भगवा आतंकवाद के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। शिंदे ने उद्धव पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग कार्यकर्ताओं को नौकर समझते हैं, जबकि शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे कार्यकर्ताओं को अपना सखा मानते थे। जो लोग कांवड़ यात्रा जैसे आयोजनों से मुंह मोड़ते हैं। वे ठंडी जगहों पर बैठकर सत्ता का सपना देखते हैं। शिंदे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री रहते हुए भी कार्यकर्ता की तरह काम करता था। मैं आज भी 'कॉमन मैन' हूं, जो आम लोगों के लिए समर्पित है।

## शिबू पंचतत्व में विलीन, बेटे हेमंत ने दी मुखाग्नि



**बोकारो।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के संरक्षक शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा (बोकारो) में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके बड़े बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवार के सदस्य, झारखंड के कई बड़े नेता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। नम आंखों से हजारों लोगों ने अंतिम विदायी दी।

## हिमाचल में भारी बारिश से तबाही

# गोहर में बादल फटने से कई मकान जमींदोज, 453 सड़कें व जलापूर्ति बंद

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में ऑरेंज अलर्ट के बीच लगातार बारिश से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। मंडी जिले के गोहर उपमंडल में बादल फटने से तबाही हुई है।

लोट गांव में दो मकान पूरी तरह से ढह गए जबकि कई अन्य को आंशिक नुकसान पहुंचा है। सराज क्षेत्र का परवाड़ा गांव भी इस आपदा की चपेट में आ गया है। प्रदेश में मंगलवार सुबह 10:00 बजे तक 4नेशनल हाईवे सहित 453 सड़कें



बंद रहीं। 753 बिजली ट्रांसफार्मर व 276 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 318 सड़कें, 657 बिजली ट्रांसफार्मर व 86 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। कुल्लू में 67 सड़कें व कांगड़ा जिले में 120 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। राजधानी शिमला में भी सुबह से बारिश जारी है।

## नेत्रवती स्नान घाट के पास वन क्षेत्र में खोदाई

कर्नाटक के धर्मस्थल में खोदाई

# छठे दिन मानव अवशेषों का ढेर 100 हड्डियां और खोपड़ी बरामद

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के धर्मस्थल में सामूहिक दफन मामले में सोमवार को खुदाई के दौरान बड़ा खुलासा हुआ। मामले की जांच में करीब 100 मानव हड्डियां और एक खोपड़ी बरामद की गईं। ये अवशेष धर्मस्थल थाना क्षेत्र में नेत्रवती स्नान घाट के पास वन क्षेत्र में खुदाई के छठे दिन मिले। एसआईटीने कहा कि शिकायतकर्ता-गवाह द्वारा दिखाए गए 11वें स्थल से लगभग 100 मीटर दूर कंकाल के अवशेष पाए गए। खोपड़ी और रीढ़ की हड्डियों सहित लगभग 100 हड्डियां बरामद की गईं।

### कंकाल के अंगों से 2 के शव होने के संकेत



बरामद किए गए कंकाल के अंगों से संकेत मिलता है कि वे दो व्यक्तियों के हो सकते हैं। एक लंबी रीढ़ की हड्डी भी मिली है। एक्सपर्ट की टीम ने इसे वैज्ञानिक रूप से एकत्र किया है। उसी स्थान पर एक साड़ी भी मिली है।

### पेड़ पर 6 फीट की ऊंचाई पर मिली साड़ी

बताया गया कि साड़ी पेड़ पर 6 फीट की ऊंचाई पर बंधी हुई थी। एसआईटी टीम सुबह लगभग 11.30 बजे जंगल में दाखिल हुई और शाम 6.15 बजे तक अपनी खोज जारी रखी। कंकाल के अवशेषों को 3 बाल्टियों और 2पीवीसी पाइपों में बंद कर दिया गया था।

## अभी भी राज्य सरकारें पुराने जमाने की जांच और अभियोजन पर चल रहीं

# आरोपियों को माहौल बनाने के लिए भी जेल में रख रहे

## कारोबारी सूर्यकांत की जमानत रद्द करने की अर्जी पर की टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि आज कल कई मामलों में आरोपियों को सिर्फ 'दिखावे' के लिए जेल में रखा जाता है, ताकि लगे कि कानून अपना काम कर रहा है। सुप्रीम अदालत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि राज्य सरकारें अब भी पुराने जमाने की जांच और अभियोजन रणनीति अपनाए हुए हैं और गवाहों की सुरक्षा को बिल्कुल प्राथमिकता नहीं देतीं। यह टिप्पणी जॉयमाल्या बागची और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की जमानत रद्द करने की अर्जी पर सुनवाई के दौरान की। तिवारी पर छत्तीसगढ़ कोयला लेवी 'घोटाले' और डीएमएफ घोटाले से जुड़े आरोप हैं।

### खास बातें

- अहम सुनवाई के दौरान यह बात कही
- गवाहों की सुरक्षा पर प्राथमिकता नहीं देतीं

### पहले भर्तियों में होता था भेदभाव और भ्रष्टाचार



*राज्य सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तिवारी ने जेल में रहते हुए सह-आरोपी को धमकी दी है औरडीएमएफ घोटाले में भी उनका नाम है। जवाब में तिवारी के वकील मुकुल रोहतगी ने अंतरिम जमानत की मांग की। कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रायल में करीब 300 गवाह हो सकते हैं, ऐसे में मुकदमा जल्द निपटने की संभावना नहीं है। कोर्ट ने सरकारी जांच एजेंसियों की तैयारी और संसाधनों की कमी पर भी सवाल उठाए।*

### जेलें अब अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह बनीं

*अदालत ने कहा कि हम लोग केवल लोगों को जेल भेजते हैं और ये सोचते हैं कि इससे दिखेगा कि आपराधिक कानून चल रहा है। आज भी राज्यों के अभियोजन विभाग गवाहों की सुरक्षा पर पैसे, समय और मेहनत नहीं लगाते। जेलें अब अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह बन गई हैं, वे वहीं से ऑपरेट कर रहे हैं।*

### क्रिमिनल लॉ की समझ नहीं सीनियर जज के साथ ही बैठाएं

*सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार को कड़ी फटकार लगाई है। उन्हें टॉप कोर्ट से क्रिमिनल लॉ की गलत व्याख्या को लेकर डांट सुननी पड़ी। जज ने टिप्पणी की थी कि सिविल केस में देर लगती है, इसलिए क्रिमिनल केस के जरिए पैसा वसूला जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे चौंकाने वाला तर्क करार दिया।शिखर केमिकल्स बनाम उत्तर प्रदेश राज्य केस में याचिकाकर्ता कंपनी ने हाईकोर्ट में एक आपराधिक केस को रद्द कराने की मांग की थी। मामला 52 लाख रुपए की थ्रेड सप्लाई का था, जिसमें 47 रुपए लाख का भुगतान हो चुका था।*

## पीएम मोदी से की मुलाकात

# अटकलों का बाजार गर्म, क्या भाजपा में शामिल होंगी शिवसेना की प्रियंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने बीते दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसकी तस्वीरें उन्होंने मंगलवारको सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कीं। इसके बाद से लोग इस पर रिएक्शन देने लगे हैं और कहने लगे हैं कि वो जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकती हैं।

उन्होंने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि कल मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मैं उनके बहुमूल्य समय और भारत के आकर्षक सांस्कृतिक इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर



उनकी अंतर्दृष्टि के लिए धन्यवाद करती हूं। पीएम मोदी से मुलाकात की इन तस्वीरों को पोस्ट किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे हैं कि वो जल्द ही भाजपा में शामिल होंगीं। हालांकि प्रियंका चतुर्वेदी ने जिस तरह प्रतिक्रिया दी है उससे लगता नहीं है कि ऐसा कुछ होने वाला है, लेकिन अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।

# हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग का फरार 10 हजार का इनामी गुर्गा जमील गिरफ्तार

## बीएमडब्ल्यू मर्सडीज और पिस्टल के साथ पकड़े जा चुके हैं गैंग के कई सदस्य, लगातार धरपकड़ में जुटी है पुलिस

हरिभूमि, जबलपुर।

**शातिर अपराधी अब्दुल रज्जाक गैंग के एक और सक्रिय सदस्य और 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी 40 वर्षीय मोहम्मद जमील निवासी आनंद नगर को ओमती थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी शहर में संगठित अपराध के खिलाफ चल रही पुलिस की बड़ी और सघन मुहिम का हिस्सा है।**

**लंबे समय से चल रहा था फरार-**



मोहम्मद जमील पिता अब्दुल हमीद (उम्र 40 वर्ष), निवासी आनंद नगर, अधारताल थाना ओमती के अपराध क्रमांक 374/24 धारा 420, 419, 467, 468, 471, 384, 386, 506, 406, 120 बी, 34 भादंवि के मामले में फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पूर्व में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, जिसे बाद में डीआईजी अतुल सिंह द्वारा बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया।

### गुप्त सूचना पर दी गई दबिश

मंगलवार को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि जमील आनंद नगर क्षेत्र में छिपा है। इस पर ओमती पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

### गैंग पर लगातार कार्रवाई

गौरतलब है कि जबलपुर पुलिस ने 10 जुलाई को अब्दुल रज्जाक गैंग के चार सदस्यों बेटा, भाई, भतीजे और गुर्गे को गिरफ्तार कर बीएमडब्ल्यू, मर्सडीज, पिस्टल व कारतूस जब्त किए थे। इसके बाद 25 जुलाई को 18 हजार के इनामी दिलीप चौधरी, 31 जुलाई को 15 हजार के इनामी रविन्द्र पटेल और 2 अगस्त को 25 हजार के इनामी शाहिद उर्फ वालिया की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

मोहम्मद जमील की गिरफ्तारी में टीआई ओमती राजपाल बघेल, टीआई अपराध शैलेष मिश्रा, एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक महेन्द्र शुक्ला, देवेन्द्र, आरक्षक राजवीर, सुनील, हरिओम, क्राइम ब्रांच के एएसआई नरेश पासी, प्रधान आरक्षक राजेश पांडे, और रुस्तम अली की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# निगम का नवाचार, अब मंदिरों और घरों की पूजन सामग्री से बनेगी अगरबत्ती, धूपबत्ती और आर्गेनिक खाद्य

## दो इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं कम्पोस्ट प्लांट का किया गया शुभारंभ

**जबलपुर।** स्वच्छता में अभी बहुत सारे नवाचार नगर निगम द्वारा किये गए, जिसके परिणाम स्वरूप जबलपुर को स्वच्छता प्रतियोगिता में देश में पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ। इस बड़ी उपलब्धि को देखते हुए स्वच्छता के कार्यो में एक कदम आगे बढ़ाते हुए नगर निगम द्वारा एक और नवाचार किया गया, जिसके अंतर्गत अब मंदिरों और घरों की पूजन सामग्री जल स्त्रोतों में विसर्जित नहीं कर नगर निगम द्वारा संचालित एवं संधारित मंदिरों में रखे डस्टबिनों में रखे जायेगें जहाँ से 2 इलेक्ट्रिक गाड़ियों के माध्यम से कम्पोस्ट प्लांट में एकत्रित की जायेगी और वहाँ से संस्कारधानी की मातृशक्तियों को नए रोजगार के अवसर मिलेगें। इन्हीं पूजन सामग्रियों से स्व-सहायता समूह की महिलाएँ अगरबत्ती, धूपबत्ती एवं आर्गेनिक खाद्य बनाएँगीं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य राम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद हर्षित यादव, और निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक यंत्री एवं स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सौरभ तिवारी, तकनीकि अधिकारी बलेन्द्र शुक्ला आदि के साथ दो इलेक्ट्रिक नए वाहन और कम्पोस्ट प्लांट का शुभारंभ किया। शुभारंभ के बाद सर्वप्रथम रानीताल स्थित हनुमान मंदिर से पूजन सामग्री उठाकर प्लांट पहुँचाने का कार्य किया गया।



रक्षा बंधन पर ट्रैफिक प्लान

# बाजारों में वन-वे व्यवस्था, कई क्षेत्रों में चौपहिया और ऑटो प्रतिबंधित

हरिभूमि, जबलपुर।

रक्षा बंधन पर्व को देखते हुए जबलपुर शहर में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला ने बताया कि शहर के प्रमुख बाजारों सदर, बड़ा फुहारा, गोरखपुर क्षेत्र में अस्थायी रूप से मार्ग परिवर्तन कर दिए गए हैं, जो आगामी आदेश तक लागू रहेंगे।

**सदर, बड़ा फुहारा, गोरखपुर सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग हेतु विशेष इंतजाम**

### सदर बाजार वन वे व्यवस्था लागू

सदर बाजार क्षेत्र में पेंटी नाका से जयसवाल पेट्रोल पंप तक का मार्ग वन वे घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में केवल पेंटी नाका से प्रवेश की अनुमति रहेगी। जायसवाल पेट्रोल पंप से चौपहिया वाहन, ऑटो व ई-रिक्शा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पार्किंग की व्यवस्था सदर मार्केट के सामने की गई है।

### बड़ा फुहारा वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

सुपर मार्केट से नरघइया, गोल बाजार, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा और पांडे चौक तक सभी चौपहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पांडे चौक से भी प्रवेश पर रोक रहेगी। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था श्रीनाथ की तलैया में की गई है।

### गोरखपुर बाजार पूरी तरह वाहन मुक्त

छोटी लाइन फाटक और कटंगा तिराहा से भी किसी चौपहिया वाहन, ऑटो या ई-रिक्शा को प्रवेश नहीं मिलेगा। पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था छोटी लाइन क्षेत्र में की गई हैं।



# महंगाई की मार से ग्राहक और व्यापारी भी परेशान

**राखी, रूमाल, कपड़ा, मीठा सबकुछ महंगा**

**जबलपुर।** भाई बहन के पवित्र बंधन और स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को अब तीन दिन शेष है। शनिवार 09 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व परंपरानुसार मनाया जा रहा है। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। व्यापारी और ग्राहकों में खासा उत्साह है। लेकिन मंहगाई की मार से व्यापारी भी परेशान हैं और ग्राहक भी। राखी, रूमाल और कपड़ों से लेकर मेवा मिष्ठान के दाम भी 20 से 40 प्रतिशत तक बढ़े हैं। मंहगाई ने मीठे की मिठास को कम कर दिया है तो वहीं त्यौहारों के उत्साह और उमंग को औपचारिकता में तब्दील कर दिया है। इससे बाजारों को जोरदार ग्राहकी नहीं मिल पा रही है। अलवत्ता चूड़ी, बिंदी और सौदर्य प्रसाधन की अच्छी खरीददारी ब्राण्डेड कपड़ों की खरीददारी ने लोगों को आंशिक राहत दे रखी है।

साल दर साल महंगाई बढ़ती जा रही है। औसत मध्यम आय वर्गीय परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने मे मुश्किलें हो रही है। त्यौहारों के वक्त ये मुश्किल और बढ़ जाती है। बहरहाल त्यौहार लोग मनाते ही है और खरीदारी करते ही है। कोई एडवांस लेकर तो कोई उधार लेकर।

नगर के प्रतिष्ठित मिष्ठान विक्रेता न्यू इंदौर सेव भंडार के संचालक कैलाश साहू और दीपक साहू ने बताया कि मावा और ड्राय फूट्स से निर्मित मिठाईयों के दाम लगातार बढ़ रहे है। लिहाजा मैदा और बेसन से बनी मिठाइयों के साथ-साथ आम लोगों में चाकलेट का चलन बढ़ा है। त्यौहारों के वक्त जरूर उत्साह में लोग अपनी सामर्थ के अनुसार पसंद का ख्याल रखते है। खासतौर से मावा से बनी मिठाइयों में काजू कतली, काजू अंजीर, काजू सीताफल, काजू कलश आदि मिठाइयां 1 हजार से 12 सौ से हजार रूपये किलो तक बिक रही है। जबकि खोवे की बर्फीयां 480 रुपए किलो से कम नहीं है। तेल और बेसन के दाम बढ़ने से नमकीन के रेट भी बढ़े है। दीपक साहू का कहना है कि उन्होंने हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हुए सबकी हैसियत के मुताबिक अपने शो-रूम के काउंटर में मिठाइयां उतारी। इनमें मलाई टिक्की, संगम बर्फी स्पेशल मोतीचूर के लड्डू, मावा डोडा और नारियल लड्डू छैना रोल, बालूशाही मगज के लड्डू आदि शामिल है।

**स्मार्ट मीटरों पर जांच समिति गठित करने मांग**

# उपभोक्ता मंच ने ऊर्जा मंत्री का आदेश बताया भ्रामक

जबलपुर।

स्मार्ट मीटर पर पैरेलल पुराना मीटर लगाकर रीडिंग की तुलना करने का ऊर्जा मंत्री का आदेश भ्रामक है। क्योंकि लाखों स्मार्ट मीटरों पर पैरेलल मीटर लगाना कदापि ही संभव नहीं है। ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट मीटरों की जॉच करने हेतु उपभोक्ताओं के ही कंधों पर शिकायत करने की जिम्मेदारी डाली है। आदेश पूर्णतः गलत है।

यह बताते हुए जनसंगठनों ने घंटाघर के पास प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा तथा मांग की कि स्मार्ट मीटर की जॉच हेतु प्रदेश स्तरीय समिति गठित करें तथा उसका रिपोर्ट आते तक स्मार्ट मीटर लगाने पर अस्थाई स्थगन आदेश जारी करें, जैसा कि 20 अक्टूबर 2024 के रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के दक्षिण मुम्बई में वितरण कम्पनी ने स्मार्ट मीटर लगाने को स्थगित कर दिया है।




प्रदर्शन में डॉ. पी.जी नाजपांडे, टी. के रायघटक, डी.के.सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पाण्डे, संतोष श्रीवास्तब, डी.आर.लखेरा, रमाकांत कटियार, एम.के. नामदेव, अर्जुन कुमार, राजेन्द्र विश्वकर्मा, विनायक सोरते, उमा दाहिया, एड. घनश्याम सोनकर, यशवंत कोष्टा, अनुराग सिंह, शंकर लाल, सुशील सिंह लोधी, अशोक यादव, इन्द्र कुमार तथा राममिलन शर्मा आदि भारी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**निगमायुक्त की बड़ी पहल**

# कन्या शालाओं में पढ़ने वाली सभी बच्चियों को निःशुल्क उपलब्ध होंगे सेनेटरी पैड

जबलपुर।

नगर निगम द्वारा संचालित कन्या विद्यालयों में पढ़ने वाली बच्चियों के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने एक नवाचार के साथ बड़ी पहल शुरू की है। निगम की 4 कन्या शालाओं में बच्चियों को निःशुल्क सेनेटरी पैड मिले इसके लिए सी.एस.आर. फंड से आई.डी.बी.आई. बैंक के द्वारा प्रदत्त सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन शालाओं में लगवाई गयी है। जहॉ पर बच्चियों को निःशुल्क रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराये जायेगें। आई.डी.बी.आई. बैंक के द्वारा सी.एस.आर. फंड से प्राप्त सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का वितरण एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यो की उपस्थिति में वितरण की गयी और बच्चियों को नियमित रूप से यह सुविधा का लाभ देने प्राचार्यो को निर्देशित किया गया। वेंडिंग मशीन वितरण के दौरान निगमायुक्त प्रीति यादव ने कहा कि इस सुविधा से बच्चियों को एक ओर स्वास्थ्य और स्वच्छता में लाभ मिलेगा वहीं दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन करने हेतु उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। निगमायुक्त ने बताया कि इस सुविधा से छात्राएँ नियमित रूप से अध्ययन का कार्य करेंगीं और शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी लाभ उठाईगीं। उन्होंने बताया कि सेनेटरी पैड छात्राओं के लिए एक बुनियादी जरूरत है, इससे संक्रमण होने का खतरा खत्म हो जाता है तथा बच्चियों को स्वस्थ जीवन जीने और स्वच्छ मस्तिष्क के साथ पढ़ने में लाभ मिलता है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाए जागरुकता शिविर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शासकरय माध्यमिक शाला, गोकलपुर व शासकीय बालक हाई स्कूल गोकलपुर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने कहा कि अधिकार व कर्त्तव्य परस्पर पूरक हैं। भारक एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नागरिक पूरी स्वतंत्रता के साथ रहते हैं। अधिकार और दायित्व, दोनों ही साथ-साथ चलते हैं। यदि हम अधिकार रखते हैं, तो उनके जुड़े कुछ कर्त्तव्य भी हैं। नागरिकों को मौलिक अधिकार अच्छे जीवन की आवशयक और आधारभूत परिस्थितियों के लिए दिए गए हैं। इस तरह के अधिकारों के बिना कोई भी नागरिक अपने व्यक्तित्व और आत्म विश्वास को विकसित नहीं कर सकता। इस अवसर पर प्राचार्य निधि गोटिया, शिक्षक अवधेश यादव, सत्यनारायण द्विवेदी, मदन गोपालन नेमा, अचर्ना मिश्रा, रूचि पांडे, मोनिका पटवा, सरिता जैन व पूर्व पार्षद समाजसेवी राजेश यादव उपस्थित रहे।

**एमपी ट्रांसको ने जारी किये आदेश**

# इंटर-कंपनी चयन में कर्मियों को बांड शर्तों से राहत

**जबलपुर।** ऊर्जा विभाग द्वारा कर्मचारियों के कैरियर विकास को प्रोत्साहित करने और उनके हितों की रक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने उन नियमित एवं संविदा कर्मचारियों को , जिनका चयन ऊर्जा विभाग की अन्य कंपनियों में हुआ है, बड़ी राहत प्रदान करते हुए उनके द्वारा निष्पादित बांड की राशि भुगतान में शिथिलता दी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि कर्मचारियों को उनके योग्य अवसर प्रदान करने व ऊर्जा क्षेत्र में दक्षता एवं गुणवत्ता हासिल कर नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से यह राहत प्रदान की गई है।

### हॉट लाइन प्रशिक्षित कर्मियों को मिलेगी राहत

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कंपनी में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जिन्होंने ट्रांसमिशन लाइन की हॉटलाइन मेंटेनेंस हेतु विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है, यदि उनका चयन राज्य की अन्य उत्तरवर्ती विद्युत कंपनियों में होता है, तो उन्हें बांड की शर्तों में शिथिलता दी जाएगी।

हाल ही में ऐसे 9 कर्मचारियों का चयन अन्य विद्युत कंपनियों में हुआ है, जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान किए गए बांड की राशि तथा अनिवार्य नोटिस अवधि से छूट दी गई है। यह निर्णय न केवल इन कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा, बल्कि भविष्य में भी यही नीति प्रभावी रहेगी।अर्थात, किसी भी हॉटलाइन प्रशिक्षित नियमित या संविदा कर्मचारी के अन्य विद्युत कंपनियों में चयन की स्थिति में यह शिथिलता स्वतः लागू होगी।

**मोक्ष संस्था ने निभाई इंसानियत की भूमिका, प्रशासन और समाज ने झाड़ा पल्ला**

# मां झोपड़ी में मरी, बेटों को खबर नहीं... सड़क पर घंटों पड़ा रहा लावारिस शव

हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी ने सोमवार को दो ऐसी मौतें देखीं, जिन्होंने इंसानियत को आईना दिखा दिया। एक वृद्धा की लाश झोपड़ी में दिनभर पड़ी रही, तो दूसरी घटना में एक वृद्ध भिक्षुक का शव सुबह से शाम तक सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन संवेदनहीन सिस्टम आंख मूंदे बैठा रहा।

### मौत की खबर पाकर सिवनी से पहुंचे

धनवंतरी नगर महाराणा प्रताप वार्ड स्थित मढ़फिया के पीछे झोपड़ी में रहने वाली 75 वर्षीय संपत्तिया आर्मो की लाश करीब 24 घंटे तक वहीं पड़ी रही। भूख और बीमारी से क्षेत्र में चर्चित जूझती अम्मा भीख मांगकर गुजारा करती थीं। पड़ोसियों को झोपड़ी से कोई हलचल न दिखी तो उन्होंने 'मोक्ष संस्था' के संस्थापक आशीष ठाकुर को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सहयोगियों ने जब दरवाजा खोला, तो वृद्धा मृत अवस्था में मिलीं। पड़ोसियों से मिली जानकारी के बाद संस्था ने उनके सिवनी में रह रहे दो बेटों से संपर्क कर अंतिम संस्कार की व्यवस्था करवाई। बेटों ने नम आंखों से कहा हमें नहीं पता था मां ज़िंदा हैं। मोक्ष का आभार है कि हमें उन्हें मुखाग्नि देने का अवसर मिला।



### सड़क किनारे शव, शिकायत के बाद पहुंची पुलिस

थाना गढ़ा अंतर्गत पिसन्हारी मडिया चौक पर एक अज्ञात वृद्ध भिक्षुक का शव सुबह से ही सड़क किनारे पड़ा था। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस को कई बार सूचना दी, लेकिन दोपहर तक कोई मदद नहीं मिली। शाम करीब 5 बजे जब राहगीर संतोष तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की, तब कहीं जाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पीएम के लिए भेजा गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

मोक्ष संस्था के संस्थापक आशीष ठाकुर, कार्यकर्ता प्रशांत, आकाश, अमित, राजू, प्रबल की इस पूरे घटनाक्रम में सराहनीय भूमिका रही। लेकिन नगर निगम से लेकर प्रशासन और पुलिस का कोई भी अधिकारी या सफाई अमला नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में रोष रहा।

सिहोरा को जिला बनाने और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# मूंग खरीदी में अनियमितता और अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर कांग्रेस ने जताया विरोध



हरिभूमि सिहोरा।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस जन ने शासकीय सिविल अस्पातल सिहोरा में चिकित्सकों की पदस्थापना करने,मूंग खरीदी में पारदर्शिता लाने,सिहोरा को जिला बनाने सहित अनेक मांगों को लेकर लोक स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री, पुनर्गठन आयोग,कलेक्टर जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपा।

### अस्पताल की इमरजेंसी सेवा हो रही बाधित

ज्ञापन में कहा गया है कि विगत कई वर्षों से चिकित्सकों की कमी बनी हुई है जिसके कारण आमजनों को कई प्रकार की असुविधाओं को सामना करना पड रहा है सिहोरा क्षेत्र से लगे हुये लगभग 200 गांव के लोग इलाज के लिये सिहोरा अस्पताल पर निर्भर है सिविल अस्पताल में एम.बी.बी.एस. 12 डाक्टर,द्वितीय श्रेणी के स्नाकोत्तर विशेषज्ञ चिकित्सक 06 एक सिविल सर्जन व प्रबंधक का पद स्वीकृत है किन्तु वर्तमान में 3 चिकित्सक एवं एक बंधपत्र चिकित्सक कार्यरत होने से अस्पताल की इमरजेंसी.ओ.पी.डी. चिकित्सा सेवा बुरी तरह से बाधित रहती है यहां पदस्थ 3 चिकित्सकों में एक की रात में डूयूटी रहने से दूसरे दिन चिकित्सक का ऑफ रहता है।

अस्पताल में महिला रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, नेत्र चिकित्सा सर्जरी तथा एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ के पद स्वीकृत है इसके बाद भी इनके भरने में शासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाये जा रहे है।

### मूंग खरीदी केन्द्रों में किसान हो रहे परेशान

इसी तरह मूंग खरीदी में किसानों को समितियों द्वारा एवं सर्वेयर द्वारा एवं वेयर हाउस संचालकों द्वारा अनुचित रूप से परेशान किया जा रहा है शासन द्वारा हर तहसील में 2 केन्द्र बनाये गये है। जिससे किसानों को लम्बी लाईन लगानी पड रही है और 4 से 5 दिन में किसानों का नम्बर आता है उसके बाद माल को फेल करके ट्रेक्टर को गोदाम से बाहर निकलवाया जाता है। सरकारी बेरूखी एवं व्यापारियों द्वारा किसानों को लूटा जा रहा है किसानों से अवैध वसूली हर वेयर हाउस में हो रही है। अतः किसानों की उक्त समस्या का निराकरण करते हुए मूंग खरीदी जाये।

### प्रशासकीय इकाई पुनर्गठन आयोग के नाम

प्रशासकीय इकाई पुनर्गठन आयोग के नाम भी सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिहोरा विखंडित होने से पूर्व मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी तहसील होने का गौरव रखती थी। सिहोरा के अंतर्गत सिहोरा, मझौली, ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद विकासखंड शामिल थे। वर्तमान में सिहोरा तहसील में शामिल रहे मझौली, ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद स्वयं तहसील हैं। क्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सिहोरा को जिला बनाया जाना उपयुक्त होगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर रविदीप सिंह बैस अध्यक्ष तहसील वार एसोसिएशन सिहोरा,अमोल चौरसिया, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि बाबा कुरैशी, एड आशीष ब्यौहार, लाल बहादुर पाठक,प्रदीप पटेल जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश कुररिया, पार्षद रमेश पटेल, आलोक पांडे के के कुररिया, संतोष पांडे, शंकर वंशकार, आदि उपस्थित थे।



## गुलाबी परिधानों में मनाया झूला उत्सव

**जबलपुर।** नव शक्ति महिला मंडल शक्ति नगर द्वारा श्रावण माह में झूला उत्सव मनाया गया। सिद्धिदात्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बाल कृष्ण के बाल रूप में रुशांक महाजन और राधा रानी के बाल रूप के किरदार में कियाना महाजन ने भाग लिया और दोनों ने अपनी वेशभूषा से सभी का मन मोह लिया। महिलाएं गुलाबी ड्रेस कोड में शामिल हुईं। आयोजन में प्रीति श्रीवास्तव, कल्पना महाजन , काजल तिवारी,प्रभा विश्वकर्मा, मीनू ,माया , सोनू राजपूत, प्रीति तिवारी, स्वाति चौरसिया ,नीता सिजारिया,पुनीता पांडे, पूनम पांडे ,स्वीटी चौरसिया, रितु कोरी,कंचन, बबली ,आरती, ममता अग्रवाल ,नीलम, रमा जायसवाल,ज्योति,श्यामा प्रेमलता, रानी, चित्रा दुबे, हेमा , कूपा, प्रिया महाजन और रुचिका महाजन आदि की उपस्थिति रही।

## योगाचार्य राम रतन लोधी ने हासिल की स्पाइन कॉर्ड की ट्रेनिंग



**बरेला।** राज्य विहार पटना में रीड की हड्डी अलाइनमेंट काइरोप्रेक्टिक ट्रेनिंग मैं जबलपुर मध्यप्रदेश के बरेला से योगाचार्य रामरतन लोधी ने वल्ड फेमस डॉ रजनीश कांत जी से रीड की हड्डी (स्पाइन कॉर्ड) की ट्रेनिंग सफलता पूर्वक प्राप्त की। इस अवसर पर योगाचार्य राम रतन लोधी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और समस्त नगर वासियों को दिया है।

## यूरिया-डीएपी के लिए भटक रहे किसान



**मझौली।** यूरीया डी ए पी के लिए मझौली में किसान भटक रहे हैं सुबह-शाम तक लाइन में लगे रहने के बाद किसी किसान को यूरीया मिल पाई किसी को नहीं पुरा दिन खड़े रहने के बाद नहीं मिल पा रही है। किसानों शासन प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र से शीघ्र पर्याप्त मात्रा में यूरीया डी ए पी भेजें जिससे किसानों को बार बार भटकना न पड़े। भारतीय किसान संघ मझौली के द्वारा मांग की गई है कि शीघ्र से शीघ्र इस समस्या का समाधान किया जाए।



## कतिया समाज द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कतिया समाज महासंघ, जिला शाखा जबलपुर के द्वारा संत भूरा भगत चौक (रेत नाका) में बाबा बर्फानी भोलेनाथ की प्रतीकात्मक प्रतिमा स्थापित की गई और भोलेनाथ के भंडारा का आयोजन किया गया। कतिया समाज की मनोकामनी कांवड़ यात्रा का स्वागत तिलक वंदन के साथ किया गया। युवा ब्रिगेड कतिया समाज के द्वारा मनोकामनी कांवड़ यात्रा का आयोजन संत भूरा भगत धाम से गौरीघाट माँ नर्मदा के जल से बाबा बर्फानी भोलेनाथ का जलाभिषेक भूरा भगत चौक में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष कतिया समाज युवा ब्रिगेड के तत्वावधान में किया जाता है। यह आयोजन लगातार सात वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस कांवड़ यात्रा में देश भर से कतिया समाज के बंधुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन भूरा भगत धाम में जलाभिषेक कर पूजा-पाठ आरती एवं भंडारा प्रसाद के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कतिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचएस (राजकुमार) महले, राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र गौतम, कतिया समाज जिलाध्यक्ष जबलपुर दिनेश नाग, युवा ब्रिगेड से संस्थापक कामेश सूर्यवंशी, जिला कतिया समाज सिवनी, जिला कतिया समाज नर्मदापुरम, कटनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, नागपुर, नैनपुर, खंडवा, भोपाल, नरसिंहपुर एवं समस्त भारत वर्ष से कतिया समाज के लोग शामिल हुए।

## जनसुनवाई का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को सुन कर निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।



कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम को विकासखंड मुख्यालय स्तर तक पहुंचा कर समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की अभिनव पहल की है। कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पहुंच कर जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को जानते और सुनते हैं। इसके पहले होता यह था कि ग्रामीण जन की जो समस्याएं अनुविभाग, तहसील और विकासखंड स्तर पर निराकृत नहीं हो पाती थी, वे मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी समस्याएं बताने कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचते थे। लेकिन अब कलेक्टर श्री यादव लोगों के पास खुद जाकर उनकी शिकायतों और समस्याओं से अवगत होते हैं।

अधिकारियो को दिये निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने जनसुनवाई में पहुंचे जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद विजयराघवगढ़ क्षेत्र के अपने-अपने विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री यादव ने डीईओ एसएस मरावी और डीपीसी श्री तिवारी को स्कूलों में नामांकन, साइकिल वितरण और पाठ्य-पुस्तकों के वितरण कार्य का जायजा लेने और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पांडेय को आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने तथा उपसंचालक कृषि और जिला वितरण अधिकारी अमित तिवारी एवं सहायक आयुक्त सहकारिता श्री कुरील को उर्वरक बिक्री केंद्र और समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र का अवलोकन करने निर्देशित किया है।

### 148 लोगों की सुनीं समस्यायें

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने 148 आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित किया।

## विप्र नारी शक्ति संगठन ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



**जबलपुर।** संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमिति उषा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । संगठन की बहनों ने हरे रंग की परिधान धारण कर इस पारंपरिक त्यौहार तीज को मनाया। इस कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि श्रीमती श्रद्धा आशीष गोटिया, श्रीमती अंजू भार्गव, श्रीमती कीर्ति अभिलाष पांडे का संगठन की बहनों द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य झलकियां नृत्य गीत हास्य व्यंग आदि रंगारंग कार्यक्रम किए गए। श्रीमती काली मिश्रा ,नीलम पांडे, सरोज पांडे ,सरोज पांडे ,शीला पांडे, सुमन शर्मा, शालिनी चौबे ,मिनी तिवारी ,सीमा तिवारी ,ज्योति तिवारी अर्चना आयाजी, प्रीति गर्ग ,गायत्री दुबे मालती दुबे, ज्योति मिश्रा, प्रभा खमरिया ,संगीता गौतम , विनिता दुबे आदि का सहयोग प्रदान हुआ। इस अवसर पर संगठन की सभी बहनों की उपस्थिति रही ।

### 13 मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम की हांका गेंग के कर्मचारियों द्वारा सोमवार रात्रिकालीन भी निरंतर अभियान चलाकर घुमंतू गोवंशों को



**डॉ. सुरेंद्र दुबे-** रामेश्वरम कॉलोनी उखरी रोड निवासी डॉ. सुरेंद्र दुबे (87) का निधन हो गया। वे स्व. शैलेंद्र दुबे, रवींद्र एवं धीरेंद्र दुबे के पिता थे। अंतिम यात्रा आज बुधवार को दोपहर 3 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

**श्री राधेश्याम अग्रवाल-** न्यू आदर्श नगर अधारताल निवासी श्री राधेश्याम अग्रवाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन लाल सिंह-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री मोहन लाल सिंह (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा उपाध्याय-** मिलौनीगंज छोटा फुहारा के पास पुलिस क्वाटर्स निवासी श्री राजकुमार उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती आशा उपाध्याय (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश सोनकर-** खटीक मोहल्ला घमापुर निवासी श्री कैलाश सोनकर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री रजनीश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूलमति कोरी-** गोरखपुर निवासी श्री खूबचंद कोरी




की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमति कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील रजक-** पनेहरा पेट्रोल पंप के पीछे पुराना शोभापुर निवासी श्री बाल किशन रजक के पुत्र श्री सुनील रजक (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगन्नाथ काछी-** लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास निवासी श्री जगन्नाथ पासी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बेनी प्रसाद शायलवार-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री बेनी प्रसाद शायलवार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला सिंह-** रानी दुर्गावती वार्ड मेडिकल बड़ा पत्थर के पास निवासी श्री दालचंद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमला सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आर्यन अरोरा-** रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी श्रवे अमित अरोरा के पुत्र श्री आर्यन अरोरा (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश बेन-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री राजेश बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

### देश के केंद्र बिंदु के जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास की मांग

**उमरियापान।** करौंदी स्थिति देश का भागौलिक केंद्र बिंदु वर्षों से उपेक्षा की मार झेल रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद स्मारक आज रखरखाव के अभाव में बदहाल है। सुंदर नक्काशी और सुंदरता बर्बाद होती जा रही है। देश के हृदय स्थल आज खुद अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐतिहासिक स्थल की यह दुर्दशा देखने के बाद हर पर्यटक निराश लौटता है। डॉ.राममनोहर लोहिया का सपना था कि देश के केंद्र बिंदु में एक अंतरराष्ट्रीय आदर्श गांव बसाया जाए, लेकिन निधन के बाद उनका सपना भी चकनाचूर हो गया। प्रशासन भी देश की इस धरोहर का संरक्षण नहीं कर सका और यह स्थल गर्त में समा गया। केंद्र बिंदु की दुर्दशा की समाचार पत्र में प्रमुखता से उठाया गया। खबर पर संज्ञान लेते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर भारत के भागौलिक केंद्र बिन्दु का जीर्णोद्धार और पर्यटन स्थल के रूप में विकास की मांग को लेकर पत्र सौंपा।

*किसी भी प्रकार की समस्या के लिए कंट्रोल रूम में करें शिकायत*

## पहुंची 835 मीट्रिक टन यूरिया, अब किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक मंगलवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इसके पहले बीते शुक्रवार को भी 1030 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिले के लिए मंगलवार को 835 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 130 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी को 50 मीट्रिक टन, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 55 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल एवं एमपी एग्रो कटनी को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## अदाणी बने एपीएसईजेड के गैर-कार्यकारी चेयरमैन

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने उद्योगपति गौतम अदाणी को तत्काल प्रभाव से कार्यकारी चेयरमैन से गैर-कार्यकारी चेयरमैन बना दिया गया है। एपीएसईजेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश के आधार पर निदेशक मंडल ने गौतम अदाणी को कार्यकारी चेयरमैन से गैर-कार्यकारी चेयरमैन बनाने को मंजूरी दे दी है। यह बदलाव पांच अगस्त से प्रभावी हो गया।

# भारत के लिए टैरिफ वॉर के बीच खुशखबरी, 11 माह के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंची मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टैरिफ वॉर के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। चीन और अमेरिका के दबाव के बावजूद भारतीय मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर ने दमदार प्रदर्शन किया है। एचएसबीसी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जुलाई में 11 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह उछाल नए निर्यात ऑर्डर और कुल बिक्री में तेज वृद्धि से समर्थन दिखा है। एचएसबीसी इंडिया ने जारी मासिक सर्वेक्षण में बताया कि मैन्युफैक्चरिंग के बाद अब सर्विस सेक्टर ने भी तेजी दिखाई है। एचएसबीसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.5 रहा जो जून में 60.4 पर था। विस्तार की दर अगस्त 2024 के बाद से सर्वाधिक है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का मतलब इसमें गिरावट है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि सेवा गतिविधि सूचकांक के 60.5 पर होने से नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि के दम पर मजबूत वृद्धि की गति का संकेत मिलता है।

## सर्विस सेक्टर की पीएमआई 11 महीने के शीर्ष पर

### कीमतों में उछाल से भी ग्रोथ पर असर नहीं

भंडारी ने कहा कि कीमतों के मोर्चे पर कच्चे व तैयार माल दोनों की कीमतें जून की तुलना में थोड़ी तेजी से बढ़ीं, लेकिन आगे चलकर इसमें बदलाव हो सकता है। जैसा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक व थोक मूल्य सूचकांक के हालिया आंकड़ों से संकेत मिलता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई फरवरी से 4 फीसदी से नीचे बनी हुई है। जून में यह 2.1 फीसदी थी।




### नए कारोबार में लगातार ग्रोथ

सर्वेक्षण में कहा गया कि नए व्यवसायों में निरंतर वृद्धि उत्पादन वृद्धि का मुख्य कारण रही है। साथ ही भारतीय सेवा प्रदाताओं ने अपनी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में भी मजबूत सुधार का स्वागत किया है। इसमें कहा गया कि उन्हें एशिया, कनाडा, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से नए काम मिलने की सूचना मिली है। कीमतों के मोर्चे पर, कच्चे माल व तैयार माल शुल्क जून की तुलना में तेजी से बढ़े। उत्पादन कीमतों में ठोस वृद्धि बढ़ी हुई लागत और मजबूत मांग को दर्शाती है।

## चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा होगी

# नीतिगत ब्याज दर पर आज आएगा एमपीसी का फैसला, बदलाव की संभावना कम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा बुधवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। विश्लेषकों का मानना है कि हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती के बाद इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना कम है।

- हाल ही में तीन बार में रेपो दर में कुल एक फीसदी की कटौती हो चुकी

मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर पर विचार-विमर्श का सिलसिला सोमवार से ही जारी है। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार सुबह 10 बजे की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार रिजर्व बैंक ब्याज दर को लेकर यथास्थिति बनाए रख सकता है।

**खास बातें**

- इस बार नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना काफी कम
- आरबीआई अधिक व्यापक-आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है



### उद्योग जगत को 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद

अमेरिका की तरफ से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आरबीआई अधिक व्यापक-आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक तबके को उम्मीद है कि बुधवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जा सकती है। इस साल फरवरी से लेकर जून तक हुई तीन एमपीसी बैठकों में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती की जा चुकी है।

### वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी अस्थिर

ग्रांट थॉर्नटन भारत में साझेदार विवेक अय्यर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी अस्थिर है और पिछली दर कटौतियों के असर को पूरी तरह देखने के लिए अभी और समय की दरकार है। उन्होंने कहा, "सीमा शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता के पहलू को आरबीआई पिछली दर कटौती के समय ही ध्यान में रख चुका है। ऐसे में हमें नहीं लगता है कि इसका नीतिगत निर्णय पर तत्काल प्रभाव पड़ना चाहिए।"

### दरों को स्थिर बनाए रखने की उम्मीद

आरईए इंडिया (हाउसिंग डॉट कॉम) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीण शर्मा ने कहा कि इस साल पहले ही एक प्रतिशत अंक की कटौती हो चुकी है लिहाजा दरों को स्थिर ही बनाए रखने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा, "घर खरीदार अब अल्पकालिक ब्याज दरों से कहीं ज्यादा दीर्घकालिक आत्मविश्वास से प्रेरित हैं।

### लचीले भुगतान से घरों की मांग बनी हुई

रियल एस्टेट डेवलपर भी लचीले भुगतान विकल्पों और सूझबूझ भरे प्रोत्साहनों के जरिये घरों की मांग बनाए हुए हैं।" एमपीसी में आरबीआई के तीन सदस्यों के रूप में गवर्नर मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन शामिल हैं जबकि बाहरी सदस्यों में नागेश कुमार, सौरभ भट्टाचार्य और राम सिंह शामिल हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी के नीचे

केंद्र सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घटबढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। इस साल फरवरी से खुदरा मुद्रास्फीति लगातार चार प्रतिशत के नीचे बनी हुई है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि दरों में बदलाव से पहले आरबीआई को और अनुकूल आंकड़ों का इंतजार रहेगा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक/स्वा./ई-निविदा/2025/5785 बालाघाट, दिनांक 05/08/2025

// निविदा-सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा निम्नांकित सामग्री क्रय करने/सेवॉए प्रदाय करने हेतु पंजीकृत संविदाकारो / पंजीकृत संस्थाओं से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_442370_1 | आवारा कुत्तो का बधियाकरण एवं ऐंटी रेबिज टीकाकरण कार्य | 10 लाख | 50 हजार रूपए मात्र। | 2000/- | आवश्यकतानुसार | कार्यालयीन आदेशानुसार |

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(बी.डी. कतरोलिया)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट



# कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

/ /निविदा सूचना आमंत्रण //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पी.आर.ओ.-410 दिनांक 05/08/2025 2025_UAD_442081_1 | संभाग क्रमांक 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत मालगुजार किराना से कटरा मस्जिद तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। | 02 माह 1.90 | 2000/- 3815/- | 25/08/2025 |
| 2 | पी.आर.ओ.-410 दिनांक 05/08/2025 2025_UAD_442081_2 | संभाग क्रमांक 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत हाजी मोहम्मद शब्बीर के मकान से गौरी शंकर मंदिर तक सीमेंटीकरण कार्य। | 03 माह 6.82 | 2000/- 6829/- | 25/08/2025 |
| 3 | पी.आर.ओ.-410 दिनांक 05/08/2025 2025_UAD_442081_3 | संभाग क्रमांक 07 शहीद अब्दुल हमीद वार्ड अंतर्गत डॉ. असगर अब्दुल रज्जाक होते हुये मरहूम सलीम विहारी के मकान तक सीमेंटीकरण कार्य। | 03 माह 3.79 | 2000/- 3800/- | 25/08/2025 |
| 4 | पी.आर.ओ.-410 दिनांक 05/08/2025 2025_UAD_442081_4 | संभाग क्रमांक 07 निर्मल चंद जैन वार्ड अंतर्गत पुराना कंचनपुर के पास वार्ड शासकीय स्कूल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 8.47 | 2000/- 8473/- | 25/08/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर


## एयरटेल का लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 5,947.9 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 5,947.9 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 4,160 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। भारती एयरटेल ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 28.4 प्रतिशत बढ़कर 49,463 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 38,506.4 करोड़ रुपये थी। भारती एयरटेल का भारत में राजस्व सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 37,585 करोड़ रुपये हो गया। भारत में कंपनी की प्रति ग्राहक औसत कमाई (एआरपीयू) समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 250 रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 211 रुपये थी।


# सोना 800 रुपए चढ़ा, चांदी में 2,000 रुपए की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की भारी लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

- स्टॉकिस्टों की भारी खरीदारी से सोना बढ़कर 98,820 रुपए प्रति 10 ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को इसकी कीमत 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले महीने होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती के चक्र को फिर से शुरू करने को लेकर बढ़ती आम सहमति के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।'' गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम रुख वाली टिप्पणियों और पिछले हफ्ते की निराशाजनक रोजगार बाजार रिपोर्ट के कारण कारोबारियों के बीच सितंबर में फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में प्रमुख ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इससे सोने के कारोबारियों का उत्साह बढ़ा है।'' सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये बढ़कर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### अमेरिकी कारखानों मांग घटने से सोने में तेजी

मिराए एसेट शेयर खान के एसोसिएट वाइस-प्रेसिडेंट (मुद्रा और जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा, "जून में अमेरिकी कारखाने ऑर्डर में गिरावट के कारण हाजिर सोने की कीमतों में सोमवार को लगभग 0.30 प्रतिशत की तेजी आई और यह 3,375 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।"

## ऑरियनप्रो ने इन्फ्रारिस्क का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस ने मंगलवार को कहा कि उसने मेलबर्न स्थित सॉफ्टवेयर फर्म इन्फ्रारिस्क का अधिग्रहण करने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बाजार में कदम रख दिया है।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र)

निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला - सिवनी (म.प्र.)
दूरभाष क्र. 07692-225559E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com

एनआईटी नं.- 19/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु. अ.(भ) जबलपुर दिनांक 29.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU_441567_1 | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भवन कुरई वि. ख. कुरई, जिला सिवनी का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | सिवनी (म.प्र.) | 96.73 | 96730.00 | 10000.00 | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1 - निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट/ कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 31.07.2025 से दिनांक 14.08.2025 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)

G-16757/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"


# पेटीएम से खत्म होगा चीन की कंपनी का नियंत्रण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की जानी मानी फिनटेक कंपनी पेटीएम को लेकर ये खबर सामने आई है कि चीन का एंट ग्रुप अपने शेयर बेचने जा रहा है। वन97 कम्युनिकेशंस के बड़े शेयरधारकों में से एक है चीन का एंट ग्रुप। लेकिन, खबर के मुताबिक, पांच अगस्त को एक ब्लॉग डील के जरिए चीन का यह एंट ग्रुप अपनी पूरी हिस्सेदारी 5.84 प्रतिशत को 3803 करोड़ रुपए यानी 38 अरब रुपए में बेचने के लिए तैयार है।गौरतलब है कि चीन के अलीबाबा ग्रुप की एक सहयोगी कंपनी है एटफिन। इसे पहले एंट फाइनेंसिया के तौर पर भी जाना जाता था। पिछले दो सालों के अंदर कई बड़े इन्वेस्टर्स ने पेटीएम में अपने हिस्सेदारी बेची है, जिनमें जापान की सॉफ्ट बैंक ग्रुप और वॉरेन बफेट की कंपनी बर्कशायर हैथवे शामिल है। गोल्डमैन सैक्स इंडिया सिक्योरिटीज और सिटी ग्रुप मार्केट्स इंडिया इस डील को लीड करेंगे। हालांकि, इसको लेकर अभी तक एंट ग्रुप या फिर वन97 कम्युनिकेशंस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

- 'अली बाबा' ने लिया फैसला, 3083 करोड़ में होगी ब्लॉक डील

### पीटीएम के शेयर में उछाल

पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयर में 16.01 प्रतिशत की उछाल आयी है। सोमवार को इसके स्टॉक में 0.33 प्रतिशत बढ़त देखने को मिली और एक साल के दौरान इसने जबरदस्त 116.24 प्रतिशत के करीब निवेशकों को रिटर्न दिया है।

### एंट फिन दो साल से हिस्सेदारी घटा रही थी

एंट फिन पिछले दो सालों से पेटीएम में लगातार अपनी हिस्सेदारी घटा रही थी। इससे पहले 2023 के मई महीने में चार प्रतिशत और फिर 2023 के अगस्त महीने में एंट ग्रुप ने 10.3 प्रतिशत की अपनी हिस्सेदारी बेची थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस डील में 3.77 करोड़ के इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे, जो पेटीएम के आउटस्टैंडिंग शेयर्स का 5.84 प्रतिशत हिस्सा है। फ्लोर प्राइस प्रति शेयर 1020 रुपए रखा गया है।

## ओला इलेक्ट्रिक 15 अगस्त को उत्पादों का खाका करेगी पेश

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक 15 अगस्त को अपने वार्षिक कार्यक्रम में उसके उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों से जुड़ा खाका पेश करेगी। वार्षिक कार्यक्रम 'संकल्प' 15 अगस्त को तमिलनाडु के कृष्णागिरी स्थित ओला इलेक्ट्रिक की 'गीगाफैक्ट्री' में आयोजित होगा। कंपनी ने बयान में कहा, '' कंपनी, संकल्प-2025 के दौरान अपने उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में 'इंडिया इनसाइड विजन' पेश करने को तैयार है।''उन्होंने कहा कि संकल्प-2025 इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा क्रांति को अगले स्तर पर ले जाने की दिशा में एक साहसिक कदम है। बयान में कहा गया कि यह देश की पहली लिथियम-आयन सेल निर्माण सुविधा 'गीगाफैक्ट्री' में कंपनी का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है।


## पश्चिम मध्य रेल

**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना कं.: जबल/एल/टीन 09/2025R दिनांक 31.07.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** DSD जबलपुर, कोचिंग डिपो रीवा, जीएम ऑफिस जबलपुर और बॉक्स-एन आरओएच शेड एनकेजे में नवीकरण कार्य (i) स्टोर डिपो- डीएसडी/जेबीपी के बुनियादी ढांचे में सुधार (ii) रीवा कोचिंग डिपो में वंदे भारत स्टोर भवन का निर्माण, (iii) जबलपुर मे जीएम ऑफिस में लेखा विभाग के अधिकारी कक्षों का नवीनीकरण, (iv) आरओएच शेड एनकेजे में अतिरिक्त गोदाम भवन के प्रावधानों के साथ स्टोर डिपो बॉक्स-एन/एनकेजे के बुनियादी ढांचे में सुधार, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखो में): Rs.** 4954042.74, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये मे):** 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है |:** वरि मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/ जबलपुर, **बयाना राशि रुपयेः** Rs. 99100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 22/08/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 22/08/2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती हैं।

(हस्ता)
वरि मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



# एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस :-18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर - 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761-2401338, website: www.lichousing.com

परिशिष्ट-IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 8002050000581 | श्री आशीष कुमार उइके श्रीमती कामना ठाकुर पता प्लॉट नंबर 198 पर घर, नानक गृह निर्माण सहकारी समिति, मौजा मानेगांव, एनबी 681, पटवारी हल्का नंबर 57, खसरा नंबर 7/23, 7/24, 7/29, 7/30, 7/32, 7/33, 7/35 म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 7/432, लाला लाजपत राय वार्ड, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. | प्लॉट नंबर 198 पर मकान, नानक गृह निर्माण सहकारी समिति, मौजा मानेगांव, एनबी 681, पटवारी हल्का नंबर 57, खसरा नंबर 7/23, 7/24, 7/29, 7/30, 7/32, 7/33, 7/35 म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 7/432, लाला लाजपत राय वार्ड, तहसील रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट | 13.05.2025 / 05.08.2025 | 33,67,063.49 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500016809 | श्री सेरीफुल हुसैन काजी श्रीमती मासूमा बेगम पता लेआउट प्लॉट नंबर सी-267, खसरा नंबर 213 का हिस्सा, सिग्मा कान्हा, मौजा सालिवाड़ा, एनबी 485, पटवारी हल्का नंबर 51 (नया 76), आरएनएम खमरिया, तहसील और जिला जबलपुर, म.प्र. | लेआउट प्लॉट संख्या सी-267, खसरा संख्या 213 का भाग, सिग्मा कान्हा, मौजा सालीवाड़ा, एनबी 485, पटवारी हल्का संख्या 51 (नया 76), आरएनएम खमरिया, तहसील और जिला जबलपुर, म.प्र.। क्षेत्रफल 840 वर्ग फीट | 14.05.2025 / 05.08.2025 | 17,65,201.74 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 3. | 8002050001861 | श्री अमित कुमार और श्रीमती माही कुमारी पता प्लॉट नंबर 28, खसरा नंबर 89/2 का हिस्सा, 92/1, मौजा घाना, पटवारी हल्का नंबर 14/43, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र. | प्लॉट नंबर 28, खसरा नंबर 89/2, 92/1 का हिस्सा, मौजा घना, पटवारी हल्का नंबर 14/43, आरएनएम महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, म.प्र. क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट | 13.05.2025 / 05.08.2025 | 29,23,462.58 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 06.08.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## चिंतन

# यूएस खुद रूस से कर रहा ट्रेड, अपने हित देखे भारत

भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों व चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इसका कारण है कि एक तो खुद अमेरिका दोहरा मानदंड अपना रहा है, दूसरा भारत को अपने राष्ट्रीय हित की रक्षा करने का हक है। भारतीय निर्यात पर ट्रंप जितना भी शुल्क लगाए, उसका अमेरिकी जनता को ही खामियाजा भुगतना होगा। फौरी तौर पर हो सकता है कि भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात में कमी आए, लेकिन इससे भारत को विचलित होने की जरूरत नहीं है। इसे भारत को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए और भारतीय निर्यातकों को वैकल्पिक बाजार की ओर रुख करना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी दी है कि चूंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, इसलिए इस दक्षिण एशियाई देश पर अगले 24 घंटों में भारी नया टैरिफ आयद किया जाएगा। ट्रंप ने पिछले हफ्ते ही भारत से आयातित उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी व रूस से तेल एवं गैस खरीदने की वजह से भारत पर अलग से जुर्माना लगाने की बात भी कही थी। भारत ने आंकड़ों के जरिये अमेरिका और यूरोप को आईना दिखाया है कि अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है व भारत-रूस व्यापार पर उंगली उठा रहा है। पिछले साल कड़े प्रतिबंधों और टैरिफ के बावजूद, अमेरिका ने रूस के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर का व्यापार किया था। अमेरिका अब भी रूस से अपने परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक गाड़ियों की इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और कच्चे रसायन आयात करता है। यूक्रेन ये युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस से इसलिए तेल का आयात शुरू किया था, ताकि वैश्विक आपूर्ति तंत्र बना रहे व कीमतों को नियंत्रित रखा जा सके। तब खुद अमेरिका ने भारत के इस कदम का स्वागत किया था। खुद अमेरिका व यूरोप यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, वे वास्तव में युद्ध का अंत चाहते हैं तो यूक्रेन को हथियारों की मदद बंद कर दें। यूरोपीय संघ ने वर्ष 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार किया। यह भारत के रूस के साथ उस वर्ष अथवा उसके बाद के कुल व्यापार से कहीं अधिक है। 2024 में यूरोप द्वारा रूस से एलएनजी का आयात 1.65 करोड़ टन तक पहुंच गया, जो 2022 में बने 1.521 करोड़ टन के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर गया। अमेरिका व यूरोप के दोहरे रवैये को देखते हुए अमेरिका का भारत को निशाना बनाना अनुचित और तर्कहीन है। किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तरह, भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता है। ट्रंप की इस नई चेतावनी के बाद रूस ने भारत का समर्थन करते हुए जवाब दिया है कि 'किसी भी देश को रूस के साथ व्यापार बंद करने के लिए मजबूर करना अवैध है। संप्रभु देशों को अपने व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिए साझेदारों को चुनने का अधिकार है। भारतीय सेना ने भी अमेरिका को वर्ष 1971 की याद दिलाते हुए उसका असली चेहरा दिखाया है कि कैसे अमेरिका व चीन ने भारत से युद्ध में पाकिस्तान की मदद की थी। अभी टैरिफ दर में, आईएमएफ से लोन दिलाने में व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका ने अपनी पाकपरस्ती दिखाई है। इसलिए भारत को अमेरिका के असली चेहरे को पहचानते हुए अपने राष्ट्रीय हित में कदम उठाना चाहिए और ट्रंप को जैसे को तैसा की तर्ज पर जवाब देना चाहिए। भारत व अमेरिका का संबंध ट्रेड के इर्द-गिर्द ही रहा है, इसमें दोस्ती जैसी कोई बात नहीं है।



श्रद्धांजलि
ओंकारेश्वर पांडे

# दिशोम गुरु से गुरुजी का कठिन सफर

अलग झारखंड का सपना उठाने वाले कई थे, पर उसे सच करने वाला सिर्फ एक नाम था दिशोम गुरु। लोग कहते हैं, "गुरुजी सिर्फ नेता नहीं थे, आंदोलन की आत्मा थे।" उनके समर्थकों के लिए वे एक विचार थे, एक प्रतिरोध की पहचान। भारतीय राजनीति में झारखंड आंदोलन दरअसल आदिवासी पहचान की वह कहानी है, जिसे दिशोम गुरु ने खून-पसीने से लिखा। "गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों से नहीं।" उन्होंने कसम खाई "जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी जाएगी।" सवाल है कि क्या यह नारा सिर्फ झारखंड तक सीमित रहेगा या पिता की राह पर चलते हुए हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा को आदिवासी मुक्ति मोर्चा के रूप में स्थापित कर पाएंगे।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन चले गए। 10 बार सांसद, 3 बार मुख्यमंत्री, और उससे भी बढ़कर, वो शख्स जिसने तीर-कमान से नहीं, बल्कि संघर्ष और अपनी सियासी चालों से बिहार के आदिवासियों को उनका हक दिलाया। अलग झारखंड का सपना उठाने वाले कई थे, पर उसे सच करने वाला सिर्फ एक नाम था दिशोम गुरु। लोग कहते हैं, "गुरुजी सिर्फ नेता नहीं थे, आंदोलन की आत्मा थे।" उनके समर्थकों के लिए वे एक विचार थे, एक प्रतिरोध की पहचान। भारतीय राजनीति में झारखंड आंदोलन दरअसल आदिवासी पहचान की वह कहानी है, जिसे दिशोम गुरु ने खून-पसीने से लिखा। 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में जन्मे शिबू सोरेन ने बचपन में साहूकारों की लूट देखी, खनन कंपनियों का लालच देखा। 1969 का अकाल, जब सरकारी गोदामों में अनाज सड़ रहा था और आदिवासी भूख से मर रहे थे, ने उनके भीतर ज्वाला भर दी। उन्होंने कसम खाई "जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी जाएगी।"

नेमरा (रामगढ़) की गलियों से उठी उनकी आवाज़ ने 1960–70 के दशक में आवाम को झकझोरा। जब धनकटनी आंदोलन शुरू हुआ, तब आदिवासी महिलाएं खेतों से धान काटकर ले जाती थीं, पुरुष तीर-कमान लिए पहरे पर खड़े रहते थे। पर सिस्टम भी था, सरेंडर, गिरफ्तारी, गिरफ्तारी वारंट तक जारी। उनकी शुरुआत छोटी थी, पर असर बड़ा। धान जब्ती आंदोलन से शिबू सुर्खियों में आए। साहूकारों के गोदामों से अनाज निकालना, तीर-कमान लिए आदिवासी पहरेदारों का पहरा, यह केवल विरोध नहीं था, यह सिस्टम को सीधी चुनौती थी। एक दिन शिबू सोरेन पारसनाथ के जंगलों में छिप गए, वहीं से आंदोलन चला "बाहरी" लोगों को निकालो, "झारखंड को शोषण से मुक्त करो" सपनों के इस आंदोलन ने उन्हें 'दिशोम गुरु' की पहचान दी। 1973 में उन्होंने ए.के. रॉय और बिनोद बिहारी महतो के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा बनाई। उस समय उनके नारे गूंजते थे "हमारी जमीन हमारी है, कोई दीकु (बाहरी) नहीं छीन सकता।" इसके साथ ही झारखंड आंदोलन तेज होने लगा। उस समय जेएमएम का बनना कोई आसान बात नहीं थी, राजनीतिक विरोध, विभाजन और मानसिक खींचतान के बीच उन्होंने पार्टी को जीवंत रखा। तब लालू यादव ने 1998 में कहा था, "झारखंड मेरी लाश पर ही बनेगा,"। लेकिन शिबू सोरेन ने सभी विरोधों को पार करते हुए, कांग्रेस, आरजेडी और बीजेपी से गठबंधन बनाया और बातचीत से राज्य का मामला संसद तक पहुंचाया। शिबू सोरेन ने समझ लिया था कि झारखंड का सपना सिर्फ जंगलों में धरना देकर पूरा नहीं होगा, इसके लिए दिल्ली की सत्ता के दरवाजे खोलने होंगे। और यही उन्होंने किया। 1989 में वी.पी. सिंह की सरकार को समर्थन, 1993 में नरसिम्हा राव को अविश्वास मत से बचाना, फिर 1999 में वाजपेयी की एनडीए सरकार से डील, शिबू हर बार सही मोड़ पर सही दांव खेलते रहे। कहते हैं, "गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों पर नहीं।" और हुआ भी वही। 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर झारखंड बना। जयपाल सिंह मुंडा ने आंदोलन की शुरुआत की थी, लेकिन उसे मंज़िल तक पहुंचाने वाला नाम था शिबू सोरेन। शिबू सोरेन की राजनीति का मूल था आदिवासी पहचान और जल-




जंगल-जमीन की रक्षा। उन्होंने सरहुल जैसे त्योहारों को विरोध का मंच बनाया। खदान मजदूरों को संगठित किया और खनन कंपनियों की नाक में दम किया। उनकी पहल पर पेसा कानून आया, जिसने ग्राम सभाओं को जमीन पर फैसला लेने का अधिकार दिया। 2006 का वन अधिकार कानून भी उनकी जिद का नतीजा था। झारखंड से अरबों का कोयला और लौह अयस्क दिल्ली तक गया, पर गांवों तक सिर्फ गरीबी पहुंची। यही विडंबना है राज्य तो बना, पहचान मिली, पर आर्थिक न्याय अब भी अधूरा है। झारखंड देश के सबसे समृद्ध खनिज राज्यों में है। कोयले, लौह अयस्क और अन्य खनिजों से केंद्र को सालाना 40-45 हजार करोड़ से ज्यादा का हिस्सा मिलता है, जबकि राज्य को खुद के टैक्स से करीब 34 हजार करोड़ की आमदनी होती है। आसान शब्दों में खनिज निकलता है झारखंड से, फायदा जाता है दिल्ली को। यही सबसे बड़ी लड़ाई रही है। और यह लड़ाई आज भी जारी है। दिशोम गुरु का सफर सियासत और मुकदमों की सफेद-स्याह परछाइयों और विवादों से भरा रहा। 1975 में 'बाहरी-विरोधी अभियान', जिसमें 11 मौतें हुईं, उन पर हत्या का आरोप लगा। 1993 के अविश्वास मत में रिश्वत का आरोप, 1994 में उनके निजी सचिव शशिनाथ झा की हत्या का मामला 2006 में सजा हुई, फिर 2007 में बरी हुए। फिर भी जनता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। जेल से निकलकर भी चुनाव जीते। तीन बार मुख्यमंत्री बने। दस बार सांसद रहे। पार्टी के एक नेता कहते हैं "एक आदिवासी जब खड़ा होता है, तो उसे राजनीति में फंसाया भी जाता है। हेमंत सोरेन को भी जेल में डाला गया। पर क्या साबित हुआ? जनता अब इन चालों को अच्छी तरह समझने लगी है।" शिबू सोरेन के उपर मुकदमे, सज़ा और विवादों का बोझ था, पर जनता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। उनके योगदान को लोग याद करते हैं, उन्होंने झारखंड का सपना रखा, आदिवासी पहचान को राष्ट्रीय विमर्श में रखा, और सबसे बड़ी बात कारपोरेट पावर को चुनौती दी। आज के दौर में विकास की जो रफ़्तार है, वह आर्थिक अधिकारों के सवाल को और गहरा कर देती है, क्या राज्य की खनिज संपदा उसी जनता को लाभान्वित कर पाएगी जिसने इसे जन्म दिया? गुरुजी चले गए, पर सवाल वहीं हैं। शिबू सोरेन ने कभी बीजेपी का समर्थन किया, फिर आरजेडी से हाथ मेला, कभी कांग्रेस से तालमेल किया—हर कदम पर साबित किया कि राजनीतिक दृढ़ता और पहचान की चुनौतियाँ गठबंधन नीति से होकर गुजरती हैं।

"गुरुजी का भरोसा सिर्फ लिखित वादों पर था, शब्दों से नहीं।" भाषणों की नहीं, जमीन की राजनीति की गई। यह उन्हें अलग बनाता है। शिबू सोरेन ने झारखंड का सपना देखा, उसे संसद में गूँजाया, और आखिरकार राज्य के रूप में राजनीतिक हक की लड़ाई जीत ली। "इतिहास उन्हें सिर्फ नेता नहीं, बगावत और पहचान का प्रतीक लिखेगा..." लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, और आर्थिक आत्मनिर्भरता का संघर्ष जारी है। हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं। यह भरोसा सिर्फ बेटे पर नहीं, बल्कि उस इतिहास पर है जो शिबू सोरेन ने लिखा। हेमंत कहते हैं "विकास जरूरी है, पर वह हमारी पहचान को मिटाए नहीं।" आदिवासियों को राजनीतिक हक मिला, पर आर्थिक हक का सवाल अब भी अधूरा है। यही वह लड़ाई है जो आज हेमंत को लड़नी है। क्या हेमंत वह कर पाएंगे जो गुरुजी के दौर में अधूरा रह गया? जमीनी राजनीति की बिसात पर सतर्कता और सफलता से चल रहे हेमंत सोरेन के सामने उनका नारा "जल, जंगल, जमीन" अब भी गूँजता है। सवाल है कि क्या यह नारा सिर्फ झारखंड तक सीमित रहेगा या पिता की राह पर चलते हुए हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा को आदिवासी मुक्ति मोर्चा के रूप में स्थापित कर पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।




प्लास्टिक संधि
राज कुमार सिन्हा

# प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति के लिए विश्व की उम्मीदें

स्विट्जरलैंड के जेनेवा में 5 से 14 अगस्त तक प्लास्टिक संधि के लिए अन्तरराष्ट्रीय वार्ता समिति के प्रतिनिधिमंडल अंतिम बैठक के लिए एकत्रित हुए हैं। जहां प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बंधनकारी (आईएलबीआई) समझौता पर अंतिम दौर की बातचीत होगी। इसके पहले मई 2022 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा ने समुद्री पर्यावरण सहित प्लास्टिक प्रदूषण पर एक अंतरराष्ट्रीय, कानूनी रूप से बाध्यकारी उपाय विकसित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। तब से अब तक पांच दौर की बातचीत पूर्ण हो चुकी है। अंतिम दौर की बातचीत अगस्त में होने जा रही है, जिसमें मुख्यतः प्लास्टिक उत्पादों के पूरे जीवन काल में प्राथमिक पॉलिमर उत्पादन से लेकर निपटान तक को ध्यान में रखें जाने की बात होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, प्लास्टिक की मांग सन् 2000 के बाद से लगभग दोगुनी हो गई है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, 2022 में फीडस्टॉक सहित 436.66 मिलियन टन पॉलिमर और प्लास्टिक का व्यापार हुआ, जिसमें अंतिम प्लास्टिक उत्पादों की मात्रा 111 मिलियन टन थी। आज, 99 फीसदी प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन से बनता है। जीवाश्म ईंधनों को परिष्कृत करके मोनोमर्स (निर्माण खंड) और फिर पॉलिमर में संसाधित किया जाता है और उत्पादन के विभिन्न चरणों में मध्यवर्ती पदार्थ और रसायन (अध्ययनों से पता चलता है कि 16,000 से अधिक रसायनों का उपयोग किया जाता है) मिलाए जाते हैं। प्लास्टिक को विनियमित करने का अर्थ अनिवार्य रूप से इन पेट्रोरसायनों को विनियमित करना होगा। प्लास्टिक उत्पादन और उपभोग को विनियमित करने के लिए, इन निर्माण खंडों, जिनमें इनका व्यापार भी शामिल है, पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है। विश्व भर के 600 से अधिक नागरिक समाज समूहों ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक मजबूत संधि की मांग करते हुए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें प्लास्टिक उत्पादन में महत्वपूर्ण कटौती पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र में कहा गया है कि जलवायु, जैव विविधता, मानव स्वास्थ्य, मानवाधिकारों और ग्रह की जीवन को सहारा देने और बनाए रखने की क्षमता पर हानिकारक प्रभाव डालता है। नागरिक समूहों ने वैश्विक प्लास्टिक उत्पादन में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करने के लिए संधि की माँग की है। प्लास्टिक के जीवनचक्र में हानिकारक रसायनों के उन्मूलन, प्लास्टिक संबंधी जानकारी में पारदर्शिता, कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताएं और तंत्र, प्रभावित समुदायों के लिए न्यायोचित परिवर्तन, झूठे समाधानों द्वारा जारी अपशिष्ट उपनिवेशवाद और पर्यावरणीय नस्लवाद का अंत, पुनः उपयोग और पुनः भरने की प्रणालियों को प्राथमिकता देने और मानव अधिकारों के संरक्षण का भी आह्वान किया है। कहा गया है कि प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट के उत्पादन में प्रयुक्त खतरनाक रसायनों पर बासेल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम द्वारा नियंत्रण किया जाता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) द्वारा शासित होता है, और प्रस्तावित आईएलबीआई के प्रावधान डब्ल्यूटीओ समझौतों के विपरीत होंगे। इससे विकासशील देश और वे देश जो पॉलिमर व्यापार पर निर्भर हैं, व्यापार पर अंकुश लगाने से प्रभावित होंगे।इधर पर्यावरण पर 20वें अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एएमसीईएन-20) ने वैश्विक प्लास्टिक संधि का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जताई है, तथा प्लास्टिक प्रदूषण पर अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन विकसित करने के लिए अंतर-सरकारी वार्ता समिति के साथ महाद्वीप की सहभागिता की आवश्यकता की पुष्टि की है। 18 जुलाई को नैरोबी में संपन्न हुई इस बैठक में स्वीकार किया गया कि अफ्रीका अपनी प्राकृतिक पूंजी की रक्षा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें विविध पारिस्थितिकी तंत्र, परिदृश्य, वायु, समृद्ध जैव विविधता से लेकर विशाल खनिज संपदा, मीठे पानी और समुद्री संसाधन शामिल हैं। इस कार्यक्रम में सदस्य देशों से पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण को अपनाने तथा समुदायों, महिलाओं और युवाओं को शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया गया, ताकि पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। भारत के नागरिक अपने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हैं कि इस होने वाले वार्ता में मानव स्वास्थ्य और अपस्ट्रीम समाधानों पर केंद्रित एक मजबूत वैश्विक प्लास्टिक संधि का समर्थन करें। जबकि प्लास्टिक पैकेजिंग, डिज़ाइन और सामग्री के उपयोग पर जीवनचक्र आकलन के आधार पर स्पष्ट लागू करने योग्य दिशानिर्देशों की तत्काल आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
## प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### कश्मीर से खत्म होगा आतंकवाद

आतंकवाद एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। तथ्य को नकारना रेत में सिर छिपाना ही होगा। जिस तरह सरकार ने 2026 तक माओवादियों को अल्टीमेटम दे दिया है, उसके भय से आत्म समर्पण की गति तेज हो गई है। सीमापार सरकार की ताकत जानते है। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण घाटी में आतंकवादियों का आना कम हो गया है। कश्मीर में अमन है। जिस व्यक्ति के दिमाग पर कोई शक्ति हावी हो जाती है। सामान्य तर्क उसके सामने बेनामी होते है। पहले कश्मीर घाटी के युवाओं को पत्थरबाजी का जुनून सवार था। अब युवा कम्प्यूटर और इंटरनेट से जुड़ाव होने से मुख्यधारा में जुड़ चुके है। जुनून एक जीवन की पथरीली राहो पर ले जाता है और योग्यता वाला जुनून आदमी बनाने में अहम भूमिका बनाता है। पाकिस्तान की भूमिका डरावनी ही रही है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### बचाव कार्य



उत्तरकाशी में फ्लैश फ्लड की घटना को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली। आईटीबीएस की 3 और एनडीआरएफ की 4 टीमों को घटनास्थल के लिए भेज दिया गया है, जो शीघ्र पहुँच कर बचाव कार्य में लगेंगी।
-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### गठबंधन में नहीं बसपा



बहुजन समाज पार्टी ना तो एनडीए गठबंधन के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है, ना ही अन्य किसी के साथ है, बल्कि अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है।
-मायावती,पूर्व सीएम, उप्र

### धर्म विशेष के लोग



जो भी गैर-क़ानूनी हो उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई हो क्योंकि अवैध तो अवैध होता फिर क्यों किसी जाति या धर्म विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है। हम इसके ख़िलाफ़ कोर्ट जाएंगे।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### मलिक का निधन दुखद



पूर्व राज्यपाल व किसान हितैषी नेता सत्यपाल मलिक के निधन का समाचार बेहद दुखद है। वे बेबाक़ी और निडरता से सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाते रहे। शोकाकुल परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर

# जापान में परमाणु बम पीड़ित फैला रहे लोगों में जागरूकता


हिरोशिमा और नागासाकी पर 80 साल पहले हुए परमाणु बम हमले में जीवित बचे लोगों ने बढ़ते परमाणु खतरों और वैश्विक नेताओं द्वारा परमाणु हथियारों को स्वीकार किए जाने पर चिंता जताई है। अमेरिका ने छह अगस्त, 1945 को हिरोशिमा पर और उसके तीन दिन बाद नागासाकी पर परमाणु बम से हमला किया था, जिससे उस वर्ष के अंत तक 2,00,000 से ज़्यादा लोग मारे गए थे। इस घातक हमले में कुछ लोग जीविच बच गए, लेकिन वे विकिरण संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हो गए। परमाणु बम हमले के लगभग एक लाख लोग अभी जीवित हैं। उनमें से कई लोगों ने खुद को और अपने परिवारों को आज तक जारी भेदभाव से बचाने के लिए अपने अनुभवों को छिपा रखा है जबकि कुछ लोग खुद के साथ हुई भयावह विभीषिका के चलते अपनी आपबीती नहीं बता पाए। कुछ जीवित बचे लोगों ने अपने जीवन काल के अंतिम दिनों में परमाणु बम हमले के खिलाफ इस उम्मीद के साथ बोलना शुरू किया है, कि उनकी आपबीती सुन कर शायद दूसरे लोग परमाणु हथियारों के खात्मे के लिए दबाव बना सकें। परमाणु बम हमले के पीड़ित 83 वर्षीय कुनिहिको आईडा अनेक स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद अपनी सेवानिवृत्ति के वर्षों में लोगों को अपनी पीड़ा बता रहे हैं।



## ऑफ बीट

# कुछ कपड़े धोने पर सिकुड़ जाते हैं ? कैसे रोका जाए

कपड़े आखिर क्यों सिकुड़ते हैं, यह जानने के लिए हमें पहले यह समझना होगा कि कपड़े बनते कैसे हैं। सूती और लिनन जैसे सामान्य रेशे पौधों से हासिल होते हैं। ये रेशे अपने प्राकृतिक स्वरूप में अनियमित आकार के और झुर्रीदार होते हैं। अगर आप इन रेशों के अंदर गहराई से देखेंगे, तो आपको लाखों छोटे, लंबी–शृंखला वाले सेल्यूलोज अणु नजर आएंगे, जो प्राकृतिक रूप से सर्पिल आकार में मौजूद होते हैं। कपड़ा बनाते समय इन रेशों को यांत्रिक रूप से खींचा और मोड़ा जाता है, ताकि ये सेल्यूलोज शृंखलाएं सीधी हो जाएं और कतार में आ जाएं। इस प्रक्रिया में चिकने, लंबे धागे बनते हैं। रासायनिक स्तर पर, ये शृंखलाएं 'हाइड्रोजन बॉन्ड' से जुड़ी होती हैं, जो रेशों और धागों को मजबूत एवं लचीला बनाते हैं। 'फाइबर मेमोरी' के कारण ही कुछ कपड़ों पर आसानी से सिलवटें पड़ जाती हैं, जबकि कुछ कपड़े धोने के बाद सिकुड़ भी जाते हैं। कपड़े धोने के दौरान, गर्म पानी रेशों के ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में मदद करता है– यानी वे तेजी से हिलते हैं, जिससे उन्हें एक–दूसरे से जोड़े रखने वाले 'हाइड्रोजन बॉन्ड' टूट जाते हैं। रेशों को जिस तरह से बुना या पिरोया जाता है, इसकी भी अहम भूमिका होती है। ढीले बुने हुए कपड़ों में धागों के बीच ज्यादा खुली जगह और लूप होते हैं, जो उन्हें न सिर्फ अधिक लचीला और सांस लेने योग्य बनाते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारती टावर अग्निकांड ने खोली नगर नियोजन की पोल, एक दमकल भी फेल





## फायर सेफ्टी सिस्टम होता तो बच सकतीं दर्जनों दुकानें: नपा अध्यक्ष

## भवन अवैध, फायर इक्विपमेंट गायब और नक्शे की खुली अनदेखी, घनश्याम जायसवाल ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।




*भारती टावर में भीषण अग्निकांड के बाद नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भवन में फायर सेफ्टी सिस्टम होता, तो आज इतना बड़ा हादसा टल सकता था। बिना फायर इक्विपमेंट के निर्माण को अनुमति कैसे दी गई, इस पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना ने नगर नियोजन, दमकल विभाग और प्रशासन की लापरवाही की परतें उधेड़ दी हैं।*

शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए भीषण अग्निकांड ने शहरी सुरक्षा व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर कर दी। भारती टावर में लगी आग ने न सिर्फ दर्जनों दुकानों को चपेट में ले लिया बल्कि लाखों की संपत्ति स्वाहा कर दी। इस हादसे के बाद नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल का बड़ा बयान सामने आया है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भवन में अगर फायर सेफ्टी से जुड़े उपकरण होते तो यह हादसा इतना भयावह न होता। घटना की शुरुआत भारती टावर की तीसरी मंजिल स्थित एक जिम से हुई, जहां शॉर्ट सर्किट के चलते आग भडक़ी और धीरे-धीरे पूरी इमारत को अपनी चपेट में लेती गई। कुछ ही देर में आग ने हरियाणा हैंडलूम, भारती प्रेस, टावर होटल समेत आस-पास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। नगर पालिका अध्यक्ष जायसवाल ने घटनास्थल पर मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भवन में न तो फायर अलार्म सिस्टम था, न ही अग्निशमन उपकरण। अगर समय पर फायर एक्सटिंग्विशर और अलार्म जैसी बुनियादी सुविधाएं होतीं, तो आग को शुरुआती स्तर पर ही काबू किया जा सकता था।

### दमकल सेवा हुई फेल, एक गाड़ी खाली लौट गई

स्थानीय लोगों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड की सेवाएं बेहद कमजोर साबित हुईं। घटनास्थल पर दो दमकल वाहन पहुंचे, लेकिन उनमें से एक में पानी नहीं था और वह खाली लौट गई, जबकि दूसरी तकनीकी कारणों से काम नहीं कर सकी। बाद में प्रशासन को अन्य नगरीय निकायों और रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट से दमकल वाहन मंगवाने पड़े, जिससे आग पर आंशिक नियंत्रण पाया जा सका।

### सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा हैंडलूम को

इस हादसे में सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा हैंडलूम प्रतिष्ठान को हुआ है, जहां करीब 1 करोड़ रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वहीं, टावर में स्थित जिम का करीब 50 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। इसके अलावा राहुल अग्रवाल की प्रिंटिंग प्रेस सहित कई अन्य दुकानें भी प्रभावित हुई हैं।

### अवैध निर्माण और ट्रस्ट की भूमि पर कब्जे के आरोप

घटना के बाद भारती टावर की वैधता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, जिस भूखंड पर यह टावर खड़ा किया गया है, उसका एक हिस्सा मोहनराम तालाब ट्रस्ट की भूमि पर कब्जा कर बनाया गया है। इतना ही नहीं, नगर पालिका द्वारा दिए गए नक्शे और स्वीकृत डिजाइन के अनुरूप भवन निर्माण नहीं किया गया। कई हिस्से मानकों के विरुद्ध अवैध रूप से बनाए गए हैं। घनश्याम जायसवाल ने इस पर भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जब भवन निर्माण स्वीकृति दी गई थी, तब फायर सेफ्टी की कोई पड़ताल नहीं की गई थी। अब इस तरह की लापरवाही पूरे इलाके को खतरे में डाल रही है।

### कलेक्टर की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

घटना के तुरंत बाद कलेक्टर डॉ. केदार सिंह मौके पर पहुंचे और नगर पालिका सहित संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। उनकी तत्परता के चलते फंसे हुए लोगों, जिनमें भवन स्वामी राहुल अग्रवाल का परिवार भी शामिल था, को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि शहर के सघन आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित सभी बहुमंजिला व्यावसायिक इमारतों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराई जाए। इसके अलावा अवैध निर्माण और निकासी व्यवस्था की भी गहन जांच करने के आदेश दिए हैं।

### स्थानीय आक्रोश और प्रशासन की जवाबदेही

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में खासा आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना था कि अगर पहले ही फायर ब्रिगेड की व्यवस्था दुरुस्त होती और नगर पालिका ने भवन निर्माण की मंजूरी देने से पहले सभी मानकों की जांच की होती, तो यह हादसा टाला जा सकता था। घनश्याम जायसवाल ने भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि हम केवल हादसों के बाद रोने की बजाय उससे पहले सजग हों। हर व्यावसायिक इमारत में फायर सेफ्टी अनिवार्य होनी चाहिए।

# विद्यालय में बच्चों के काटे गये बाल

**हरिभूमि न्यूज: मण्डला**

जिले के विकासखंड नारायणगंज के ग्राम टिकरिया स्थित शासकीय सांदीपनि हायर सेकंडरी स्कूल में छात्रों के साथ हुए व्यवहार को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनके सिर के बाल काट दिए गए और उन्हें स्कूल से यह कहकर बाहर कर दिया गया कि बाल बड़े हैं, छोटे कराकर वापस आओ। पीड़ित बच्चों का कहना है कि स्कूल में ही कैची से उनके बाल बेढंग तरीके से काटे गए जिस कारण उन्हें सबके सामने शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा और बाद में स्कूल से भगा दिया गया। इस घटना से जहां बच्चों में अपमान और हीन भावना उत्पन्न वहीं उन्हें अत्यधिक मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। बच्चों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या अभिभावकों को जानकारी दिए, सीधे इस प्रकार की कार्रवाई करना अनुचित है। स्थानीय लोगों और बच्चों का कहना है कि यदि वास्तव में बालों की लंबाई अनुशासन के विरुद्ध थी, तो पहले बच्चों को लिखित नोटिस देना चाहिए था या उनके अभिभावकों को सूचित करना चाहिए था। यदि इसके बावजूद समस्या बनी रहती, तो उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर उचित कदम उठाया जा सकता था। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने सीधे बच्चों के बाल काटकर न सिर्फ नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि बच्चों की मानसिक स्थिति को भी प्रभावित किया है। उल्लेखनीय है कि कोमल मन मस्तिष्क में बुरा असर न पड़े इसलिए पूर्व में माननीय न्यायालय एवं वरिष्ठ कार्यालय से ऐसे दिशा-निर्देश है कि बच्चों के साथ प्रताड़ना एवं ऐसा कोई कार्य न किए जाएं जिससे उनके मन मस्तिष्क में गलत असर पड़े।

# बाघों की लड़ाई में एक मृत, पंचनामा बना जलाकर किया गया नष्ट



दिनांक 04/08/2025 को शाम पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी के कर्माझिरी परिक्षेत्र के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 585, अलीकट्टा घास मैदान के समीप दो सुरक्षा श्रमिकों को बाघों को लड़ने की आवाज सुनाई दी एवं थोड़ी देर बाद रोड के दूसरी ओर बाघों को लड़ते हुए देखा एवं थोड़ी देर बाद एक बाघ को दूसरे बाघ के द्वारा खींचकर जंगल की ओर ले-जाते देखा ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

तभी उन्होने वरिष्ठ अधिकारी को उक्त के संबंध में सूचना दी, चूंकि वह स्थान जहां पर दोनो बाघ थे वह झाड़ियों से घिरा हुआ था अतः दूर से कुछ स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था एवं पैदल पास जाना घातक हो सकता था । अतः विभागीय हाथियों की मदद से बाघों के पास जाने का निर्णय लिया गया हाथियों के आते तक शाम ढ़ल चुकी थी । हाथियों पर सवार होकर पास जाकर देखने से पता चला कि, मृत बाघ एक अवयस्क मादा थी चूंकि दूसरा बाघ भी समीप ही था अतः मौके पर कैमरा लगाकर बाघ के शव को वहीं छोड़ दिया गया । आज सुबह मौके पर एन.टी.सी.ए. के प्रोटोकॉल के अनुरूप वरिष्ठ वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा एवं डॉ. अमित रैकवार पशु चिकित्सक कुरई के समक्ष पोस्टमार्टम कर देवाप्रसाद जे. क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, एन.टी.सी.ए. के प्रतिनिधि, शंशाक मेश्राम तहसीलदार कुरई, श्रीमति कोथिका कुशराम सरपंच टुरिया के समक्ष पंचनामा तैयार कर, मृत मादा बाघ के शव को जलाकर नष्ट किया गया ।

## दो देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस जप्त

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** थाना-कोतवाली पुलिस के टाउन एवं देहात भम्रण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक मोटर साईकिल से दो व्यक्ति अवैध रूप से हथियार पिस्टल अपने पास मे रखकर विक्रय करने के लिये नरसिंहपुर की ओर जरजोला रोड से आ रहे हैं। उक्त सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उन व्यक्तियों की घेराबंदी करने के लिए तत्काल में योजना तैयार की। जो कोतवाली पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उन व्यक्तियों की घेराबंदी जरजोला रोड पर की गयी। जो घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम को एक बिना नंबर प्लेट एच एफ 100 डीलक्स गाड़ी काली नीले रंग की मोटर साईकल में दो व्यक्ति बैठकर नहर वाली रोड से आते दिखे। जिन्हे रोककर पूछताछ की गयी तो पूछताछ में उन दोनों व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना पायी गयी। उक्त दोनों विधि उल्लंधनकर्ता बालकों की नियमानुसार जामा तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक-एक देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस जप्त किया और दोनो विधि उल्लंधनकर्ता बालकों को अभिरक्षा मे लिया गया। उक्त दोनों अपचारी बालको के विरूध्द थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 591/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त की गयीं अवैध पिस्टलों और कारतूस के मूल स्त्रोत के संबंध में आपचारी बालकों से पूछताछ की जा रही है।

# पीएम मोदी को इस्तीफा देने की धमकी देने वाले आरएसएस प्रमुख भागवत को गिरफ्तार करने किशोर समरिते ने केंद्रीय गृह सचिव भारत सरकार को लिखा पत्र!




**हरिभूमि न्यूज लांजी। संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरिते ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत पर यह आरोप लगाया है कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देने एवं इस्तीफा न देने पर अपहरण कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने की मांग की है।**

इस संपूर्ण मामले की सीबीआई एवं सर्वोच्च न्यायालय के रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कमीशन बिठाने की भी मांग की है श्री समरिते ने कहा कि भारत में राष्टीय स्वयं सेवक संघ जिसे 1947 में चार दिनों क लिये प्रतिबंध लगा, 1948 मेंदेशके सवोच्च नेता स्व० महात्मा गाधी जीकी हत्या से प्रतिबंध लगा, 1975 से 1977 तक आपाककाल के दौरान प्रतिबंध लगा तथा 1992 में बाबरी विध्वंस के लिये प्रतिबंध लगा। वर्तमान में कनाडा की सरकार ने आर.एस.एस. पर प्रतिबंध लगा दिया तथा अमेरिकी गुप्तचर संसथा सी,आई.ए. ने भी आर एस.एस. पर प्रतिबंध लगा दिया। आर.एस.एस. का भारत में कोर्ड पंजीयन नहीं है तथा यह संस्था भारत में आयकर भी नहीं देती है इसके बावजूद दिल्ली में इनका 300 कमरे का कार्यालय सहित 10 हजार करोड की सम्पति का मालिक है। तथा विदेशों में 84 देशों में इसका संगठन है। भारत सहित 'विदेशों में इस संसथा के नेता एवं कार्यकर्ताओं के विरूद्ध एक हजार से अधिक मुकदमें है ऐसी संस्था का प्रमूख भारत में देश के प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने अपने नागपूर कार्यालय में बुलाकर दबाव बनाता है। तथा प्रधानमंत्री को नागपूर में बुलाकर अपहरण करने एवं जान से मारने की धमकी देता है यह गंभीर सवाल है। प्रधानमत्री देश का होता है किसी दल का नहीं यह घटना भारत के लिये शर्मनाक है। ऐसी परिस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री की रक्षा करना एवं आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही आर.एस.एस. पर प्रतिबंध लगाना अतिआवश्यक है। भारत के प्रधानमंत्री पर इस्तीफ का दबाव बनाना देश कें साथ बगावत करना तथा यह केन्द्र की चनी हुई सरकार को गिराने की साजिश है। जनता के वोटो से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया से निर्वाचित भारत के प्रधानमंत्री का पद संवेधानिक पद है।

इस मामले में आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून तथा संगठित अपराध नियंत्रण कानून के तहत गिरफ्तार किया जाना चाहिये। ऐसी परिरिथिति में जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत से सन् 1857 से 1947 तक संघर्ष में मारे गये 8 लाख भारतीयों एवं 13500 क्रांतिकारीयों के परिवार को 20-20 लाख रूपये मुआवजा देने की योजना में कार्य कर रहे है। आर.एस.एस. को यह बात पसंद नहीं है। तथा आर.एस.एस. ने भारत के स्तंत्रता आंदोलनों में कभी हिस्ता नहीं लिया। इसीलिये आर.एस.एस.देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का विरोध कर रहेहै। इस मामले में संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरिते ने कहा भारत सरकार एवं केंद्रीय गृह मंत्रायल को सी.बी.आई. को दिशा निवेंश जारी कर आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत को प्रधानमंत्री को इस्तीफा का दबाव बनाने अपहरण कर जान से मारने की 'धमकी देने को मामले में एनएसए एवं यूएपीए के अलावा भी बी.एन.एस. की गैर जमानती धाराओं में अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करने तथा आर.एस.एस. को भारत में आजीवन प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही हेतु मांग की है।

# सिवनी में मानव तस्करी: ढाई वर्षीय मासूम को चोरी कर 50 हजार में बेचा

## सिवनी पुलिस की मेहनत से खुशियों में बदली कहानी

**कहते हैं कि मां की ममता और पुलिस की मेहनत अगर साथ मिल जाए तो कोई भी नामुमकिन मुमकिन बन सकता है। ऐसा ही एक दिल को छू जाने वाला मामला सामने आया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले के बरघाट विकासखंड के ग्राम पौनारकला से, जहां शादी समारोह से रहस्यमयी ढंग से अपहत ढाई वर्षीय मासूम देव को चार महीने बाद पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है।

दिनांक 23 अप्रैल 2025 को देव अपने माता-पिता के साथ एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने गया था। देर रात नींद आने पर उसकी मां ने उसे पास के एक कमरे में सुला दिया और बाकी परिवार शादी के कार्यक्रम में व्यस्त हो गया। लेकिन जब सुबह उठने पर बच्चा बिस्तर से नदारद मिला, तो मानो पूरे परिवार की दुनिया ही उजड़ गई।

परिजनों ने पहले गांव और रिश्तेदारी में बच्चे की तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो अगली सुबह बरघाट थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 226/25 के तहत धारा 137(2) भादंवि में मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई।

पुलिस को पता चला कि देव का अपहरण पुष्पा उर्फ पुष्पकला, पत्नी रविंद्र धुर्वे ने किया था। यह महिला मूलतः ग्राम पिंडरई की निवासी है लेकिन वर्तमान में महाराणा प्रताप नगर, सिवनी में किराये के मकान में रह रही थी।पुष्पा ने देव को ?50,000 में शीला साहू नामक महिला को बेच दिया था, जो सिवनी में अपने पति राजकुमार उर्फ गोपाल साहू के साथ रहती है और निःसंतान। इस केस की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता और एसडीओपी ललित गठरे ने बरघाट, अरी और कोतवाली सिवनी थानों की एक संयुक्त टीम गठित की। चार महीनों तक इन थानों की पुलिस दिन-रात जिले और



आसपास के इलाकों में बच्चें की तलाश में जुटी रही। सूफी नगर, सिवनी से प्राप्त खुफिया जानकारी पर जब पुलिस ने दबिश दी, तो देव को बरामद करने में बड़ी सफलता हाथ लगी।

### ऐसे लगा सुराग

स्थानीय लोगों से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला, जो निःसंतान है, अचानक एक छोटे बच्चे के साथ देखी जा रही है और वह महीने में मुश्किल से एक-दो बार ही बच्चे को घर से बाहर निकालती है।पुलिस ने जब महिला के घर में छानबीन की, तो बच्चे की पहचान और सारी सच्चाई सामने आ गई। पूछताछ के दौरान पुष्पा और शीला दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चार महीने तक ममता से दूर रहा मासूम देव, जब अपनी असली मां की गोद में पहुंचा, तो उसे पहचानना तक मुश्किल हो रहा था। लेकिन जैसे ही मां ने उसे बाहों में भरकर पुकारा देव बेटा तो मानो किसी भूले हुए राग को फिर से सुन लिया हो, और मां-बेटे की आंखें भर आईं। पुलिस ने पुष्पा उर्फ पुष्पकला (35 वर्ष) और शीला साहू पर धारा 137(2), 143(2), 64(1), 3, 4 न्याय सहिता के तहत केस दर्ज किया है। दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### महत्वपूर्ण तथ्य

अपहरण करने वाली महिला का शादी समारोह या परिवार से कोई भी संबंध नहीं था। शादी में मेहमान बनकर शामिल होकर बच्चे को अगवा किया गया। बच्चे को एक ऐसी महिला को बेचा गया, जो वर्षों से संतान सुख से वंचित थी। यह मामला न सिर्फ पुलिस की सतर्कता और समर्पण का उदाहरण है, बल्कि समाज को भी यह संदेश देता है कि हर अजनबी पर आंख मूंदकर भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। पुलिस की मेहनत का ही नतीजा है कि आज देव अपने घर, अपनी मां की गोद में वापस है।

# दिनदहाड़े जेवरों से भरा बैग लेकर भागे बदमाश, पुलिस जांच में जुटी

**मैहर।** दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। रक्षाबंधन से पहले एक आभूषण व्यापारी से लाखों के जेवर से भरा बैग चोरी हो गया। यह घटना रामनगर तहसील में हुई, जहां संतोष सोनी नाम के व्यापारी सुबह करीब 11 बजे अपनी दुकान पर पहुंचे। दुकान का ताला खोलते समय पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल से जेवरों से भरा बैग चोरी कर लिया और फरार हो गए। संतोष सोनी ने तुरंत रामनगर थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बताया कि चोरी हुए जेवरों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी तलाश कर रही है।

# मैहर में मोबाइल कोर्ट ने 12 वाहनों से वसूला 32 हजार का जुर्माना

**मैहर।** यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। बायपास स्थित केजेएस सीमेंट फैक्ट्री तिराहा और इंडियन कैफे हाउस के सामने मैहर-कटनी और मैहर-रीवा रोड पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी उदयाजीत कुंवर राव ने मोबाइल कोर्ट लगाकर कार्रवाई की। इस दौरान बस,ट्रक,ऑटो और अन्य भारी वाहनों की जांच की गई। कुल 12 वाहनों को रोक कर उनके बीमा, रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस और परमिट की जांच की गई। दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर वाहन चालकों पर कुल 32,500 का जुर्माना लगाया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और रेलवे स्टेशन के पास वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इस कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

## श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में शिव महापुराण कथा का दिव्य प्रवाह

# दस महाविद्या ही देवी पार्वती के दिव्य स्वरूप : ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास के पवित्र पर्व पर श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ, शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं असंख्य रुद्री पूजन व पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान का वातावरण भक्ति रस और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है। प्रत्येक दिन सैकड़ों श्रद्धालु भगवान शिव के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं। दिव्य कथा में पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने भक्तों को "दस महाविद्याओं" के दिव्य रहस्य से परिचित कराते हुए कहा कि दस महाविद्या वस्तुतः स्वयं आदिशक्ति मां पार्वती के ही दस रूप हैं। ये रूप जगत के संचालन, संहार और सृजन के रहस्य को समाहित किए हुए हैं।



### दो कुलों में विभाजित दस महाविद्या-

महाराज श्री ने बताया कि यह दस महाविद्या दो कुलों में विभाजित हैं कालीकुल, जिसमें देवी के उग्र, तामस और संहारकारी स्वरूपों की उपासना की जाती है। इस कुल की प्रमुख देवियां हैं काली, तारा, छिन्नमस्ता, और धूमावती। श्रीकुल, जिसमें देवी के सौम्य, सृजनशील और समृद्धिदायिनी रूप शामिल हैं, जैसे त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, भैरवी, बगलामुखी, मातंगी और कमला हैं।

### मिट जाता है भय, संकट और अज्ञान का अंधकार

उन्होंने कहा कि यह महाविद्या साधक को न केवल सांसारिक सुख, ऐश्वर्य, बल और यश प्रदान करती हैं, अपितु आत्मज्ञान, अंतःशुद्धि और मोक्ष की दिशा में भी मार्गदर्शन करती हैं। जो श्रद्धालु निष्ठापूर्वक इन देवियों की साधना करता है, उसके जीवन से भय, संकट और अज्ञान का अंधकार सदा के लिए मिट जाता है।

### पार्थिव शिवलिंगों का विशेष रुद्री पूजन

कथा के उपरांत पार्थिव शिवलिंगों का दुग्धाभिषेक, पुष्प श्रृंगार, दीपराधना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष रुद्री पूजन सम्पन्न हुआ। पूरा वातावरण "हर हर महादेव" और "जय बगलामुखी माता" के जयघोष से गूंज उठा।

### यह रहे उपस्थित-

इस दिव्य आयोजन में अनेक श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। कथा सत्र में प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, नीता पटेल, प्रतीक्षा सिंह, संजय मिश्रा, डॉ. मनीष पांडे, आदित्य त्रिपाठी, सुभाष खुदरह, आराधना आशीष चौकसे, सुधा संजय गुरु, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, सुनील गुप्ता, गौरव चौबे, सोनू कुरेले, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय और मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु भावपूर्वक उपस्थित रहे।

## गहोई वैश्य समाज पंचायत, नारी व नवयुवक मंडल के चुनाव संपन्न

जबलपुर। गहोई वैश्य समाज जबलपुर के पंच, नारी मंडल एवं नवयुवक मंडल के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। पंच पद हेतु शंभु दयाल बड़ेरिया, सुभाष रावत, जयकुमार रावत, संतोष सुहाने, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, रितेश खरया व मदन गुप्ता मोदी निर्विरोध निर्वाचित हुए। नारी मंडल में श्रीमती मेघा बडौनया अध्यक्ष एवं श्रीमती हर्षना तीतवलिसी मंत्री निर्विरोध चुनी गईं। नवयुवक मंडल में अध्यक्ष पद पर अभिषेक बिजपुरिया एवं मंत्री पद पर अभिषेक गेडा निर्वाचित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. अरुण सरावगी के मार्गदर्शन में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। पंच पद हेतु चुनाव अधिकारी अरुण खर्द, सहायक चुनाव अधिकारी इंजी कमल कांत गुप्ता बहरे नवयुवक मंडल में राम गोपाल ददरया चुनाव अधिकारी तथा सहायक चुनाव अधिकारी कृष्ण कुमार नौगरैया, नारी मंडल हेतु डॉ श्रीकृष्ण बिलैया चुनाव अधिकारी एवं रवि बडौनया सहायक चुनाव अधिकारी थे। चुनाव संपन्न कराने में चुनाव समिति सदस्य ब्रजबिहारी नगारिया, उत्तम चंद्र बिलैया, प्रोफे. राजेन्द्र चपरा, विजय सरावगी एवं डॉ राधेश्याम सुहाने की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनाव एवं मतगणना कार्य में एड अशोक पिपरसानिया, अशोक नौगरैया, अनिल सोनी, जयकुमार रावत, आलोक सरावगी, अरविंद गेडा, राकेश इटौरिया एवं श्रीमती सीता सरावगी आदि का विशेष सहयोग रहा। विजयी प्रत्याशियों ने समाज हित एवं समाज कल्याण हेतु कार्य करने की बात की। विजयी प्रत्याशियों को विजय सुहाने, कैलाश लहरिया, श्याम बिहारी चौदहा, अरुण रावत, राकेश सिजारिया, श्रीकांत इन्दुरख्या, अजय रावत आदि ने बधाई प्रेषित की।



## शिवदत्त जी महाराज के आश्रम में कांवड़ यात्रा का हुआ समापन

जबलपुर। सावन माह महापर्व में देवाधिदेव महादेव की ओम नमः शिवाय गूंज के साथ हृदय नगर से भव्य विराट कावड़ यात्रा निकाली जहां हजारों श्रद्धालु कंधे पर कावड़ रख के शिवदत्त जी महाराज के आश्रम रेलवे स्टेशन में रुद्राभिषेक के साथ समापन किया सनातन जागृत हिंदू संगठन परिषद के अध्यक्ष रवि तिवारी ने बताया कांवड़ यात्रा सनातन से जुड़ी पुरानी और ऐतिहासिक यात्रा है। रामायण में उल्लेख मिलता है श्रवण कुमार ने माता पिता को कंधों पर बिठाकर कांवड़ यात्रा पूरी की थी। उन्होंने इस यात्रा के जरिये अपने माता पिता को चारों धाम के दर्शन करवाये थे। इसी दौरान वे अपने माता पिता को हरिद्वार भी लेकर आये थे। जहां उन्होंने माता पिता को गंगा में स्नान करवाया था। श्रवण कुमार की यात्रा से ही कांवड़ यात्रा का चलन शुरू हुआ, कावड़ यात्रा के समापन पर सनातन जागृत हिंदू संगठन परिषद द्वारा विशाल भंडारा किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष रवि तिवारी राजेंद्र मिश्रा सीमा गर्ग संध्या तिवारी काजल तिवारी स्वती मिश्रा स्वेता गर्ग अनुराग गर्ग दीपक तिवारी शीतल बर्मन मुस्कान मिश्रा राहुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बालक मंदिर स्कूल में पर्यावरण दिवस पर हुए विविध आयोजन

जबलपुर।

मध्यप्रदेश विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती अंजना तिवारी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि "वैश्विक स्तर पर हो रहे पर्यावरणीय बदलावों को संतुलित करने के लिए पौधारोपण न केवल समय की मांग है, बल्कि हम सभी की साझा जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि शाला परिसर में पौधारोपण का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभ से ही पर्यावरण संरक्षण की चेतना विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान केजी कक्षा के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरे परिधानों में आकर्षक कविता पाठ एवं पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पालना घर प्रभारी श्रीमती भारती वर्मा, शाला की वरिष्ठ शिक्षिकाएँ तथा छात्र-छात्राओं द्वारा भी सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया।



## संभागायुक्त ने संभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें सीएम हेल्पलाइन, निर्माण कार्य, मातृवंदना योजना, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेश दीक्षित सहित सभी संभागीय अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में न्यून प्रदर्शन वाले अधिकारियों से कहा कि इसमें सतत मानीटरिंग कर प्रगति लायें और प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। साथ ही निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपूर्ण निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करावें।

# विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ ने आयोजित किया तुलसी जयंती समारोह

जबलपुर।

विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में तुलसी जयंती समारोह का भव्य एवं दिव्य आयोजन विगत दिवस दत्त मंदिर गोल बाजार में नगर निगम सभा अध्यक्ष रिंकूज विज के मुख्य आतिथ्य में एवं समाज सेवी डॉक्टर जितेंद्र जामदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर स्मृति शुक्ला, इंजीनियर दुर्गेश व्यवहार, और महेश मानव मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथि गणों ने मां वीणा पाणी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वात्मा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र कुमार शर्मा ने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी भारतीय संस्कृति के महाकवि थे। उन्होंने रामचरितमानस के रूप में ऐसे साहित्य की रचना की जो भारतीय जनमानस का सबसे पवित्र हुआ अलौकिक ग्रंथ है तुलसीदास जी ने रामचरित मानस के माध्यम से भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुंचाया है। रामचरित मानस का मूल उद्देश्य श्री राम के चरित्र के माध्यम से नैतिकता एवं सदाचार की शिक्षा देना रहा है। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र जामदार, आचार्य डॉक्टर हरिशंकर दुबे, डॉक्टर दुर्गेश व्यवहार, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज ने भी अपने विचार साझा किये। इस गरिमामय कार्यक्रम में आचार्य भी भ्रगुदत्त शास्त्री, आचार्य अशोक पांडे, डॉ एच. पी. तिवारी, पं. सत्य प्रकाश शर्मा, पंडित हीराधर बडगैंया, पं निरंजन प्रसाद द्विवेदी, कमलेश व्यास, पंडित अजय शुक्ला, पंडित अनिल शुक्ला, पं.सुनील शर्मा डॉक्टर अरुण मिश्रा, पं.दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





## महिला मंडल ने किया तुलसी मानस प्रतियोगिता का आयोजन

जबलपुर। विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ एवं संजीवनी नगर महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विगत दिवस राम मानस महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दुबे के संयोजन में स्थानीय दत्त मंदिर गोल बाजार में मानस गान प्रतियोगिता का भव्य एवं दिव्य आयोजन विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मानस गान प्रतियोगिता में नगर की विभिन्न मानस महिला मण्डलियों एवं एकल गायन प्रतियोगियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मनमोहक मानस चौपाईयों का प्रस्तुति करण कर जनमानस का मन मोहा। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉक्टर उषा दुबे, दुर्गेश व्यवहार तथा महेश मानव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलेश व्यास तथा आभार प्रदर्शन राम मानस महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दुबे ने किया। इस अवसर पर मानकुंवर महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर स्मृति शुक्ला, डॉ उषा दुबे, डॉ.आशा पाण्डेय, डॉ श्रद्धा तिवारी, अनीता दुबे,माधवी फौजदार, ज्योति जादौन,विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र कुमार शर्मा, डॉ हरीशंकर दुबे,सत्य प्रकाश शर्मा, डॉ एच पी तिवारी,अरुण दुबे एडवोकेट, डॉ.अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न



जबलपुर।

विगत दिवस होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की मध्य प्रदेश राज्य शाखा के चुनाव मे प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आर के गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एल बी मौर्या, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ प्रवीण मल्होत्रा, महासचिव डॉ अवधेश भट्ट, कोषाध्यक्ष डॉ विजय सिंह यादव, सह सचिव डॉ दीप्ति लहारिया सर्वसहमती से चुने गए। डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ विनोद बड़गैंया,डॉ अभिषेक दुबे,डॉ अंजना कपूर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य शाखा का चुनावी कार्यक्रम सफलता पूर्वक सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेतु डॉ आर के चतुर्वेदी, डॉ सुनील मिश्र (जबलपुर), डॉ अश्विनी द्विवेदी (इंदौर), को चुना गया है। बैठक के प्रारंभ में निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आर के चतुर्वेदी, महासचिव डॉ प्रवीण मल्होत्रा, ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस बैठक में वरिष्ठ आजीवन सदस्य डॉ आर के हिरानी,डॉ बामन राव ढोके,डॉ सुप्रियो सरकार,डॉ अल्केश खत्री,डॉ तुलाराम लाड़यि,डॉ मेघा चौरसिया, डॉ राघवेंद्र तिवारी,डॉ गणेश सुरकर,डॉ नितेश यादव,डॉ विनोद शर्मा,डॉ आशुतोष सोलंकी,डॉ रवि नामदेव,सहित सभी यूनिटो के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या मे सदस्यों की उपस्थिती रही।

## मानव कल्याण परिषद ने नेत्रहीन कन्याओं के साथ सावन उत्सव मनाया



जबलपुर। मानव कल्याण जनक्रांति परिषद की अध्यक्ष डॉ. गीता पांडे के संयोजन में संगठन के पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा नेत्रहीन कन्या विद्यालय में सावन उत्सव मनाया गया, जिसमें जो बच्चियां देख नहीं सकती हैं उन बच्चों ने सुमधुर भजन गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं बच्चियों को भोजन भी कराया गया। यशवंत कोस्ट ने बताया कि ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए, जिससे इन बच्चों के बीच में आकर बहुत अच्छा लगता है। इंद्र कुमार कुशवाहा ने सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया, कार्यक्रम में यह संदेश दिया कि सभी को इन बच्चों के साथ कार्यक्रम करना चाहिए। इस अवसर पर यशवंत कोस्टा, इंद्र कुमार कुशवाहा, कविता त्रिपाठी, हेमलता तिवारी, रेखा विश्वकर्मा, एडवोकेट अनिल दुबे, विनय डेविड, भरत नामदेव, संजय शर्मा, एडवोकेट रचना तिवारी, दिलीप गोस्वामी अन्य सदस्य उपस्थित रहे, आभार प्रदर्शन नीलम शर्मा ने किया।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS AJAY KUMAR BADHAWA I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS AJAY KUMAR WADHWA S/O SHYAM-SUNDER WADHWA RESIDENT OF 481, HOWBAGH STATION ROAD, GEORGE DSILWA WARD, NAPIER TOWN, GORKHPUR, JABALPUR (M.P.) 482001.

## शिव महापुराण कथा में माँ नर्मदा की प्रकोत्सव की कथा सुनाई

जबलपुर। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दुर्गानगर रामपुर में श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 28 जुलाई से जारी है। आयोजक ओमप्रकाश महावर ने बताया कि 06 अगस्त तक चलने वाली कथा में व्यासपीठ से पं. रूपनारायण शास्त्री अपनी रसमयी वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। 2 अगस्त को भगवान गणेश जन्मोत्सव प्रसंग पर कथा श्रवण कराई गई। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती नर्मदा महावर व विनोद-गीता महावर हैं। कार्यक्रम में उदित ठाकुर, आशु पासी, भूरा यादव, राजू बर्मन, शुभम सोनी, ऋषभ चौधरी, लल्ला प्रजापति, अन्नू सोंधिया सहित अन्य शामिल रहे।



## विधायक ने छात्र-छात्राओं को बस्ता-कॉपियों का वितरण किया

जबलपुर। केंट विधानसभा अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्रमांक 79 डुमना रोड मंहगवा स्थित शासकीय विद्यालय में दादा ईश्वरदास रोहाणी की परम्परा को अविस्मरणीय कड़ी को आगे बढ़ाते हुए केंट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सजग एवं कर्मण कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी स्कूलीय छात्र-छात्राओं को बस्ता सहित कॉपियों का वितरण करते हुए उनके शिक्षा काल को सुगमता प्रदान करने का प्रयास किया। विधायक ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की, विधायक अशोक रोहाणी के इस सहयोग से छात्र-छात्राओं के परिवार में अद्वितीय खुशी की लहर व्याप्त हुई, सभी ने विधायक को ह्रदय से धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष आशीष राव, मनोनीत पार्षद सोना वर्मा, मंगल उपाध्याय, एवं स्कूल के बच्चे, शिक्षक गणों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## एपीएन नर्मदा महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

जबलपुर। ए.पी.नर्मदा महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, प्राचार्या डा. सोनल खरे रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, एवं धवल श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण किया गया। एन.सी.सी. कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं को प्रकृति का संतुलन बनाये रखने एवं प्रकृति के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण करने का चमन श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन ही नहीं अपितु स्वच्छ वातावरण के लिये भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय की एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा0 दिव्या पाराशर एवं महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ एन.सी.सी. कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं BHAVANA GADGIL उम्र 61 वर्ष W/O SANJAY GADGIL मेरी 10th की अंकसूची में मेरा विवाह पूर्व का नाम SHAKUNTALA SHEKETKAR लिखा हुआ है जो की विवाह के बाद मेरा नाम BHAVANA GADGIL हो गया है जो मेरे आधार और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम BHAVANA GADGIL से जाना पहचाना जाए।

नया नाम:- BHAVANA GADGIL
(भावना गाडगिल)
पुराना नाम
SHAKUNTALA SHEKETKAR
पता -: 2/6 आनंद अपार्टमेंट
नेपियर टाउन जबलपुर

**न्यायालय अति. तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र.5886/अ-6/2025-2026
अधारताल, दिनांक 5/8/2025
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कचनारी तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जहांआरा एवं अन्य पिता मो. अकरम जाति- निवासी 14 भगत सिंह कॉलोनी अब्दुल्लागंज आमोदा जिला रायसेन ग्राम कचनारी बंदोबस्त नं. 83 प.ह.न. 77 नजूल प्लाट नं.- में स्थित भूमि खसरा नंबर 63/1 रकवा क्रमशः- में से रकवा 0.4100 हेक्टेयर भूमि के खाताधारक मो. अकरम बल्द नूर मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 26/1/25 होने के उपरांत उनके विधिक वारसान द्वारा फौती के माध्यम से नामांतरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-5/8/25, पेशी दिनांक -20/8/25
मुद्रा अति. तहसीलदार, अधारताल जबलपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.**
रा. प्र. क्र. /अपील/2025-26

01-श्री मानसिंह पिता स्व.श्री फूलसिंह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. । 02-श्रीमति पार्वती बाई बेबा स्व. श्री राजेश कुमार लोधी निवासी मकान नंबर 104 लोधी मोहल्ला शंकर मंदिर के पास मसन्धा जिला कटनी। 03-श्री उमेश कुमार पिता श्री मानसिंह निवासी खुलरी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. ................................अपीलार्थीगण

विरूद्ध 01- श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदन महल, जबलपुर ................................गैरअपीलींगण

**// आम-सूचना एवं इश्तहार //**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्री मानसिंह पिता स्व. श्री फूलसिंह वगैरह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 204 आदेश दिनांक 09/01/1979 से व्यथित होकर अपील गैर अपीलार्थीगण फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर से व्यथित होकर अपील म. प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा सगड़ा नं. बं. 421 पं. हं. नं. 28/33 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/1 रकवा 0.517 वर्गफुट है. भूमि संपत्ति पर दर्ज श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर म.प्र. के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 14/08/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते हैं।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग गोरखपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गोरखपुर जिला जबलपुर म.प्र.**
रा. प्र. क्र. /अपील/2025-26

01-श्री मानसिंह पिता स्व.श्री फूलसिंह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. । 02-श्रीमति पार्वती बाई बेबा स्व. श्री राजेश कुमार लोधी निवासी मकान नंबर 104 लोधी मोहल्ला शंकर मंदिर के पास मसन्धा जिला कटनी। 03-श्री उमेश कुमार पिता श्री मानसिंह निवासी खुलरी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. ................................अपीलार्थीगण

विरूद्ध 01- श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदन महल, जबलपुर ................................गैरअपीलींगण

**// आम-सूचना एवं इश्तहार //**

एतद् द्वारा गैरअपीलार्थीगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण श्री मानसिंह पिता स्व. श्री फूलसिंह वगैरह निवासी गंगई बड़खेड़ा जिला जबलपुर म. प्र. द्वारा नामांतरण पंजी क्रमांक 204 आदेश दिनांक 09/01/1979 से व्यथित होकर अपील गैर अपीलार्थीगण फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर से व्यथित होकर अपील म. प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा सगड़ा नं. बं. 421 पं. हं. नं. 28/33 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 89/1 रकवा 0.517 वर्गफुट है. भूमि संपत्ति पर दर्ज श्रीमति फूलारानी बेबा स्व. श्री हरीराम निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर म.प्र. के नाम पर दर्ज भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण दिनांक 14/08/2025 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। जिसमें न्यायालय में स्वयं एवं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दावे एवं आपत्तियां लिखित में समक्ष में पेश कर सकते हैं।

नियत पेशी तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण गुण-दोष के आधार पर किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग गोरखपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

# कोटा कम और त्यौहारी मांग से शक्कर में घुली महंगाई

## फुटकर में 45 रुपए के पार हुई शक्कर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार द्वारा अगस्त माह के लिए उम्मीद कम कोटा जारी किए जाने के साथ बाजार में त्यौहारी मांग जोरों पर निकलने से शक्कर की कीमतें में कड़वाहट घुल गई। शक्कर के थोक भाव में 200 रुपए की क्विंटल की तेजी दर्ज हुई है।

स्थानीय हनुमानगंज स्थित थोक शक्कर कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार थोक बाजार में शक्कर मीडियम का सौदा 4400 रुपए, शक्कर सुपर 4360 रुपए क्विंटल के भाव हो रहा है तो फुटकर व्यापारी हरशेन्द्र महाजन ने बताया कि खुदरा बाजार में शक्कर 45 रुपए किलो के पार है।



### इस साल में 13 फीसदी से अधिक बढ़े चीनी के दाम

गौरतलब है कि त्योहारी मांग के होने से चीनी में महंगाई का रंग चढ़ना शुरु हो गया। बाजार जानकारों के अनुसार देश में चीनी की कमी नहीं होने के बावजूद इस साल में चीनी के दाम 13 फीसदी से अधिक बढ़ गए हैं। बाजार में चीनी की कमी न हो, इसके लिए खाद्य मंत्रालय ने अगस्त 2025 के लिए 582 चीनी मिलों को 22.5 लाख मीट्रिक टन का मासिक चीनी कोटा आवंटित किया, जो अगस्त 2024 के लिए आवंटित कोटे से कम है। अगस्त 2024 में सरकार ने घरेलू बिक्री के लिए 22 लाख मीट्रिक टन का मासिक चीनी कोटा आवंटित किया था। जुलाई 2025 के लिए भी चीनी कोटा आवंटन 22 लाख मीट्रिक टन था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार अधिक मांग के कारण जुलाई में कीमतों में 150 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि देखी गई। रक्षा बंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, श्रावण आदि जैसे त्योहारों के कारण अगस्त का कोटा अपेक्षित मांग से कम है । मांग अधिक होने के कारण बाजार में कीमतों में 200 रुपए प्रति क्विंटल की और वृद्धि होने की संभावना है।

### *मध्यप्रदेश में जुलाई तक 5.10 लाख टन शक्कर का उत्पादन*

*सहकारी चीनी मिलों की शीर्ष संस्था- नेशनल फेडरेशन ऑफ को ऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि चालू मार्केटिंग सीजन में 1 अक्टूबर 2024 से 31 जुलाई 2025 के दौरान देश में चीनी का कुल उत्पादन घटकर 258.20 लाख टन पर अटक गया जो 2023-24 सीजन की समान अवधि के उत्पादन 316.35 लाख टन से 58.15 लाख टन या 18.38 प्रतिशत कम है। फेडरेशन के अनुसार 2023-24 सीजन की तुलना में 2024-25 सीजन के दौरान चीनी का उत्पादन उत्तर प्रदेश में 103.65 लाख टन से घटकर 92.75 लाख टन, महाराष्ट्र में 110.20 लाख टन से लुढ़ककर 80.95 लाख टन, कर्नाटक में 53 लाख टन से गिरकर 42 लाख टन तथा गुजरात में 9.20 लाख टन से फिसलकर 8.90 लाख टन रह जाने का अनुमान है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में 90 हजार टन बिहार में 6.20 लाख टन, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में 5.10 लाख टन, पंजाब में 5.65 लाख टन, तमिलनाडु में 7 लाख टन तेलंगाना में 1.70 लाख टन, उत्तराखंड में 3.70 लाख टन तथा देश के अन्य राज्यों में 1.10 लाख टन चीनी के उत्पादन की उम्मीद है।*

## एचडीएफसी बैंक ने एपीके धोखाधड़ी से सावधान रहने साझा किया संदेश

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए ऐसी धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एपीके घोटाले में धोखेबाज आमतौर पर बैंक कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके सोशल इंजीनियरिंग रणनीति का इस्तेमाल करते हैं।

इसमें संदेश प्राप्तकर्ता को एक फजी एपीके फाइल प्राप्त होती है जो विश्वसनीय स्रोतों से होने का दावा करती है। जब कोई व्यक्ति इन फाइलों को इंस्टॉल करता है तो धोखेबाज उनके फोन पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लेता है। फिर धोखेबाज कॉल और टेक्स्ट संदेशों को किसी अन्य डिवाइस पर रीडायरेक्ट कर सकता है और पीड़ितों के फोन से डेटा चुरा सकता है।

### पीएनबी बना रहा निवेशकों को सशक्त

## पीएनबी दे रहा डिजिटल एकीकृत डीमैट एवं ट्रेडिंग खाता खोलने की सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) अब डिजिटल एकीकृत डीमैट एवं ट्रेडिंग खाता खोलने की सुविधा प्रदान कर रहा है। यह सुविधा ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त केवाईसी दस्तावेज की आवश्यकता के एक साथ पीएनबी वन मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एक साथ डीमैट और ट्रेडिंग दोनो खाते खोलने में सक्षम बनाता है।

यह डिजिटल सुविधा पीएनबी की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है जो ग्राहकों को डीमैट एवं ट्रेडिंग खाता खोलने की आसान सुविधा प्रदान करती है। ट्रेडिंग चैनल पार्टनर्स के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से पीएनबी ने




एक एकीकृत मंच बनाया है जो डीमैट व ट्रेडिंग खाता खोलने में आने वाली पारंपरिक बाधाओं को दूर करता है। पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक, बिनय कुमार गुप्ता ने बैंक के ट्रेडिंग भागीदारों, आदित्य बिड़ला मनी लिमिटेड और एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड के सहयोग से हमारी एकीकृत डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलने की सुविधा का उद्देश्य निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाना है।

## खबर संक्षेप

### कॉनप्लेक्स का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** कॉनप्लेक्स सिनेमाज़ लिमिटेड अपना आईपीओ 7 अगस्त 2025 को लांच करने जा रही है, जिसके तहत ऊपरी मूल्य बैंड पर 90.27 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य है। इस आईपीओ के तहत 51,00,000 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू किया जाएगा। इश्यू का आकार 51,00,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए प्रति शेयर है और मूल्य दायरा 168 से 177रुपए प्रति शेयर के बीच निर्धारित किया गया है। इश्यू 11 अगस्त को बंद होगा।

### प्रावेग को मिला 3.99 करोड़ का इवेंट कॉन्ट्रैक्ट

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने घोषणा की है कि पोरबंदर वन प्रभाग के उप वन संरक्षक से 10 अगस्त 2025 को तिमडी, द्वारका जिला, गुजरात में आयोजित होने वाले हाई-प्रोफाइल वर्ल्ड लायन डे 2025 समारोह के प्रबंधन के लिए पुरस्कार पत्र प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध का मूल्य लगभग 3.99 करोड़ रु. है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा लगभग 8,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### क्रिस्टल के ब्रांड बविस्टिन ने पूरे किए 50 साल

**नई दिल्ली।** रसायन कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने अपने प्रमुख फफूंद नाशक ब्रांड बविस्टिन के 50 वर्षों के गौरवपूर्ण सफर की घोषणा की है। 1975 में लांच हुआ बविस्टिन आज देश का एक सबसे विश्वसनीय और दीर्घकालिक प्रभावी सिस्टमिक फफूंद नाशक बन चुका है। इसकी बहुआयामी रोकथाम और इलाज क्षमता ने फसल के हर चरण में बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की है, जिससे यह भारतीय किसान का अभिन्न साथी बन गया है।

### ट्रंप का कथन एकदम मूर्खतापूर्ण और हास्यास्पद : सीबीओए महासचिव

## केनरा बैंक अधिकारी संगठन ने किया ट्रंप द्वारा भारत को डेड इकोनॉमी कहने का कड़ा विरोध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



केनरा बैंक अधिकारी संगठन (सीबीओए) महासचिव के.रवि कुमार ने ट्रंप के डेड इकोनॉमी रिमार्क को लेकर कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहाकि ट्रंप का वक्तव्य एकदम, मूर्खतापूर्ण और हास्यास्पद है।

जबकि भारत की अर्थव्यवस्था एक जीवंत अर्थव्यवस्था है, ट्रंप इसको मृत बता रहे है। राष्ट्रीयकृत बैंक का हर कर्मचारी अधिकारी जब कोई हस्ताक्षर देखता है तो वह उसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की आत्मा की जीवंतता, दृढ़निश्चितता और उभार देखता है।

### *पीएसबी की शाखा किसी बड़े हेज फंड से ज्यादा मूल्यवान*

*ट्रंप किसी अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन स्टॉक मार्केट हाई या अरबपतियों की संख्या से करते होंगे, लेकिन भारत मे यह पैमाने अलग है। हमारे यहां दूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित पीएसबी की शाखा किसी बड़े हेज फंड से ज्यादा मूल्यवान है। भारत अपनी अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन इस बात से लगाता है कि हमने कितनी हाशिए पर स्थित लोगों को उपर उठाया है ना कि कितने अरबपतियों को बनाया है। यूएसए और भारत एक दूसरे से बहुत कुछ सिख सकते है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि उपहास को सम्मान से बदला जाए। भारत का उपहास उड़ाकर भारत से सम्मान और प्रगतिशील संबंधों की उम्मीद और कैसे करते है। भारत बदले की लड़ाई में विश्वास नहीं करता है। हम शांति, स्थायित्व और वैश्विक विकास में विश्वास करते है। ट्रंप को जो डेड अर्थव्यवस्था दिखाई देती है वह दुनिया को उभरती हुई अर्थव्यवस्था दिखती है।*

### जीडीपी के साथ विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

महासचिव के.रवि कुमार ने कहाकि भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। विश्व की विभिन्न संस्थाओं से अगले दो वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 फीसदी से 6.7 फीसदी तक प्रोजेक्ट कर रही है। अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में हम तमाम ग्लोबल और क्षेत्रीय देशों को पीछे छोड़ते है। आज हम सबसे मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम है और 4.19 ट्रिलियन डॉलर के जीडीपी के साथ विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारी फिनटेक, फार्मा और आईटी की एक मजबूत वैश्विक पहचान है। हम 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न के घर है जिन्होंने हाल ही में 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा का बिजिनेस पार किया है।

### नित्य नए कीर्तिमान स्थापित

उन्होंने कहाकि भारत की क्षमता को केवल जीडीपी से नहीं नापा जा सकता है। भारत के किसान वैश्विक पर्यावरणीय प्रभाव से लड़ते हुए कृषि क्षेत्र में नित्य नए कीर्तिमान स्थापित करते है। हमारे वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में झंडे गाड़े हुए है। चाहे वह मंगल मिशन हो, एआई के क्षेत्र में हो। हमारे डिजिटल पेनिट्रेशन हो, चाहे बढ़ती हुई पर कैपिटा आय हो। पिछले एक दशक में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए है। हमारा मध्यम वर्ग का बढ़ता कंजंप्शन हो। हर क्षेत्र में निरंतर वृद्धि है। ना जाने ट्रंप के अर्थव्यवस्था को देखने के कौन से पैमाने है।

वर्ष 2023-24 में भारत ने अमेरिका को लगभग 2.34 लाख टन चावल निर्यात किया था

## आईआरईएफ की दो टूक, ट्रंप के टैरिफ का नहीं होगा चावल कारोबार पर असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चावल निर्यातकों को बड़ी राहत देते हुए ईरान ने चार महीने पुराना चावल आयात प्रतिबंध हटा लिया है। इस फैसले से भारत के चावल निर्यात को मजबूती मिलेगी और अमेरिकी टैरिफ के असर को भी कम किया जा सकेगा।

भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के अध्यक्ष प्रेहल गर्ग ने बतायाकि यह फैसला बहुत अहम है क्योंकि ईरान भारतीय चावल का एक प्रमुख खरीदार है, जहां हर साल 10 लाख टन से ज्यादा चावल भारत से जाता है। प्रतिबंध हटने से हमारे निर्यात को बड़ा



संबल मिलेगा। अमेरिका द्वारा भारतीय चावल सहित अन्य वस्तुओं पर लगाए गए 25 फीसदी टैक्स को लेकर आईआरईएफ ने कहा कि यह अस्थायी चुनौती है और इससे चावल सेक्टर को कोई बड़ा नुकसान नहीं होगा। वर्ष 2023-24 में भारत ने अमेरिका को लगभग 2.34 लाख टन चावल निर्यात किया था। आईआरईएफ भारत के 7,500 से अधिक चावल उत्पादकों, निर्यातकों और मिलर्स का प्रतिनिधित्व करता है। आईआरईएफ अध्यक्ष ने कहा कि इससे भारत को अपने व्यापारिक विकल्पों का विस्तार करने और नए बाजारों में विविधता लाने में मदद मिलेगी। गर्ग ने बताया कि इससे भारत के लिए व्यापार के नए रास्ते खुलेंगे, और देश अपने निर्यात को अधिक विविध बाजारों में फैला सकेगा। उन्होंने कहाकिभारत अभी वैश्विक चावल व्यापार का 45 फीसदी हिस्सा रखता है, और यदि सही नीति और सहयोग मिले तो हम इस हिस्से को बढ़ाकर 55 फीसदी तक ले जा सकते हैं।

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में व्यापक बीमा समाधान की पहुंच बढ़ाना है, ताकि सरकार के '2047 तक सभी के लिए बीमा' मिशन के तहत वित्तीय सुरक्षा को भारत के अविकसित और उभरते बाजारों तक पहुँचाया जा सके। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के हैड ऑफ बैंक इंश्योरेंस एंड क्रॉस-सेल्स दिलीप के. विद्यार्थी और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के रीजनल डायरेक्टर मुंबई मेट्रो, अश्विनी कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ के ईवीपी और चीफ ऑफ इंस्टीट्यूशनल एलायंसेज गिरीश थैम्पी समेत दोनों संस्थानों के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस साझेदारी के तहत एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले अपने 2,505 से अधिक बैंकिंग टचप्वाइंट्स के नेटवर्क के माध्यम से एसबीआई लाइफ के संपूर्ण जीवन बीमा उत्पाद पोर्टफोलियो, प्रोटेक्शन, सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट्स, चाइल्ड, मनी बैक, रिटायरमेंट आदि का वितरण करेगा।

## बुजुर्गों को धोखाधड़ी से बचाने टू-कॉलर ने की ख़्याल से साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बुजुर्ग धीरे-धीरे डिजिटल युग के तौर-तरीकों को अपना रहे हैं और इसी वजह से वे पहले से कहीं ज्यादा जोखिम में हैं। साइबर अपराध का शिकार बनने वाले ज्यादातर लोग 50 साल से अधिक उम्र के हैं। ऐसे में टू-कॉलर ने लगातार बढ़ रही इस चुनौती को दूर करने के लिए भारत में बुजुर्गों के लिए नंबर वन एप, ख़्याल के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जो देश में बुजुर्गों को सक्षम बनाने और उनकी भलाई के लिए इरादे पर अटल है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### प्राइमइन्फोबेस.कॉम की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

# प्रवर्तकों की हिस्सेदारी आठ साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी अप्रैल-जून तिमाही में गिरकर आठ वर्षों के निचले स्तर 40.58 प्रतिशत पर आ गई। इस दौरान प्रवर्तकों ने 54,732 करोड़ रुपए मूल्य की हिस्सेदारी बेची। प्राइम डेटाबेस ग्रुप की पहल प्राइमइन्फोबेस.कॉम की तरफ से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, जून तिमाही के अंत में सूचीबद्ध निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी 40.58 प्रतिशत थी जो मार्च तिमाही के 40.81 प्रतिशत से कम है। इससे पहले इतनी कम प्रवर्तक हिस्सेदारी सितंबर, 2017 में 40.19 प्रतिशत रही थी। पिछले तीन वर्षों में इस हिस्सेदारी में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है।

### मार्च 2022 से अब तक हिस्सेदारी में 4.55 फीसदी गिरावट

मार्च 2022 में 45.13 प्रतिशत पर रही प्रवर्तक हिस्सेदारी में अब तक 4.55 प्रतिशत की कुल गिरावट आ चुकी है। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा कि प्रवर्तकों की हिस्सेदारी बिक्री के कई कारण हो सकते हैं। बाजार की तेजी का लाभ उठाना, कर्ज चुकाने की रणनीति, पारिवारिक उत्तराधिकार की योजना, परोपकारी उद्देश्य, अन्य क्षेत्रों में निवेश, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानकों को पूरा करना और व्यक्तिगत खर्चों को इसकी वजह बताया गया है।

### अप्रैल-जून तिमाही में गिरकर 40.58 प्रतिशत पर आई



*आईपीओ में प्रवर्तकों की कम हिस्सेदारी आ रही : हल्दिया ने कहा कि हाल में आए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) कंपनियों में अपेक्षाकृत कम प्रवर्तक हिस्सेदारी और बाजार का संस्थागत स्वरूप भी इस गिरावट के कारणों में शामिल हैं। मार्च, 2025 तिमाही में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 40.81 प्रतिशत थी।*

### पर्याप्त हिस्सेदारी से कोई बड़ा बदलाव नहीं होता

हल्दिया का मानना है कि जब तक प्रवर्तकों के पास अब भी पर्याप्त हिस्सेदारी बनी रहती है, बिक्री भारी छूट पर नहीं होती और कंपनी के बुनियादी कारकों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक चिंता की जरूरत नहीं है। यह विश्लेषण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की सूची में शामिल 2,131 कंपनियों में से 2,086 द्वारा दाखिल आंकड़ों पर आधारित है।

### एलआईसी की हिस्सेदारी 284 कंपनियों में घटकर 3.68 फीसदी

देश के सबसे बड़े संस्थागत निवेशक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की हिस्सेदारी 284 कंपनियों में घटकर औसतन 3.68 प्रतिशत रह गई, जो मार्च में 3.72 प्रतिशत थी। हालांकि इस दौरान एलआईसी ने 9,914 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

### सरकार की हिस्सेदारी मामूली रूप से बढ़ी

इस दौरान सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तक के तौर पर सरकार की हिस्सेदारी 9.27 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 9.39 प्रतिशत हो गई। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 17.82 प्रतिशत हो गई, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। दूसरी ओर, विदेशी संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी 13 वर्षों के निचले स्तर 17.04 प्रतिशत पर आ गई, जबकि उन्होंने 38,674 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** - धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** - मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** - आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** - कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** - संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** - आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** - माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** - आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** - आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5950



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली- 5949 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | स | म | झ | | | क | पा | स | |
| कु | ल | | झ | | क | रा | ह | | म | न |
| ल | | | धा | र | ण | | र | | | क |
| प | रि | चा | र | क | | पा | | अ | न | ल |
| ति | | ह | | म | नो | नी | त | | सी | |
| | जा | त | | | | | | त | ब | |
| | मु | | फि | त | र | त | | ना | | ना |
| म | न | का | | न | | प | र | व | रि | श |
| लि | | | न | | पू | न | म | | | वा |
| का | बु | | ख | ब | री | | णी | | खा | न |
| | आ | स | रा | | | जा | य | दा | द | |

## सूडोकु बवाल- 5960

मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल- 5959 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style



# वामिका
## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागड्डा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।




### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म
## 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

***नई दिल्ली।*** *नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।



**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

# वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले विकेटकीपर में धोनी टॉप पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वनडे क्रिकेट में विकेटकीपर बल्लेबाजों की भूमिका अब सिर्फ दस्तानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने बल्ले से भी कई बार इतिहास रचा है। जब कोई विकेटकीपर बल्लेबाज बड़ी पारी खेलता है तो वह न केवल मैच की दिशा बदलता है बल्कि कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम करता है। आइए उन विकेटकीपर बल्लेबाजों के आंकड़ों के बारे में जानते हैं जिन्होंने वनडे इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेली है।



## भारतीय खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी

(183* रन बनाम श्रीलंका)

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ 183* रनों की पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने सिर्फ 145 गेंदों का सामना किया था। उनके बल्ले से 15 चौके और 10 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 126.20 की रही थी। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में भारत ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था।



## दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक

(178 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया)

दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक हैं। उन्होंने साल 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 178 रन की पारी खेली थी। डिकॉक ने सिर्फ 113 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 16 चौके और 11 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 157.52 की रही थी। कंगारू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 294/9 का स्कोर बनाया था। दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## बांग्लादेश के लिटन दास

(176 रन बनाम जिम्बाब्वे)

तीसरे स्थान पर बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास हैं। उन्होंने साल 2020 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ 143 गेंदों का सामना करते हुए 176 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 16 चौके और 8 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट 123.07 की रही थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 322/3 का स्कोर बना दिया था। बांग्लादेश की टीम ने उस मैच में 123 रनों से अपने नाम किया था।

**क्विंटन डिकॉक (174 रन बनाम बांग्लादेश)**

इस सूची में चौथे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ही हैं। उन्होंने साल 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में 174 रन की पारी खेली थी। उन्होंने 140 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 15 चौके और 7 छक्के निकले थे। उनकी स्ट्राइक रेट




124.28 की रही थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 382/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में बांग्लादेश 233 रन ही बना पाई थी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप कल से ग्रेटर नोएडा में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को कहा कि ग्रेटर नोएडा में सात से 13 अगस्त तक होने वाली सब-जूनियर (अंडर-15) राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 लड़के और 300 लड़कियों सहित 700 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन 15 भार वर्ग में किया जाएगा। हरियाणा लड़कियों के वर्ग में जबकि चंडीगढ़ लड़कों के वर्ग में गत विजेता है। तकनीकी नियमों के तहत होगी स्पर्धा राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप से पहले इस साल के शुरू में पुरुष, महिला और जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 1.5 मिनट के तीन राउंड होंगे तथा राउंड के बीच में एक मिनट का विश्राम होगा। प्रतियोगिता में 10 अंकों की स्कोरिंग प्रणाली अपनाई जाएगी।



### मप्र, हरियाणा , झारखंड व ओडिशा जूनियर महिला चैम्पियनशिप में जीते

**काकीनाडा।** हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी हरियाणा, हॉकी झारखंड और ओडिशा हॉकी संघ ने यहां जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने पूल मैच जीते। पहले डिविजन ए मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी चंडीगढ को 5-0 से हराया। कृष्णा शर्मा ने दो जबकि काजल, आयुषी पटेल और अन्नु ने एक एक गोल किया। अगले मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 7-1 से मात दी।हॉकी झारखंड ने हॉकी कर्नाटक को 2-0 से मात दी। ओडिशा हॉकी संघ ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 3-1 से हराया। डिविजन बी में उत्तराखंड ने पुडुच्चेरी को 11-0 से मात दी जबकि तमिलनाडु और दिल्ली ने 3-3 से ड्रॉ खेला।




### भारतीय सेना एफटी ने त्रिभुवन सेना एफसी को हराया

**जमशेदपुर।** पी क्रिस्टोफर कामेइ के पहले हाफ में किये एकमात्र गोल की मदद से भारतीय सेना एफटी ने दस खिलाड़ियों तक सिमटी त्रिभुवन सेना एफसी को डूरंड कप फुटबॉल ग्रुप सी के मैच में 1-0 से हरा दिया। नेपाल की त्रिभुवन सेना एफसी के तीन मैचों में एक ही अंक रहा जबकि भारतीय सेना के दो मैचों में तीन अंक हैं। भारतीय सेना के लिये क्रिस्टोफर ने 21वें मिनट में गोल दागा।

### सब-जूनियर राष्ट्रीय तैराकी में कर्नाटक चैंपियन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक 41वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां 104 अंक के साथ चैंपियन बना। मणिपुर 81 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। राज्य के तैराक कोइजाम अथोइबा सिंह को 28 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष तैराक चुना गया। गोव की पूर्वी रितेश नाईक 19 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला तैराक रहीं। अथोइबा ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 58.59 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि लड़कियों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल में पूर्वी ने एक मिनट 4.40 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।



नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट

# शीर्ष वरीयता खिलाड़ी ज्वेरेव गत विजेता पोपिरिन को हराकर सेमीफाइनल में

एजेंसी ▸▸ टोरंटो

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफ़ाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें ख़िताब की तलाश में हैं।



## कनाडा की मबोको सेमीफाइनल में, अब मुकाबला रयबाकिना से

**मॉन्ट्रियल।** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की।



### 6 साल बाद मबोका सेमीफाइनल में पहुंचीं

मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं।

### मुकाबला अब कजाकिस्तानी से

मबोको का सामना अब एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की खिलाड़ी ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त रयबाकिना 6-1, 2-1 से आगे चल रही थी।

एक टेस्ट सीरीज में

# जडेजा, विराट सहित इन बल्लेबाजों ने इंग्लैंड में बनाए सर्वाधिक 50+ रन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम से 3 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए, जिसमें रविंद्र जडेजा भी शामिल रहे। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ बल्लेबाजी में निरंतरता से रन बनाए। इस अनुभवी ऑलराउंडर ने पहली बार किसी टेस्ट सीरीज में 500 रन का आंकड़ा पार किया। इस बीच इंग्लैंड में खेलते हुए एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक 50+ रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

## रविंद्र जडेजा (6 स्कोर, 2025)

जडेजा ने सभी 5 टेस्ट में हिस्सा लिया, जिसकी 10 पारियों में 86 की शानदार औसत से 516 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 5 अर्धशतक और 1 शतक लगाया। वह इस सीरीज में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज रहे। इसके साथ-साथ वह किसी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में छठे या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

## सुनील गावस्कर (5 स्कोर, 1979)

पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के दौरे पर जोरदार प्रदर्शन किया था। पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 77.42 की औसत के साथ 542 रन बनाए थे। उन्होंने एक दोहरा शतक (221) लगाने के साथ-साथ 4 अर्धशतक लगाए थे। उन्होंने उस इंग्लैंड दौरे पर 55 चौके लगाए। हालांकि, वह कोई छक्का नहीं लगा सके थे। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 400 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका था।

## विराट कोहली (5 स्कोर, 2018)

इंग्लैंड ने 2018 में अपने घर पर खेलते हुए भारत को 4-1 से हराया था। भले ही उस सीरीज में भारतीय टीम को शिकस्त मिली थी, लेकिन विराट कोहली ने बल्लेबाजी में अलग स्तर का खेल दिखाया था। उन्होंने 10 पारियों में 59.30 की औसत के साथ 593 रन बनाए थे। कोहली ने 149 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ उस सीरीज में 3 अर्धशतक और 2 शतक लगाए थे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

# एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वालों में मुथैया नंबर वन पर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट चटकाना किसी भी गेंदबाज के लिए उत्कृष्ट फॉर्म, फिटनेस और निरंतरता का प्रतीक होता है। जब एक गेंदबाज पूरे साल सभी प्रारूप में विपक्षी बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन जाता है तब वह आंकड़ों में भी अपना दबदबा दर्ज करता है। ऐसे में आइए जानते हैं उन घातक गेंदबाजों के बारे में जिन्होंने एक साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट चटकाकर क्रिकेट इतिहास में अपनी अलग पहचान बनाई।

## मुथैया मुरलीधरन

**(136 विकेट, 2001)**

इस सूची में पहले स्थान पर श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन हैं। उन्होंने साल 2001 में 45 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और इस दौरान उन्होंने 1089.5 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्होंने 245 मेडन ओवर के साथ 19.98 की औसत से उस साल 136 विकेट चटकाए थे।

**(128 विकेट, 2006)**

दूसरे स्थान पर भी मुरलीधरन ही हैं। उन्होंने साल 2006 में 40 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और 854.2 ओवर में 147 मेडन ओवर थे। वह 128 विकेट लेने में सफल रहे थे।

## शेन वॉर्न (120 विकेट, 1994)

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व महान गेंदबाज शेन वॉर्न इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 1994 में 39 मुकाबले खेले थे और इस दौरान 902.2 ओवर गेंदबाजी की थी। वॉर्न ने 230 मेडन ओवर के साथ 120 विकेट चटकाए थे। उनकी इकॉनमी रेट 3.14 की रही थी। उन्होंने 9 बार 5 विकेट हॉल और 5 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8/71 का रहा था।

## ग्लेन मैक्ग्रा (119 विकेट, 1999)

कंगारू टीम के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 1999 में 41 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे और इस दौरान मैक्ग्रा ने 802.2 ओवर गेंदबाजी की थी। 187 मेडन ओवर के साथ उन्होंने 20.23 की औसत से 119 विकेट लिए थे। इस खिलाड़ी ने 6 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए थे और 1 बार दोनों पारियों को मिलाकर 10 विकेट लिया था।

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स

# अर्जुन एरिगेसी को गुजराती और गिरि से मिलेगी कड़ी चुनौती

**चेन्नई।** भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को सोमवार 11 अगस्त से शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में नीदरलैंड के अनीश गिरि और अपने हमवतन विदित गुजराती से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस टूर्नामेंट में विजेता को एक करोड़ रूपये मिलेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में नौ से अधिक दौर खेले जायेंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौर ही खेले जाते थे।



## ये अन्य खिलाड़ी भी लेंगे भाग

इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह पाने के लिये अहम होंगे। टूर्नामेंट में निहाल सरीन और जर्मनी के विंसेंट केमर जैसे खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। चैलेंजर्स वर्ग में डी हरिका , आर वैशाली, हर्षवर्धन जीबी , अभिमन्यु पुराणिक , ग्रैंडमास्टर अधिबान भास्करन भी हिस्सा लेंगे।

# वेस्टइंडीज-पाक के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 8 से, रिजवान संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी ▸▸ त्रिनिदाद

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई टी-20 सीरीज को 2-1 से जीतने में सफलता हासिल की थी। टी-20 सीरीज में पाकिस्तान ने पहला और तीसरा मैच जीता, जबकि दूसरा मुकाबला मेजबान टीम ने जीता था। अब दोनों देशों के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 8 अगस्त से हो जाएगी। अभी वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान नहीं हुआ है। इस सीरीज के लिए दोनों टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।

## रिजवान करेंगे पाकिस्तान की कप्तानी

मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान की वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। हसन नवाज वनडे टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इनके अलावा बाबर आजम और शाहीन अफरीदी भी वनडे टीम में खेलते दिखेंगे। ये खिलाड़ी टी-20 सीरीज में नहीं खेले थे।

## ऐसा है वनडे सीरीज का शेड्यूल

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 8 अगस्त को होने वाले पहले मुकाबले से हो जाएगी। इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला 10 अगस्त को और तीसरा मुकाबला 12 अगस्त को खेला जाएगा। ये तीनों वनडे मैच त्रिनिडाड के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारतीय समयानुसार पहला वनडे रात 11:30 बजे से और आखिरी 2 वनडे मैच शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।अभी वेस्टइंडीज की टीम का ऐलान नहीं हुआ है।

**वेस्टइंडीज का पलड़ा रहा है भारी**

अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में वेस्टइंडीज ने ज्यादा मैच जीते हैं। अब तक दोनों टीमें वनडे प्रारूप में कुल 137 मैच में आपस में भिड़ी थी, जिसमें से वेस्टइंडीज ने 71 मैच जीते थे, जबकि पाकिस्तान ने 63 मुकाबले अपने नाम किए थे। इस बीच 3 मैच टाई भी रहे थे।

एएफसी अंडर-17 एशिया कप फुटबॉल क्वालीफायर

# एशियाई कप 2026 के क्वालीफायर की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत 22 से 30 नवंबर तब होने वाले एएफसी अंडर-17 एशिया कप फुटबॉल क्वालीफायर की मेजबानी करने वाले सात मेजबानों में शामिल है। अहमदाबाद के 'द एरेना' में सभी मैचों का आयोजन किया जाएगा। क्वालीफायर के ड्रॉ सात अगस्त को होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, ''एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर के मेजबान देशों में शामिल होना भारत के लिए बेहद गर्व की बात है और अहमदाबाद में आयोजन को लेकर मैं काफी खुश हूं।

## टीमों को 6 पॉट में किया गया है विभाजित

चौबे ने बताया कि 6 क्वालीफायर में भाग लेने वाली 38 टीम को वरीयता और पॉट आवंटन सिद्धांत के आधार पर छह पॉट में विभाजित किया गया है जो पिछले तीन टूर्नामेंट (2025, 2023 और 2018) में टीम के प्रदर्शन के आधार पर है। भारत पॉट दो में है। ड्रॉ के उद्देश्य से उसे एक अतिरिक्त मेजबान पॉट में रखा जाएगा जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी मेजबान अलग-अलग समूहों में हों। चीन, वियतनाम, थाईलैंड, म्यांमार, किर्गिस्तान और जोर्डन अन्य छह मेजबान हैं जिन्हें भारत के समूह में नहीं रखा जा सकता।

## 38 देशों की टीमें ले रहीं भाग

क्वालीफायर में हिस्सा ले रहे 38 देशों को सात ग्रुप (छह टीम के तीन ग्रुप, पांच टीम के चार ग्रुप) में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप का विजेता एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 के लिए क्वालीफाई करेगा। फीफा अंडर-17 विश्व कप कतर 2025 में खेलने वाली नौ टीम पहले ही सऊदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश कर चुकी हैं।

## 2026 क्वालीफायर ड्रॉ के लिए पॉट

**पॉट 1 :** ऑस्ट्रेलिया, यमन, ईरान, ओमान, थाईलैंड।
**पॉट 2:** अफगानिस्तान, मलेशिया, इराक, बांग्लादेश, लाओस, कुवैत।
**पॉट 3:** सिंगापुर, बहरीन, फिलिपींस, तुर्कमेनिस्तान, फलस्तीन।
**पॉट 4:** सीरिया, मंगोलिया, कंबोडिया, हांगकांग, चीनी ताइपे, ब्रुनेई दारुस्सलाम।
**पॉट 5:** नेपाल, उत्तरी मारियाना द्वीप, गुआम, मालदीव, तिमोर-लेस्ते, लेबनान।
**पॉट 6 :** मकाऊ, श्रीलंका, पाकिस्तान।
मेजबान पॉटः चीन, वियतनाम, थाईलैंड, भारत, म्यांमार, किर्गिस्तान और जोर्डन।

### वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश की खुलेआम अवहेलना

# पोस्टिंग नरसिंहपुर में अधिकांश समय जबलपुर से चल रही ड्यूटी!

**विभागीय नियमों को दरकिनार कर रहे डीई विवेक जसेले, एमपीईबी मुख्यालय में बढ़ रहा असंतोष**

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) के नरसिंहपुर संभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता (डीई) विवेक जसेले की कार्यशैली इन दिनों विभागीय चर्चाओं में है। पोस्टिंग नरसिंहपुर में होने के बावजूद जसेले जबलपुर में ही बैठकर कार्य कर रहे हैं, जिससे विभाग में असंतोष की लहर दौड़ गई है। सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे नरसिंहपुर मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहें, लेकिन डीई विवेक जसेले आदेशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए जबलपुर से ही समस्त कार्यों का संचालन कर रहे हैं।



हैरानी की बात यह है कि इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को होते हुए भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे सवाल खड़े हो रहे हैं कि कहीं उन्हें भीतरखाने कोई 'संरक्षण' तो प्राप्त नहीं?

### कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

विभागीय कर्मचारियों का आरोप है कि डीई जसेले नियमों को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सुविधा के अनुसार स्थान और समय तय करते हैं। इसके चलते न केवल कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि फील्ड में तैनात अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी हतोत्साहित हो रहे हैं।

### नियम तोड़े, कार्रवाई नहीं

एमपीपीईबी के नियमों के मुताबिक किसी भी अधिकारी को बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके डीई विवेक जसेले का जबलपुर में डटे रहना और वहीं से सभी फाइलों और निरीक्षण कार्यों का संचालन करना सीधे तौर पर विभागीय निर्देशों की अवहेलना है।

### सवालों के घेरे में विभागीय चुप्पी

सूत्र बताते हैं कि कई बार इस विषय की शिकायत मौखिक रूप से वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जा चुकी है, लेकिन हर बार मामले को नजरअंदाज कर दिया गया। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं विभागीय मिलीभगत के चलते जसेले को खुली छूट तो नहीं मिल रही?

### विधिवत कार्रवाई की जाएगी

कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकता है। अभी आपसे जानकारी मिली हैं इसकी जांच कराई जाएगी अगर ऐसा हो रहा है तो विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**-अमित चौहान**, अधीक्षण यंत्री नरसिंहपुर

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की सारनी यूनिट ने बनाया रिकार्ड



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी (एसटीपीएस) की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने अभियंताओं व तकनीकी कर्मियों के असाधारण समर्पण व कड़ी मेहनत की बदौलत 150 दिन तक सतत और निर्बाध विद्युत उत्पादन करने में सफलता हासिल की है। यह यूनिट इस वर्ष 5 मार्च से अभी तक लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। पिछले डेढ़ सौ दिनों में पावर जनरेटिंग कंपनी के अभियंताओं व तकनीकी कर्मियों ने टीम भावना और पेशेवर ढंग से कार्य करते हुए यूनिट नंबर 10 को श्रेष्ठतम शिखर तक पहुंचाया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने सारनी की यूनिट नंबर 10 के अभियंताओं व तकनीकी कर्मियों को इस गौरवशाली उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी।

तो मिलता यूनिट को 320 दिन लगातार उत्पादन करने का तमगा-गौरतलब है कि इस यूनिट ने इससे पूर्व 3 मार्च तक 170 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन कर रही थी लेकिन 4 मार्च को एक छोटी सी तकनीकी गड़बड़ी के कारण इस यूनिट से एक दिन का विद्युत उत्पादन प्रभावित हो गया। यदि 4 मार्च को आए व्यवधान से इस यूनिट से विद्युत उत्पादन प्रभावित नहीं होता तो आज यह यूनिट 320 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का तमगा प्राप्त करती। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 की कमीशनिंग 18 अगस्त 2013 को हुई थी। पिछले बारह वर्षों में इस यूनिट ने विद्युत उत्पादन और ऑपरेशन के नए कीर्तिमान रचे। यूनिट नंबर 10 ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 305 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था, जिसे गत दिवस अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने पिछले दिनों तोड़ा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस यूनिट ने क्रमशः 170 व 235 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया था।

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

# बिना हेलमेट अब नहीं मिलेगा पेट्रोल

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने धारा 163(1) के तहत एक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने से प्रतिबंधित लगा दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि हाल ही में भोपाल और इंदौर में यह आदेश जारी किया गया था उसके बाद जबलपुर में भी इसकी मांग उठ रही थी। मंगलवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आदेश जारी करते हुए पेट्रोल पंप संचालकों निर्देश दिया है कि आज से बिना हेलमेट पहने पंप पेट्रोल लेने आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए।

कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा है कि विगत वर्षों में जबलपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में हो रही निरन्तर वृद्धि तथा इनमें होने वाली क्षति के संदर्भ में यह तथ्य ध्यान में लाया गया



कि दो पहिया वाहनों के वाहन चालक द्वारा यदि हेलमेट लगाया जाये तो निश्चित ही इन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी लाई जा सकती है।

वाहन चालकों द्वारा यदि हेलमेट लगाया जाता है तो इससे निश्चित रुप से इन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में कमी आ सकती है। इस संबंध में समय-समय पर केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा भी निर्देश दिये गये है। साथ ही मप्र मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-129 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक दो पहिया वाहन सवारी तथा वाहन चालक अनिवार्य रुप से आई.एस.आई. मार्क हेलमेट पहनेंगा।

बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना एवं असामयिक मृत्यु होने का खतरा बना रहता है। ऐसी परिस्थिति में यह अत्यन्त आवश्यक हो गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाकर मानव जीवन की सुरक्षा हेतु खतरे को कम किया जा सके। लिहाजा जबलपुर जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत बिना हेलमेट धारण किये चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों की रोकथाम एवं इस पर नियंत्रण अत्यन्त आवश्यक होने से भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा-163 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

इस आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित पेट्रोल पम्प संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### सतना, मैहर, कटनी व जबलपुर स्टेशनों पर ठहराव

# रीवा से पुणे के बीच नई ट्रेन की नियमित सेवाएं आज से

हरिभूमि जबलपुर।

रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 2015, 2 / 2015,1 रीवा पुणे रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट ,क्सप्रेस के मध्य नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस नई ट्रेन का नियमित संचालन प्रत्येक बुधवार को 03 अगस्त 2025 से रीवा स्टेशन और प्रत्येक गुरुवार को 07 अगस्त 2025 से पुणे स्टेशन से प्रारम्भ होगी। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी ,वं जबलपुर स्टेशनों से होकर गंतब्य को जायेगी।

गाड़ी संख्या 2015, 2 रीवा. (पुणे सप्ताहिक) सुपरफास्ट ,क्सप्रेस ट्रेन दिनांक 06 अगस्त 2025 से प्रत्येक बुधवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से सुबह 06:45 बजे रवाना होकर, सतना 07:35 बजे, मैहर 08:03 बजे, कटनी 08:50 बजे, जबलपुर 10:10 बजे, नैनपुर दोपहर 12:43 बजे, बालाघाट 14:08 बजे, गोंदिया 15:50 बजे, नागपुर सायं 18:20



बजे, वर्धा 19:42 बजे, बडनेरा 21:37 बजे, अकोला रात 22:37 बजे पहुँचकर अगले दिन भुसावल मध्य रात्रि 00:40 बजे, जलगांव 01:10 बजे, मनमाड 03:15 बजे, कोपरगाँव 04:27 बजे, अहमदनगर 06:37 बजे, दौड़ कॉर्ड लाइन 08:08 बजे, पहुँचकर और सुबह 09:45 बजे हडपसर (पुणे) पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 2015,1 हडपसर (पुणेद्ध) .रीवा सप्ताहिक सुपरफास्ट ,क्सप्रेस ट्रेन दिनांक 07 अगस्त 2025 से प्रत्येक गुरुवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन हडपसर ; (पुणे) से दोपहर 15:15 बजे रवाना होकर, दौड़ कॉर्ड लाइन 13:13 बजे, अहमदनगर सायं 17:17 बजे, कोपरगाँव 18:57 बजे, मनमाड रात 20:20 बजे, जलगांव 22:00 बजे, भुसावल 22:40 बजे, पहुँचकर अगले दिन अकोला मध्यरात्रि 00:45 बजे, बडनेरा 02:00 बजे, वर्धा 03:18 बजे, नागपुर 05:25 बजे, गोंदिया सुबह 07:50 बजे, बालाघाट 08:36 बजे, नैनपुर 10:20 बजे, जबलपुर दोपहर 13:10 बजे, कटनी 14:25 बजे, मैहर 15:13 बजे, सतना 15:50 बजे पहुँचकर और सायं 17:30 बजे रीवा पहुंचेगी।

### ठहराव

सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगाँव, अहमदनगर ,व दौड़ कॉर्ड लाइन।

### कोच संरचना

इस ट्रेन में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, वं 1, स, लआरडी, 1 जनरेटरकार के कोच सहित कुल 20 कोच होंगे।

### हाईकोर्ट ने संबधित विभागों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# असिस्टेंट ग्रेड-2 कर्मचारी के निलंबन आदेश पर रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने असिस्टेंट ग्रेड-2 कर्मचारी के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने ट्रायबल वेलफेयर विभाग के सचिव, कलेक्टर सीधी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीधी निवासी शिवेन्द्र सिंह की ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि ट्रायबल विभाग के स्थानांतरण के एक मामले में याचिकाकर्ता ने उच्च अधिकारी के समक्ष फाइल पेश की। आरोप लगाया गया कि कर्मचारी ने फाइल बढ़ाते समय अधिकारी को नियमों की जानकारी नहीं दी। इसलिए 20 जून 2025 को याचिकाकर्ता को निलंबित कर दिया गया। दलील दी गई कि स्थानांतरण करने का अधिकार असिस्टेंट कमिश्नर का होता है। अधिकारी ही नियम कानून पर विचार कर अंतिम निर्णय लेता है। क्लर्क का काम को तो केवल फाइल आगे बढ़ाना होता है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने निलंबन आदेश पर स्थगन दे दिया।



### हाईवे पर हुई लूट का खुलासा, छीनी गई बाइक और नगदी बरामद, दो अब भी फरार

# मारपीट कर लूट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

बरगी थाना क्षेत्र के एनएच-34 हाईवे पर हुई लूट की वारदात का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। घटना में शामिल चार लुटेरों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीनी गई मोटरसाइकिल, नगद 130 रुपये और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### घटना का विवरण

2 अगस्त की रात लगभग 11:30 बजे रामसिंह उर्फ भूरा पटेल अपनी दुकान बंद कर पेट्रोल भरवाने के लिए निकले थे। गट्टू ढाबा और चूरिया मोड़ के बीच हाईवे पर एक मोटरसाइकिल में सवार चार युवकों ने उन्हें रोका, गाली-गलौज करते हुए पैसे मांगे और मना करने पर बेसबॉल डंडे से पीटकर उनकी जेब से 5130 और रेडमी 5G मोबाइल लूट लिया। इसके साथ ही उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमवी 7616 भी छीन ली और जान से मारने की धमकी देकर आरोपी जबलपुर की ओर फरार हो गए।



### पुलिस की तत्परता से खुलासा

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एएसपी जोन 2 अंजना तिवारी एवं सीएसपी बरगी अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई।

### सीसीटीवी फुटेज बना आधार

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध मोटर साइकिल की पहचान हुई। मुखबिर की सूचना पर 4 अगस्त को धाधरा रोड से दो संदिग्ध युवकों 19 वर्षीय अमन पटेल, निवासी तिलवारा और 19 वर्षीय अरुण रजक निवासी परसवाड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया और छीनी गई बाइक, नकदी व वारदात में प्रयुक्त वाहन की जानकारी दी।

### अपराधी का आपराधिक इतिहास भी उजागर

गिरफ्तार आरोपी अरुण रजक के खिलाफ पहले से मारपीट और आर्म्स एक्ट के तीन प्रकरण दर्ज हैं, जो उसकी आपराधिक प्रवृत्ति को दर्शाते हैं।

### इनकी रही विशेष भूमिका

लुटेरों की गिरफ्तारी में टीआई बरगी जितेन्द्र पाटकर, टीआई तिलवारा बृजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक उदय प्रताप सिंह, चंद्रशेखर हरदाहा, सुधीर सिंह, राजेश मेहरा, जय कुमार चौहान और महेन्द्र पटेल की सराहनीय भूमिका रही। फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

### लूट में विफल होने पर चाकू मारकर भागे

**जबलपुर।** माढोताल थाना अतंर्गत कटंगी बायपास रोड पर मोटर सायकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार की सुबह एक युवक को लूटने का प्रयास किया और जब लूटने में असफल रहे तो उस पर जानलेवा हमला कर भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्तपाल में भर्ती कराया गया। माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामघाट पिपरिया निवासी 25 वर्षी संतोष मल्लाह पेशे से मजदूर है। वह मोटरसायकिल से मैहर दर्शन करने जा रहा था। सुबह 6.30 बजे कटंगी बायपास पर मोटरसायकिल सवार अज्ञात तीन लड़कों ने उसे रोका और तीनो उतरकर पास आकर कहने लगे तेरे पास जितना पैसा है, निकाल और बैंग व मोबाईल छीनने का प्रयास करने लगे, जब उसके प्रतिकार से लुटेरे सफल नहीं हुए तो, उसके पेट में चाकू मारकर भाग गए। घायल को 108 एंबुलेंस से मेडीकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 309(6), 126(२) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### एकतरफा प्यार में जबरन शादी का दबाव बना रहा था

# 15 साल की स्कूली छात्रा की सिरफिरे ने की हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

पाटन थाना अतंर्गत ग्राम सकरा में एक तरफा प्रेम करने वाले सिरफिरे युवक ने 15 वर्षीय स्कूली छात्रा की घर में सोते समय घात लगाकर हत्या कर दी। बताया गया है कि युवक लड़की से एकतरफा प्यार करता था और लड़की के परिजनों से उससे शादी का प्रस्ताव रखा था, लड़की की मम्मी ने शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसी बात पर आरोपी ने कहा कि मेरी से शादी नहीं हो सकती तो जिन्दा रहकर क्या करेगी और हत्या कर भाग गया। घटना देर रात 2.30 बजे की बताई गई है।

पाटन थाना प्रभारी गोविन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि ग्राम सकरा निवासी राकेश रैकवार यहां रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी से एकतरफा प्यार करता था। कुछ दिन पहले राकेश रैकवार ने



लड़की की मां से कहा कि उसकी लड़की से वह प्यार करता है और शादी करना चाहता है। लड़की की मां ने उसे समझाया कि अभी लड़की की उम्र कम है और हमारी तुम्हारी जाति अलग है शादी समाज में ही होगी। उसके बाद वह धमकी देकर गया कि शादी मुझसे ही होगी नहीं तो किसी और से नहीं होने दूंगा। इसके बाद वह रंजिश रखने लगा। उसके बाद आरोपी घर के सामने घात लगाकर बैठ गया। घर में सभी लोग सो रहे थे। कमरे का दरवाजा लटका हुआ था, कुंडी अंदर से खुली थी देर रात लगभग 2.30 बजे किशोरी के चीखने की आवाज पर बगल वाले कमरे में सो रही उसकी बहन की नींद खुली तो उसने देखा कि राकेश रैकवार अपने हाथ में कुल्हाड़ी लिये उसकी बहन के पास खड़ा था वह कुछ कह पाती, तभी राकेश ने यह कहते हुये कि मुझसे शादी नहीं होगी तो जिन्दा रहकर क्या करेगी और जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से २ बार हमलाकर बहन की हत्या कर दी और आरोपी भाग गया। पुलिस ने 19 साल की बड़ी बहन की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 103(1), 332(ए) बीएनएस तथा 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240